आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी 09:24 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 30 जून 2025
वर्ष 6, अंक 92, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान 14

जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह 12

## चार आईआईटी और तीन आईआईएम डिफॉल्टर

- एंटी-रैगिंग मानदंडों का पालन न करने पर यूजीसी सख्त

नई दिल्ली, एजेंसी

चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रैगिंग रोधी मानदंडों का पालन नहीं करने के कारण 'डिफॉल्टर' सूची में रखे गए हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों ने बताया कि देशभर के 89 संस्थानों को एंटी-रैगिंग मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन का शपथ पत्र जमा न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। डिफॉल्टर सूची में आईआईटी, आईआईएम, एम्स और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) सहित 17 संस्थान शामिल हैं। डिफॉल्टर आईआईटी में बंबई, खड़गपुर, पलक्कड़ और हैदराबाद हैं। आईआईएम में बंबई, रोहतक और तिरुचिरापल्ली सूची में हैं। डिफॉल्टर में एम्स रायबरेली, एनआईडी-दिल्ली, आंध्र प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि रैगिंग पर यूजीसी विनियमन, 2009 का पालन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनिवार्य है। इसका पालन न करना न केवल यूजीसी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग हो रहे लाभान्वित

**मन की बात** प्रधानमंत्री ने कहा 2015 तक 25 करोड़ तक ही पहुंचती थीं योजनाएं, कहा-देश हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा कि आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया।

### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को याद किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लिए बिना कांग्रेस की निंदा की।

### कैलाश और अमरनाथ यात्रा का भी जिक्र

मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: शुरू हुई है। कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह में कुछ ही दिन बचे हैं।

## एक नजर

### आप ने विधायक विजय प्रताप को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था। सिंह को पार्टी से निलंबित करने का फैसला 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

### खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी चार मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में रविवार सुबह पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुछ मजदूर जंगी का नगला गांव के पास पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे को भर रहे थे तभी मिट्टी धंस गई और मजदूर उसमें दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर अन्य श्रमिकों और परियोजना कर्मचारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया, लेकिन मिट्टी की गहराई और भारीपन के कारण तत्काल प्रयास करना कठिन हो गया। हादसे के वक्त मौके पर 12 मजदूर काम कर रहे थे।

# 1 अप्रैल 2026 से जनगणना का पहला चरण, होगी घरों की गिनती

## हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का डेटा एकत्र होगा

- 1 फरवरी 2027 से दूसरे चरण में जुटाया जाएगा जनसांख्यिकी विवरण, जातियों की भी गिनती

नई दिल्ली, एजेंसी



आगामी जनगणना के लिए घरों की गिनती का कार्य 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, जो इस दशकीय प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होगी। भारत के महापंजीयक ने यह जानकारी दी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में भारत के जनगणना आयुक्त और महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि घरों का सूचीकरण अभियान और आवास गणना एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि उससे पहले राज्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निरीक्षकों एवं गणकों की नियुक्ति की जाएगी तथा उनके बीच कामों का विभाजन किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी।

पहले चरण में यानी घरों के सूचीकरण अभियान (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। पत्र के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में हर घर में प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा और यह चरण एक फरवरी, 2027 से शुरू होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया था कि जनगणना में जातियों की भी गिनती की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए 34 लाख से अधिक गणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह अब तक की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले लगभग तीन दर्जन प्रश्न तैयार किए हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न घरों में फोन, इंटरनेट, वाहन (साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन) और उपकरणों (रेडियो, टीवी, ट्रांजिस्टर) आदि के स्वामित्व के बारे में पूछा जाएगा। लोगों से अनाज उपभोग, पेयजल और प्रकाश के स्रोत, शौचालयों के प्रकार और सुलभता, अपशिष्ट जल निपटान, स्नान और रसोई की सुविधाओं, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन के बारे में भी पूछा जाएगा। अन्य प्रश्नों में घर के फर्श, दीवारों और छत के लिए प्रयुक्त सामग्री, इसकी स्थिति, घर में रहने वालों की संख्या, कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की उपस्थिति और क्या घर की मुखिया महिला है या अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित है, आदि शामिल हैं।

### इकाइयों की सीमा में 31 दिसंबर के बाद बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

## गुंडिचा मंदिर के पास भोर में हुए हादसे में 50 घायल, छह गंभीर

- दो पुलिस अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का किया तबादला
- मुख्यमंत्री ने दिए प्रशासनिक जांच के आदेश, मुआवजा देने की घोषणा

पुरी, एजेंसी



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान एकत्र श्रद्धालु। ● एजेंसी

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजे हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस अस्पताल में घायलों का इलाज हो रहा है, वहां के एक अधिकारी ने कहा कि 50 घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था।

मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता

ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वरिष्ठ अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी के वास्ते प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा कि भगदड़ की घटना के लिए मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। माझी ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता अधिक थी... धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

# हाईटेंशन लाइन के साथ खिंच गए बच्चे गिरने से दोनों की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

- धनारी क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में खींच रही लाइन, तारों में फंस गए चचेरे-तहेरे भाई
- परिजनों ने मशीन ऑपरेटर पर लगाया लापरवाही करने का आरोप, कार्रवाई की मांग



रोहित



सत्यभान

**अमृत विचार :** बिजली की हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन खींचते समय तारों में उलझ कर दो बच्चे भी तारों के साथ ही ऊंचाई पर पहुंच गए। कुछ देर तक वे तारों को पकड़कर लटके रहे, जान बचाने की जद्दोजहद में अचानक उनके हाथों से तार छूटा और काफी ऊंचाई से नीचे गिरने से दोनों की मौत हो गई। दोनों आपस में चचेरे-तहेरे भाई थे। परिजनों ने मशीन ऑपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में बिजली विभाग द्वारा ट्रांसमिशन की हाईटेंशन लाइन खींची जा रही है। गांव के ब्रह्मचारी का 17 साल का बेटा सत्यभान अपने चचेरे भाई 9 साल के रोहित के साथ खेत पर गया था। उन्हीं के खेत से ट्रांसमिशन की हाईटेंशन लाइन खींची जा रही थी। सत्यभान व रोहित पास जाकर तारों को देख रहे थे तभी वे तारों में उलझ गए।

दोनों तारों से निकल पाते इससे पहले ही मशीन ऑपरेटर ने तार खींच दिए। तारों में फंसकर दोनों भाई भी ऊंचाई पर पहुंच गए। तारों को पकड़कर लटके सत्यभान और रोहित ने शोर मचाया, आपरेटर तार ढीले कर पाता इससे पहले ही दोनों के हाथों से तार छूट गया और वे काफी ऊंचाई से जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। परिजन दोनों को बहजोई अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में दम टूट गया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतक रोहित के पिता छविराम ने बताया कि मशीन ऑपरेटर ने अचानक से तार खींच दिए जिसके कारण उनका बेटा व भतीजा लटक गए। ऊंचाई से गिरकर दोनों की मौत हो गई। उन्होंने आपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# यूपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नई दिल्ली में बारिश के दौरान कर्तव्य पथ पर आगंतुक। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने की संभावना है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

मानसूनी बारिश से चहुंओर मौसम में ताजगी और ठंडक घुल गई है। फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।

### नौ दिन पूर्व ही पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 27 जून के दो दिन बाद दस्तक दी और देश के शेष हिस्सों में यह सामान्य तिथि 8 जुलाई से नौ दिन पहले ही पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2020 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी पहुंचा है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि मॉनसून रविवार 29 जून 2025 को राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष हिस्सों और दिल्ली में पहुंच गया। सात दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर में अत्याधिक बारिश होगी।

# ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में मंगलवार से बड़ा बदलाव

भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है। अब ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट बन जाएगा।

वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा।

# खनन क्षेत्र में उतरेंगे जेएसडब्ल्यू, अडाणी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक

## खनन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री बोले-खनन निवेश में कार्पोरेट सेक्टर की बढ़ी रुचि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खनिज राजस्व में ऐतिहासिक उछाल, 2025-26 के पहले दो माह में 623 करोड़ जुटाए



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जेएसडब्ल्यू, अडाणी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां निवेश करने वाली हैं। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और रोजगार का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क के रूप में वर्ष 2024-25 में 258.61 करोड़ तथा 2025-26 में अब तक 70.80 करोड़ का राजस्व मिला है। योगी ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए। संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। बताया कि राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है।

### नदी कैचमेंट में खनन प्रतिबंधित

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र बनाने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन न हो। ऐसा होने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मानक जीपीएस युक्त वाहन ही खनिज परिवहन हेतु अधिकृत किए जाएं। वीटीएस मॉड्यूल से रीयल टाइम ट्रैक किया जाए।

### 99 नए खनन क्षेत्रों की हुई पहचान

ड्रोन सर्वेक्षण और पीजीआरएस प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 संभावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं। मानसून उपरांत 52 क्षेत्रों में बालू व मौरंग के भंडार का भी मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि संचालित पट्टों की निगरानी और वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के माध्यम से खनन के वास्तविक आंकलन की प्रक्रिया को और गति दी जाए।

### मानसून काल में ही दें नए पट्टे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने जिला खनन निधि का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, खेल मैदानों के विकास, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और जल-ऊर्जा संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

## शहर में आज



☞जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 1:00 बजे

☞ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल की महफिल लाल मस्जिद में रात 9:00 बजे

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

## टीएमयू में लिया 'नशे को कहो न' का संकल्प



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सीसीएसआईटी फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध व्यापार दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी थीम जीवन को कहो हां, नशे को कहो ना रही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, मुख्य वक्ता एफओई के अरुण कुमार पिपरसेनिया ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का आरंभ किया। प्रो. द्विवेदी ने नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की शपथ दिलाई। मुख्य वक्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल नशा उन्मूलन का प्रयास नहीं, बल्कि एक सकारात्मक जीवन शैली की ओर बढ़ने का अभियान है। बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशे के प्रलोभन में आ जाए या उसे कोई नशा देने का प्रयास करे, तो उसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसी स्थिति में साथी, शिक्षक या अभिभावक से संवाद करना ही पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन डॉ. मुदित सक्सेना ने किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप वर्मा, स्वाति चौहान, डॉ. आरके जैन, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. इंदु त्रिपाठी, मोहम्मद सलीम, मनोज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सोनकपुर स्टेडियम में गड्ढों में तब्दील हो रही क्रिकेट की पिच, संसाधनों का भी अभाव

# स्टेडियम में दिक्कतों के बीच पीयूष चावला बनना चुनौती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मार्च 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ पीयूष चावला ने टेस्ट मैच में डेब्यू करके इतिहास रचा था। उस समय उनकी उम्र लगभग 17 वर्ष थी।

महानगर के दीनदयाल नगर निवासी पूर्व क्रिकेटर पीयूष चावला ने मुरादाबाद के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट की बारीकियां सीखीं थी और फिर अंतर्राष्ट्रीय फलक पर जिले का गौरव बढ़ाया। उनकी तरह मुरादाबाद को गौरवांवित करने के लिए स्टेडियम में 20 से अधिक खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं लेकिन उनका कहना है कि यह सपना पूरा करना चुनौती है।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में क्रिकेट की टूटी पिच। ● अमृत विचार

सोनकपुर स्टेडियम में क्रिकेट की पिच में जगह-जगह न सिर्फ गड्ढे हो रहे हैं बल्कि 10 मिनट बारिश होने पर ही यहां जलभराव हो जाता है। ऐसे में खिलाड़ियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका अभ्यास सिर्फ नेट तक ही सीमित है।

यही नहीं खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए उन्हें स्टेडियम की ओर से संसाधन तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे। यहां प्रशिक्षण के लिए आने वाले खिलाड़ियों को खुद से ही अपनी खेल किट लानी पड़ती है। खिलाड़ियों ने बताया कि चार दिन से कोच न होने के कारण वे आपस में खुद ही अभ्यास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सपने कैसे पूरे हों बहुत मुश्किल है।



स्टेडियम में अभ्यास करने के लिए अपनी किट लानी पड़ती है। स्टेडियम में संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

**- उवैस,** खिलाड़ी



पिच पर गड्ढे होने के कारण वहां अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। इसे ठीक कराने के लिए कई बार अधिकारियों से कहा लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

**- दुष्यंत,** खिलाड़ी

खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो, यह प्राथमिकता है। क्रिकेट पिच की जल्द मरम्मत कराई जाएगी। किसी भी स्थिति में अभ्यास प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

**-सुनील कुमार सिंह,** जिला क्रीड़ाधिकारी

# गर्मी के तेवरों को बारिश ने किया ठंडा, मिला सुकून

### मानसून की दस्तक के बाद भी बारिश न होने से चढ़ रहा था तापमान, झुलसा रहा थी सूरज की तपिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कई दिनों के गर्मी व उमस से राहत की उम्मीद लगाए लोगों को रविवार की सुबह सुकून मिला। गरज-तड़क के साथ दोपहर तक हुई बारिश ने राहत दिलाई। हालांकि बादल के बाद भी शाम को बारिश नहीं हुई। 26 मिलीमीटर की बारिश के दौरान कई जगह जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।

एक पखवाड़े पहले मानसून की दस्तक तो हुई लेकिन आधे घंटे की बारिश के बाद सूखा हो गया। आषाढ़ में भी ज्येष्ठ की तपिश बरकरार रही। एक सप्ताह से सूरज की तपिश से तापमान तेजी से चढ़ रहा था। रविवार की सुबह अचानक मौसम ने करवट ली और बारिश से लोगों को भिगो दिया। बच्चों ने बारिश में भीगकर आनंद लिया। इससे गर्मी और उमस से फौरी तौर पर राहत मिल गई।

शनिवार की तुलना में अधिकतम तापमान लुढ़क कर 7 डिग्री नीचे आया। जो अधिकतम 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री सेल्सियस आ गया। मौसम विशेषज्ञ अगले दो तीन दिन ऐसे ही रहने का अनुमान जता रहे हैं।



बारिश का आनंद लेते बाइक सवार। ● अमृत विचार



बच्चे को बचाने का प्रयास करती महिला। ● अमृत विचार

### 26 मिलीमीटर गिरा पानी

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि मुरादाबाद में 26 मिलीमीटर बारिश हुई है। अगले तीन चार दिन ऐसे ही रहेगा। कहीं हल्की को कहीं मध्यम बारिश रहेगी। धूप निकलने पर उमस बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि बारिश से किसानों को राहत मिलेगी। सब्जियों व अन्य मानसूनी फसलों की अतिरिक्त सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी।

### टूटी सड़कों में पानी, कई हुए चोटिल

बारिश के दौरान नाले उफनाने से सड़कों पर गंदगी व कीचड़ फैलने से लोगों को उसके बीच से होकर आवाजाही करनी पड़ी। टूटी सड़कों के गड्ढे में पानी भरने से कई दोपहिया वाहन चालक संतुलन नहीं रख पाए और गिरकर चोटिल हुए।

## बारिश: बचाव और सुरक्षा के लिए डीएम ने जारी की एडवाइजरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में बारिश के दौरान आमजन की सुविधा और सतर्कता के लिए डीएम अनुज सिंह ने एडवाइजरी जारी की है।

डीएम ने बताया कि आमजन बारिश के दौरान जलभराव वाले इलाकों में जाने से बचें और पेड़ों के नीचे शरण न लें। कमजोर ढांचे वाली बिल्डिंगों में या उनके आसपास बिल्कुल न खड़े हों। फसल वाले खेतों में लगातार बारिश की वजह से होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए खेतों में जल निकासी के पर्याप्त प्रबंध करें। जिलाधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान बज्रपात से बचने और पूर्व में ही चेतावनी प्राप्त करने के लिए दामिनी या सचेत ऐप का प्रयोग करें।

## बारिश में बहे सफाई के दावे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 49 करोड़ की लागत से बना करुला नाला नहीं हुआ शुरू

**अमृत विचार :** हल्की सी बारिश में महानगर के कई लो लैंड वाले क्षेत्रों में नालियां उफनाकर सड़कों पर बहने लगी। गंदे पानी व कचरे के बीच लोगों को आवागमन करना पड़ा। इससे नाला सफाई के दावे दोपहर तक हुई बरसात में बह गए।

नगर निगम में सफाई कर्मियों की बड़ी फौज है फिर भी नाला सफाई के नाम पर हर साल ढिलाई से बरसात में नागरिकों को मुसीबत झेलनी पड़ती है। स्थायी समाधान के लिए 49 करोड़ रुपये की लागत से करुला नाला के अलावा ढक्का की पुलिया का भी निर्माण कराया गया। लेकिन जलनिकासी सुचारू न होने से आशियाना और कई पुराने मोहल्ले ताड़ीखाना की गलियों में पानी भर गया। जलभराव से मच्छरों के तेजी से पनपने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पार्षद व नगर निगम के अधिकारियों से कहने के बाद भी समाधान नहीं निकलता है।

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि जहां भी नाला सफाई में ढिलाई व कूड़ा उठान में लापरवाही की शिकायत मिल रही है वहां पर तुरंत टीम भेज कर सफाई करा रहे हैं। जो भी क्षेत्रीय खाद्य व सफाई निरीक्षक व सुपरवाइजर लापरवाही करेंगे उन पर कार्रवाई निश्चित होगी। ऐसे लोगों को चिह्नित कर रहे हैं।

### नगर आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

रविवार को सुबह से दोपहर तक बारिश से कई जगह नाली उफनाने से गंदगी व जलजमाव की स्थिति का निरीक्षण करने के लिए रात में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल निकले। उन्होंने सिल्ट उठान और सड़क किनारे जहां भी कचरा दिखा उसे तत्काल साफ करने का निर्देश दिया। कहा कि कहीं भी जलभराव न रहने पाए इसका ख्याल रखें। लापरवाही पर सफाई निरीक्षकों व कर्मचारियों पर कारवाई करेंगे। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, आशुतोष राय के अलावा क्षेत्रीय खाद्य व सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।



बारिश के बाद रात में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल

# बार-बार हों पतले दस्त तो बच्चा डायरिया से है पस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- समय से बच्चे को दें ओआरएस का घोल व जिंक, जोखिम से सुरक्षित बनाएं: डॉ. बेलवाल
- पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चल रहा 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम

**अमृत विचार :** बारिश व उमस के बीच बच्चों में उल्टी-दस्त (डायरिया) की शिकायत बढ़ जाती है, ऐसे में उनका ख्याल रखना बहुत जरूरी है। तापमान कम-ज्यादा होने के चलते पाचन शक्ति पर असर पड़ता है और बच्चा आसानी से डायरिया की गिरफ्त में आ जाता है। डायरिया की सही समय पर पहचान जरूरी है क्योंकि लंबे समय तक बच्चा डायरिया की चपेट में रहा तो अन्य शारीरिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं।



डॉ. संजीव बेलवाल।

प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ. संजीव कुमार बेलवाल ने बताया कि बच्चे को दिन में तीन बार से अधिक पतले दस्त हो, प्यास ज्यादा लगे और आंखें धंस गईं हों तो यह डायरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को ओआरएस का घोल दें और निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। इस घोल को तब तक देते रहें जब तक की दस्त ठीक न हो जाए। इसके अलावा एएनएम या आशा दीदी से जिंक की गोली प्राप्त कर लें और उनके द्वारा बताए गए तरीके से 14 दिनों तक बच्चों को अवश्य दें।

उन्होंने बताया कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में स्टॉप डायरिया कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी के तहत पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से एक अनूठी पहल की गई है। इसके तहत जिले में डायरिया से डर नहीं में फ्रंटलाइन वर्कर आशा, आंगनबाड़ी और एएनएम के साथ महिला आरोग्य समितियों की सदस्यों का संवेदीकरण किया जा रहा है कि डायरिया से बच्चों को सुरक्षित बनाने के लिए समुदाय स्तर पर लोगों को जागरुक करें। डायरिया की पहचान, नियंत्रण और बचाव के बारे में घर-घर जाकर जरूरी संदेश पहुंचाएं और लोगों को जागरूक करें।

### दांतों पर भारी बाल अवस्था की लापरवाही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अगर आपके बच्चों के दूध के दांत खराब हो रहे हैं तो उन्हें नजरअंदाज कतई न करें। यह न सोचें कि बाद में अच्छे दांत आएंगे और वह सही रहेंगे। अगर इनका ख्याल नहीं रखा गया तो अच्छे दांत आने पर जल्दी ही यह खराब होने शुरू हो जाएंगे। चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी में उपचार के लिए आने वाले बच्चों में यह दिक्कत देखने को मिल रही है। जिला अस्पताल की दंत चिकित्सक ओपीडी में प्रतिदिन इस दिक्कत से जूझ रहे 20 से अधिक बच्चे अभिभावकों के साथ पहुंच रहे हैं। दंत रोग डॉ. सौरभ मिश्रा ने बताया कि बच्चों के दांतों के उपचार के दौरान उनके अभिभावकों से बात करने पर पता चला कि जिन बच्चों के दूध के दांत खराब हुए और बाद में उनके जो अच्छे दांत आ रहे हैं, उनमें किसी की बनावट खराब है तो किसी के मसूड़ों में सूजन निकली। एक हजार में से 50 प्रतिशत बच्चों के साथ यह दिक्कत सामने आ रही है। आने वाले समय में जैसे-जैसे उम्र बढ़ेगी उनके सही दांत निकल आएंगे, लेकिन बच्चों के यह दांत उतने जितने मजबूत और स्वस्थ नहीं होंगे, जिन बच्चों के दूध के दांत खराब नहीं हुए। बताया कि आमतौर पर दांत में सड़न होने के 18 से 24 महीने के बाद दर्द शुरू होता है। दूध के दांत सात से आठ साल के बीच टूटते हैं। जरूरी है कि सड़न का समय रहते इलाज कराया जाए। सड़न की स्थिति में उनके दांतों में फिलिंग कर उन्हें बचाने का प्रयास किया जाता है।

### डायरिया से बचाव के उपाय

शौच और बच्चों का मल साफ करने के बाद, भोजन बनाने और खिलाने से पहले हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह अवश्य धुलें। माताएं छह माह से ऊपर के बच्चों को स्तनपान कराती रहें और हमेशा साफ़-सुथरा पानी ही पिलायें। छह माह से कम उम्र के बच्चों को स्तनपान के अलावा बाहरी कोई भी चीज न दें यहां तक कि पानी भी नहीं। इस अवस्था में बाहरी चीज देने से संक्रमण का जोखिम बना रहता है। मां के दूध में बच्चे की जरूरत के मुताबिक पानी की मात्रा होती है, इसलिए बाहर से पानी न पिलाएं।

## डायबिटीज टाइप-5 की चपेट में आ रहे युवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** खराब जीवनशैली युवाओं को बड़ी उम्र के रोग दे रही है। उन्हें टाइप-5 डायबिटीज हो रही है। यह दिक्कत होने पर रोगियों का इंसुलिन रेसिस्टेंट बढ़ जाता है। जिला अस्पताल में इस बीमारी से पीड़ित प्रतिदिन 20-25 मरीज पहुंच रहे हैं। इसमें युवाओं की संख्या 50 फीसदी से अधिक है।

टाइप-5 डायबिटीज की दिक्कत अधिकांश युवाओं में नजर आ रही है। यह परेशानी होने पर मरीज का मोटापा नहीं बढ़ता फिर भी ब्लड शुगर लेवल बढ़ा ही रहता है। जांच करने पर उनमें इनक्रेटिन हार्मोंस की कमी सामने आ रही है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि इसका मुख्य कारण मैच्युरिटी ऑनसेट डायबिटीज ऑफ यंग 90(एमओडीवाई) है। पर्याप्त नींद, पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम न करने से यह दिक्कत होती है। डायबिटीज होने से से हृदय, गुर्दा, लिवर तेजी के साथ प्रभावित होते हैं। पेट में दर्द, वजन कम होना, डायरिया, मुंह से बदबू आना इसके मुख्य लक्षण हैं। कम से कम सात घंटे की नींद लें।

# बारिश के दौरान कई मोहल्लों में फॉल्ट से बिजली गुल, दिनभर परेशान रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रविवार को बिजली का संकट बारिश बंद होने के बाद फॉल्ट ठीक करने निकले कर्मचारी

**अमृत विचार :** बारिश के कारण भूमिगत फॉल्ट होने से कांठ रोड, पीलीकोठी से हरथला तक और दिल्ली रोड पर खुशहाल नगर, बुद्धि विहार, दौलत बाग, नागफनी से मंडी चौक तक के उपभोक्ताओं को सुबह से शाम तक बिजली संकट झेलना पड़ा। बारिश बंद होने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी भूमिगत फॉल्ट तलाश कर ठीक करने निकले। टाउनहॉल क्षेत्र के ताड़ीखाना और कटरा नाज, मानपुर और कोठीवाल नगर के उपभोक्ता भी बिजली गुल होने से परेशान रहे।

रविवार को इंद्रदेव की मेहरबानी में बिजली विभाग की लचर कार्यशैली ने लोगों के गर्मी से राहत में खलल डाल दिया। महानगर के 10 से अधिक मोहल्लों में 15,000 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के सुबह से शाम तक होने वाली बिजली गुल होने से लोग परेशान हुए। आपूर्ति न होने से दोपहर तक इनवर्टर की बैटरी भी डिस्चार्ज हो गई।

सुबह 8 बजे बारिश शुरू होते ही विवेकानंद 132 केवी विद्युत केंद्र से पीवीआर, पीलीकोठी, कंपनी बाग, दौलत बाग, टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्रों की 33 केवी की भूमिगत लाइन में अटल पथ के पास फॉल्ट हो गया। बारिश से फाल्ट ठीक करने में बाधा आई। जिससे शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रही। कमिश्नर, डीएम और एसएसपी आवास से बिजली आपूर्ति के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के फोन पर फोन आते रहे। गलशहीद विद्युत केंद्र के बाहर लगे ट्रांसफार्मर पर ट्रिपिंग के चलते आपूर्ति सुबह 10 बजे शाम चार बजे तक बंद रही। 6 घंटे के बाद आपूर्ति सुचारू हो सकी। गुडिया मोहल्ला, पानी दरीबा, मंडी चौक और अमरोहा गेट से चौमुख पुल तक बिजली आपूर्ति दिन में कई बार आती जाती रही। टाउन हॉल से जुडे.हैलेट रोड पर रखे ट्रांसफार्मर में इंसुलेटर फुंकने के बाद 12 बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रही। टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र में ट्रिपिंग के बाद इससे जुड़े प्रिंस रोड और हरपाल नगर के लोगों को शाम तक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। इंद्रा चौक और अंसार इंटर कॉलेज मार्ग पर कई स्थानों पर बारिश के दौरान फाल्ट से आपूर्ति शाम तक बाधित रही। बारिश बंद होने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी सड़कों पर फॉल्ट ठीक करने निकले।

सुबह बारिश शुरू होने के बाद महानगर के कई स्थानों पर फॉल्ट की सूचना मिली। बारिश के दौरान फॉल्ट ठीक करना असुरक्षित था। अटल पथ पर ओवर हेड केवल डालकर 33 केवी की लाइन की बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

**- सुनील कुमार अग्रवाल**
अधीक्षण अभियंता नगरीय

# महानगर कांग्रेस कमेटी में जावेद नबी कोषाध्यक्ष, हाजी नजाकत बने उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कांग्रेस महानगर अध्यक्ष की संस्तुति पर कमेटी गठन की हुई घोषणा
- कमेटी में एक कोषाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 18 महासचिव व 36 सचिव बने
- पुराने कांग्रेसियों के अलावा महिलाओं व युवाओं को दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने मुरादाबाद महानगर कमेटी के 67 पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद कुरैशी की संस्तुति पर घोषित कमेटी में वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को भी जिम्मेदारियां दी गई हैं।



महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम।

कांग्रेस की महानगर कमेटी में जावेद नबी खान को कोषाध्यक्ष, हाजी नजाकत अंसारी को उपाध्यक्ष व प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा कमेटी में सचिन प्रेमी, हकीम नाजिम, अशोक कपूर, नदीम उद्दीन कातिब, शिवराज गुर्जर, जईम चौधरी, फिरासत हुसैन उर्फ बब्बन खां, मुरसलीन खां, जमीर अंसारी, नितिन शर्मा व माहेरा खान को उपाध्यक्ष, सैय्यद कमर सलीम, मोहम्मद शमी, नवाब आसिफ, कबीर अहमद, अजीम उद्दीन, हाजी वसीम खां, डॉ. शरद शर्मा, गौसिया खान, सैय्यद मोअज्जम, फहीम अंसारी, हाजी जुबैर आलम, युनुस सैफी, महफूज अली उर्फ राजा, रिंकी सिंह, शरीफ, अनवर मुम्ताज, तबस्सुम व मोहम्मद सलीम उर्फ सोनी सैफी को महासचिव, मोहम्मद शादान, रिजवान रईस, अनमोल गुप्ता एडवोकेट, सुखविंदर सिंह, कृपाल सिंह, अफसर खान, शानू शम्सी, दानिश कुरैशी, लईक पाशा, राहुल शर्मा, जावेद इकबाल, ताजदार उस्मानी, सिराज अहमद, मोअज्जम अली, बन्ने पहलवान, मोहम्मद अनस, शकील सिद्दीकी, सुहेल परवेज, नाजिम परवेज, मोहम्मद रफीक, जहीर, प्रमोद कौशिक, शिवम कुमार, हाजी राशिद, कपिल कुमार, मोहम्मद फराज, वंदना गर्ग, खदीजा खाजून, रिजवान, अंजूम शर्मा, आलिया, शाकिना, शहनाज, सलमा बी व जहां आरा को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। महानगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया है।

स्मृति शेष | ब्रजभूषण सिंह गौतम की जयंती पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मनोज रस्तोगी से बातचीत

# प्रकृति के चितेरे होने के साथ जन सरोकारों के कवि थे 'अनुराग'

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कई शोध कार्य हो चुके ब्रजभूषण सिंह गौतम 'अनुराग' के साहित्य पर

**अमृत विचार :** स्मृतिशेष ब्रजभूषण सिंह गौतम 'अनुराग' प्रकृति के अद्भुत चितेरे होने के साथ-साथ जन सरोकारों के कवि थे। उनका संपूर्ण साहित्य पाठकों से सीधा संवाद करता हुआ सामाजिक विसंगतियों को भी उजागर करता है। वह मुरादाबाद के एक ऐसे साहित्यकार थे जिनके साहित्य पर तीन लघु शोध प्रबंध तथा एक शोध प्रबंध हो चुका है। यही नहीं उनके दो अभिनंदनन ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुके हैं।



ब्रजभूषण सिंह।

साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय के संस्थापक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी बताते हैं कि बदायूं जनपद के छिबऊ खुर्द ग्राम में 30 जून 1933 को सरदार सिंह गौतम और पुष्पलता गौतम के सुपुत्र के रूप में जन्में ब्रजभूषण सिंह गौतम युवावस्था में ही मुरादाबाद आ गये थे। उनकी साहित्य साधना और कर्मस्थली यहीं रही। वह बताते हैं कि वर्ष 2007-08 में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में एम फिल हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा रितिका ने डॉ. महेंद्र सिंह बेदी के निर्देशन में कवि बृजभूषण सिंह गौतम अनुराग कृत दर्पण मेरा गांव का महाकाव्य का लोक सांस्कृतिक अध्ययन शीर्षक से लघु शोध प्रबंध पूर्ण किया। उनका यह महाकाव्य वर्ष 1996 में पार्थ प्रकाशन मुरादाबाद द्वारा प्रकाशित हुआ। इस कृति पर उप्र सरकार द्वारा 1997 में 15 हजार रुपये का पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

2008-09 में इसी विश्वविद्यालय की छात्रा हरप्रीत कौर ने भी डॉ. बेदी के निर्देशन में 'चांदनी महाकाव्य का सांस्कृतिक अध्ययन ' शीर्षक से लघु शोध प्रबंध पूर्ण किया। यह महाकाव्य वर्ष 2003 में प्रकाशित हुआ जिसका लोकार्पण तत्कालीन राज्यपाल विष्णुकांत शास्त्री ने 7 फरवरी 2003 को बदायूं महोत्सव में किया। उत्तर प्रदेश हिन्दी- संस्थान द्वारा इस महाकाव्य पर 2003 में 8 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया वहीं साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था कादम्बरी (जबलपुर) द्वारा वर्ष 2014 में 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। 2012-13 में इसी विश्वविद्यालय की छात्रा सविता कुमारी ने डॉ सुनीता शर्मा के निर्देशन में 'सांसों की समाधि - काव्य एवं भाषागत वैशिष्ट्य' शीर्षक से लघु शोध प्रबंध पूर्ण किया। यह कृति वर्ष 2013 में प्रकाशित हुई । इसमें उनके 110 गद्यगीत हैं। सरस्वती साधना परिषद-मैनपुरी द्वारा इस कृति पर 2015 में तीन हजार रुपये का पुरस्कार मिल चुका है। 2021 में पानीपत की ऋतु चौधरी को ' महाकवि अनुराग गौतम का जीवन, साहित्य, साधना, संवेदना और शिल्प उपलब्धि एवं मूल्यांकन ' शीर्षक पर डॉ महेश दिवाकर के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण करने पर श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय गजरौला (अमरोहा) द्वारा शोध उपाधि प्रदान की गई।

2009 में डॉ. महेश दिवाकर एवं डॉ. हरमहेंद्र सिंह बेदी के संपादन में अमृत महोत्सव अभिनंदन ग्रंथ तथा वर्ष 2013 में मधुकर अस्थाना के संपादन व अशोक विश्नोई व जितेंद्र जौहर के संयुक्त संपादन में अभिनंदन ग्रंथ ' आंगन से आकाश तक' भी प्रकाशित हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रकाशन अनुदान योजना के अंतर्गत 2014-15 में उनकी कृति नवगीत संग्रह चंदन वन संवरें का प्रकाशन हुआ। इस कृति में उनके 52 नवगीत हैं। यही नहीं उनकी कृति सांसों की समाधि के 30 गीतों का अवनीश सिंह चौहान द्वारा किया गया अनुवाद बर्न विदइन वर्ष 2015 में संजीव प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित हुआ।

### ब्रजभूषण सिंह गौतम 'अनुराग' की कृतियां

उनकी अन्य प्रकाशित कृतियों के संदर्भ में डॉ. रस्तोगी कहते हैं ब्रज भूषण सिंह गौतम की प्रथम कृति वर्ष 1951 में 'आंसू' गीत संग्रह के रूप में पाठकों के समक्ष आई। 2009 में गजल संग्रह ' धूप आती ही नहीं' 2010 में सोनजुही की गंध (गीत संग्रह) इसी वर्ष गीत संग्रह' आंगन में सोनपरी, 2013 में अपने-अपने सूरज गीत संग्रह तथा कहानी संग्रह' एक टुकड़ा आसमान ' तथा वर्ष 2016 में गद्य गीत संग्रह समर्पण, गुंजन प्रकाशन से प्रकाशित हुई जिसमें उनके 112 गद्यगीत हैं। उनके 17 अगस्त 2017 को देहावसान के बाद उनकी 218 छंदों की एक लम्बी कविता सुख से परिचय न हुआ बारहवीं कृति के रूप में प्रकाशित हुई।

आज का मौसम

बादलों के बीच हल्की बारिश का अनुमान है।

28.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:20 | सूर्यास्त 07:17

### वार्ड में मनोरंजन व अध्यात्म के लिए टीवी लगाने की योजना नहीं चढ़ी परवान

# जिरियाटिक वार्ड में बुजुर्ग मरीजों के लिए सुविधाएं नदारद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बुजुर्गों की परवाह के लिए भले ही स्वास्थ्य विभाग कई दावे करे लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल उलट है। आठ बेड का जिरियाटिक केयर वार्ड (वृद्धावस्था देखभाल वार्ड) में मरीजों के लिए सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीते साल बुजुर्गों के लिए अलग से ओपीडी चलाने का प्रचार-प्रसार किया गया, मगर वर्तमान में ऐसी कोई व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है।

जिला अस्पताल में बुजुर्गों के लिए अलग से ओपीडी नहीं चल रही है।



जिला अस्पताल के जिरियाटिक वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

जिरियाटिक केयर वार्ड में मनोरंजन और अध्यात्म के लिए म्यूजिक और टीवी भी लगना था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 60 वर्ष और इससे अधिक उम्र के मरीजों को भर्ती को इस वार्ड में भर्ती कर उनका उपचार किया जाता है। इस वार्ड को भूतल पर संचालित करने के निर्देश हैं जिससे बुजुर्ग मरीजों को पहली, दूसरी या तीसरी मंजिल पर ले जाने पर किसी तरह की परेशानी न हो। लेकिन, अस्पताल में यह वार्ड पहली मंजिल पर संचालित किया जा रहा है। व्यवस्था के रूप में यहां उनके बेड के कॉलिंग बेल लगाई जानी थी। उसका भी अता-पता नहीं है।

**वार्ड में मिलने वाली सुविधाएं**

- विशेषज्ञ चिकित्सक से इलाज
- फिजियोथैरेपी की सुविधा
- बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर, ट्रॉली, मेडिसिन कैबिनेट और अन्य जरूरी फर्नीचर
- वार्ड में बुजुर्गों को बीपी, शुगर, सांस और दिल से जुड़ी बीमारियों का इलाज मिलता

वार्ड में वार्ड में क्या कमी है, इसके दिखवाया जाएगा। बुजुर्ग मरीजों के लिए जो व्यवस्थाएं होनी चाहिए वो सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।
–**राजेंद्र कुमार**, सीएमएस

तीमारदार आधा घंटे के लिए भी अगर साथ न हो तो घबराहट हो जाती है। काफी इंतजार करने के बाद नर्स या डॉक्टर आते हैं।



– **मुन्ने**, मरीज

वार्ड में टेलीविजन, कॉलिंग बेल जैसी कोई सुविधा नहीं है। ये चीजें हो तो मन भी लगा रहे।



– हरीश चंद्र, मरीज




## एक नजर

### मनी अरोरा बनीं सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ की प्रधान प्रबंधक

**लखनऊ/मुरादाबाद, अमृत विचार :** उच्च प्रशासन के आदेश पर मुरादाबाद की मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। रविवारी देर रात जारी हुई सूची में प्रदेश भर के कई अधिकारी शामिल हैं।

### देवर पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के डबल फाटक भदौड़ा निवासी रोशनी सैनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की रात लगभग 8 बजे वह घर में खाना बना रही थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान देवर विनोद सैनी आया और कहने लगा कि अपनी संपत्ति हमारे नाम कर दो वर्ना जान से मार देंगे। उसने विरोध किया तो आरोपी देवर विनोद सैनी ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पास वीडियो रिकार्डिंग है। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### सहायता राशि बढ़ी आवेदन की बढ़ेगी संख्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 1500 से अधिक आवेदन जून ही आ गए हैं। अगले वर्ष मार्च, अप्रैल में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के लिए लाभार्थियों के आवेदनों के सत्यापन का कार्य 1 जुलाई से शुरू हो जाएगा। योजना के पात्र लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में आवेदन के प्रपत्रों की कॉपी जमा न करने वाले आवेदक के प्रपत्रों का सत्यापन में दिक्कत आ रही है।

# कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से जुड़े सवालों पर चकराए परीक्षार्थी

### 5750 ने छोड़ी यूपी एसएसएससी की परीक्षा, पंजीकृत थे 13608 अभ्यर्थी, आसान तो किसी ने सवालों को बताया कठिन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बारिश के बीच उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपी एसएसएससी) द्वारा रविवार को महानगर के 30 केंद्रों पर केंद्रों पर परीक्षा कराई गई। इसमें 7858 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 5750 ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा देकर लौट रहे अभ्यर्थियों में किसी चेहरे की रंगत खिली थी को किसी के चेहरे लटकने से स्पष्ट था कि उनका पेपर ठीक नहीं हुआ है। परीक्षार्थियों के अनुसार सबसे अधिक समय कंप्यूटर के सवालों में लगा। इसमें सवाल कंप्यूटर की बेसिक जानकारी के न होकर कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर के थे। जिससे परीक्षार्थी चकरा गए।

कनिष्ठ लिपिक व अन्य पदों के लिए रिक्तियों पर जिले में परीक्षा के लिए 30 केंद्रों पर एक पाली की परीक्षा में 13,608 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। सुबह अचानक हुई बारिश के बीच भीगते हुए अभ्यर्थी केंद्रों पर पहुंचे। सभी केंद्रों को मिलाकर 7858 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 5750 ने छोड़ दी।

गाजीपुर, बलिया, रायबरेली, सीतापुर, बाराबंकी से आए परीक्षार्थी शनिवार की रात 12 बजे ही पहुंच गए थे। परीक्षा एक पाली में सुबह 10-12 बजे तक थी। केंद्रों के खुलने के समय बारिश हो रही थी बहुत से परीक्षार्थी भीगते हुए केंद्रों पर पहुंचे तो कई छाता लेकर आए। कई केंद्रों पर बारिश में भीगकर अभ्यर्थी लाइन में खड़े रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच तलाशी के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। ठीक 10 बजे परीक्षा आरंभ हुई।

प्रश्नपत्रों को चार भागों में रिजनिंग, हिंदी, सामान्य ज्ञान और कंम्यूटर में बांटा गया था। कंप्यूटर के कठिन प्रश्नों से परीक्षार्थी चकरा गए। परीक्षार्थियों के मुताबिक कंप्यूटर के सवाल प्रोग्राम से न होकर संगणक प्रोग्राम से संबंधित थे। जबकि हिंदी, रीजनिंग और सामान्य ज्ञान सवाल आसान थे। 100 अंकों के पेपर में परीक्षार्थियों को कंप्यूटर के सवाल हल करने में सर्वाधिक दिमाग लगाना पड़ा। 12 बजे परीक्षा संपन्न हुई। बहुत से अभ्यर्थियों को रुक कर बारिश बंद होने का इंतजार करना पड़ा।



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में प्रवेश के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

पेपर आसान था लेकिन जीएस के सवाल में किसी आंदोलनकारी ने किसी स्थान पर क्या बोला था। यह सवाल अटपटा था। 12वीं पास करने वाले छात्र को बीएससी के सीएस के सवाल आने का मतलब परीक्षा को अनावश्यक कठिन करना था। सवाल कंप्यूटर की बेसिक जानकारी से जुड़े होने चाहिए थे।



– **नीरज**, सीतापुर

सबसे आसान सवाल हिंदी के भाग में थे। 30 नंबर के पेपर में एक नंबर भी नहीं कटेगा। हां पर रीजनिंग और कंप्यूटर के सवालों ने उलझा दिया। कुल मिलाकर पेपर बहुत अच्छा हुआ, बाकी परिणाम घोषित होने के बाद पता लगेगा।



– **विमल**, लखीमपुर खीरी

पेपर को चार भागों में बांटा गया था, सबसे कठिन प्रश्न कंप्यूटर के भाग में थे जो सिर के ऊपर से निकल रहे थे। जीएस से संबंधित सवाल भी काफी पुराने वर्षों से जुड़े थे। वैसे सभी सवाल हल किए हैं। लेकिन कुछ सवाल कंप्यूटर के थे जिन पर संदेह था।



– **पूजा**, बरेली

## मुकदमे की तारीख पर आए युवक से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना कटघर क्षेत्र के गोविंदनगर सरस्वती विहार निवासी टिंकू सिंह ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 जून को वह तारीख पर कचहरी आया था। दोपहर लगभग 12:40 बजे मुकदमे में आरोपी ज्ञानेंद्र ने बेटे नितिन और अभिषेक के साथ घेर लिया और मारपीट करने लगे। उसके पिता और अन्य लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। आरोपी मुकदमा वापस न लेने पर हत्या की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उसने बीते साल 2010 में आरोपी ज्ञानेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें कोर्ट से कुर्की आदेश भी हो चुका है। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# दुकानदार पर हमला, दुकान में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चार नामजद समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** गाड़ी खड़ी करने के विवाद में बीच बचाव करने पर दबंगों ने दुकानदार पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसकी दुकान में तोड़फोड़ भी की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना नागफनी के मोहल्ला डहरिया इमामबाड़े वाली मस्जिद निवासी अजहरउद्दीन की जिगर रोड डहरिया में कन्फैक्शनरी की दुकान है। अजहरउद्दीन के अनुसार बीते शुक्रवार की शाम के समय वह दुकान पर बैठा था। उसी दौरान उसके तहेरे भाई शावेज का गाड़ी खड़ी करने को लेकर न्यायरियान मोहल्ला निवासी अब्दुल्लाह से विवाद हो गया। पीड़ित के अनुसार शोर शराबा सुनकर वह बीच बचाव करने लगा। जिसके बाद अब्दुल्लाह वहां से चला गया। आरोप है कि बाद में आरोपी अब्दुल्लाह अपने साथ साहिल, इबाद, गुलाब साबिर और तीन अज्ञात लोगों को लेकर आ गया। आरोपियों ने दुकान में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो लाठी-डंडा और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। चीखपुकार मचने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गए। बाद में पीड़ित थाने पर पहुंचा, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पीड़ित का आरोप है कि तोड़फोड़ से उसकी दुकान में रकीब दो लाख का नुकसान हुआ है। इस संबंध में थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद समेत सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### नशे को रुपये न देने पर उस्तरे से हमला, दो भाई गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नशे के लिए रुपये न देने पर युवक पर उस्तरे से जानलेवा हमला कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर पुलिस चौकी के पीछे रहने वाला नदीम कबाड़ का काम करता है। पिता नजीर हुसैन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि चौकी क्षेत्र के ही टीचर कॉलोनी गूलड वाली मस्जिद निवासी चांद बाबू नशा करता है। वह आए दिन नदीम से नशे के लिए रुपये मांगता था। शनिवार की शाम 7 बजे आरोपी चांद बाबू ने उनके बेटे नदीम से नशीला पदार्थ खरीदने के लिए दो हजार रुपये मांगे। मना करने पर आरोपी और उसका भाई शरीफ नदीम से मारपीट करने लगा। उस्तरे से से नदीम की गर्दन और शरीर पर वार किया। जिससे वह लहूलूहान हो गया। घायल नदीम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शनिवार को पिता की तहरीर पर आरोपी चांदबाबू और उसके भाई शरीफ के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। रविवार को ही जयंतीपुर चौकी प्रभारी प्रबोध कुमार की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया।

# गोकशी गिरोह के 7 शातिरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सिविल लाइंस पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर डीएम की अनुमति से किया निरुद्ध

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने संगठित अपराधों में लिप्त गैंग का भंडाफोड़ करते हुए गैंग लीडर समेत सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। यह गिरोह गोकशी जैसे गंभीर अपराधों के जरिए अवैध धन उपार्जन करता था और क्षेत्र में दहशत फैला रखी थी।

थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि वह 23 जुलाई 2024 से सिविल लाइंस थाने पर तैनात हैं और 28 जून 2025 को क्षेत्र में गश्त के दौरान यह गिरोह चिह्नित हुआ। जिसका संचालन जीशान निवासी गजरौला सैंद थाना भोजपुर करता था। उसके साथ यामीन, जुनैद, मोहम्मद हसनैन उर्फ बिल्डर, मुरसलीन, फरमान और अजीजुररहमान शामिल है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार सभी आरोपी मिलकर एक संगठित गिरोह के रूप में कार्य कर रहे थे और गोकशी के जरिए अवैध रूप से धन कमा रहे थे। इन सभी का आपराधिक इतिहास गैंग चार्ट में दर्शाया गया है। विभिन्न मुकदमों में आरोप पत्र न्यायालय में विचाराधीन हैं। गिरोह की आपराधिक गतिविधियों के चलते कोई भी इनके खिलाफ गवाही देने या शिकायत करने का साहस नहीं कर पा रहा था। पुलिस ने गैंग चार्ट तैयार कर डीएम की अनुमति से गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क और अन्य संभावित सदस्यों की जांच में जुट गई है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, कांठ

- दूसरा युवक सामान का भारी बोरा पकड़े हुए बैठा था पीछे, घायल

**अमृत विचार :** सामान पहुंचने शेरकोट जा रहे बाइक सवारों को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे बाइक सवार का उपचार चल रहा है। मृतक का शव आने पर घर में कोहराम मच गया।



मृतक आरिफ।

नगर के घोसीपुरा निवासी आरिफ पुत्र अनीस अहमद शनिवार को मोहल्ले के ही जावेद के साथ उसकी बाइक पर सामान पहुंचाने शनिवार सुबह घर से निकले थे। बाइक जावेद चला रहा था। आरिफ सामान का भारी बोरा पकड़े हुए पीछे बैठा था। धामपुर के पास बाइक को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए शेरकोट पुलिस द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम को सूचना दी गई।

गंभीर रूप से घायल आरिफ को परिजन कोठीवाल अस्पताल मुरादाबाद ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। दूसरा बाइक सवार जावेद का उपचार चल रहा है। भाई जावेद ने बताया कि उन्होंने अपने भाई का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। जावेद अपने बड़े भाई आबिद के कहने पर आरिफ को सामान पहुंचाने शेरकोट ले गया था।

### हादसे में घायल दुकानदार ने दम तोड़ा

**बिलारी, अमृत विचार :** नैनीताल के कैंची धाम में दर्शन के लिए बिलारी से बाइक पर सवार होकर गए दुकानदार व उसका नौकर वापस लौटते समय रुद्रपुर के पास हादसे का शिकार हो गए थे। डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया था। दुकानदार के नौकर की मौत हो गई थी, जबकि दुकानदार का इलाज चल रहा था। अब उसने भी इलाज के दौरान मुरादाबाद में दम तोड़ दिया, शव घर पहुंचा तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बिलारी के प्रजापति मोहल्ले में रहने वाले कॉस्मेटिक दुकानदार दिनेश कुमार प्रजापति बीते दिनों ऋषभ उर्फ गोलू पुत्र संजीव निवासी रुस्तम नगर सहसपुर को उत्तराखंड के नैनीताल के कैंची धाम में दर्शन करने के लिए बाइक से गए थे। वापस लौटते समय पंतनगर पहुंचने पर बेकाबू डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया था।



# वाई-फाई ठीक करने के नाम पर महिला से हजारों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शातिर ठग ने मोबाइल में एप डाउनलोड कराकर दिया वारदात को अंजाम

**अमृत विचार :** एक महिला को जिओ फाइबर का कनेक्शन ठीक कराने के लिए गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च करना महंगा पड़ गया। साइबर ठग ने उन्हें झांसे में लेकर उनके खाते से 94 हजार रुपये की ठगी कर डाली।

थाना सिविल लाइंस की पॉश कालोनी गौर ग्रेसियस सोसायटी निवासी वीनू गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके घर में जिओ फाइबर कनेक्शन है। उनके कनेक्शन में कुछ समस्या आ गई थी। उन्होंने शिकायत दर्ज कराने के लिए गूगल से जिओ फाइबर कस्टमर केयर पर कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने कहा कि वह सुबह कॉल करें। इस समय समाधान नहीं हो पाएगा। अगले दिन मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आई। कहा कि वह जिओ से बोल रहा है। उसने एक एप डाउन लोड करा लिया। जिससे उनका मोबाइल हैक हो गया। इसी बीच आरोपी ने वीनू के खाते से लगभग 94 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि जानकारी की जा रही है।

### एटीएम कार्ड बदलकर 55 हजार रुपये उड़ाए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज निवासी दिशांत चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 जून की शाम 4:30 बजे वह तिकोनिया स्थित एटीएम से रुपये निकालने गया था। रुपये निकालने का प्रयास किया तो नहीं निकले। वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने मदद करने के नाम पर पिन कोड लेकर एटीएम से रुपये निकालने लगा लेकिन तब भी रुपये नहीं निकल सके। शातिरों ने उसका पीएनबी बैंक का एटीएम कार्ड बदल लिया और उसके जाते ही एटीएम से 55 हजार रुपये निकाल लिए। उसके मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज आया तो उसे ठगी का एहसास हुआ। युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# टेबल टेनिस पुरुष में पश्चिमी जोन जीता




टेबल टेनिस की विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी, एसएसपी सतपाल अंतिल व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस लाइन में आयोजित 42 वीं वार्षिक प्रतियोगिता में मेरठ बना बैडमिंटन का विजेता

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस की 42 वीं वार्षिक बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025 का रविवार को समापन हो गया। इसमें प्रदेश की 13 पुलिस टीमों—बरेली, आगरा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, पीएसी पूर्वी, मध्य एवं पश्चिमी जोन, रेडियो और जीआरपी जोन के कुल 305 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

रविवार को आखिरी दिन प्रतियोगिता का आरंभ डीआईजी मुनिराज जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया। समापन के दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष टीम वर्ग में मेरठ जोन प्रथम स्थान व वाराणसी जोन द्वितीय स्थान पर रही। महिला टीम वर्ग में मेरठ जोन प्रथम स्थान व कानपुर जोन द्वितीय स्थान पर रही। वहीं टेबल टेनिस के पुरुष टीम वर्ग में पीएसी पश्चिमी जोन प्रथम स्थान व मेरठ जोन द्वितीय स्थान पर रही। वहीं महिला टीम वर्ग में मेरठ जोन प्रथम स्थान व प्रयागराज जोन द्वितीय स्थान पर रही। चार दिवसीय आयोजन को एसएसपी सतपाल अंतिल, मंडलीय ओलंपिक सचिव अजय पाठक, एनआईएस कोच आसिफ सिद्दीकी, एनआईएस मनोज कुमार, टेबल टेनिस कोच महेश चंद्र पांडेय व आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने सफलतापूर्वक संचालित किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में सेवानिवृत्त दरोगा करतार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह, पीटीआई सुधीर शर्मा व देवेंद्र तालान, तथा आरक्षी रविंद्र कसाना का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हत्या में जेल में बंद हरपाल की बिगड़ी तबीयत, मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला कारागार में हत्या के मामले में बंद बंदी हरपाल की रविवार की सुबह तबीयत बिगड़ गई। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मैनाठेर के गांव लालखेड़ा निवासी ओमपाल की 8 दिसंबर 2024 को गोली और धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी रामवती के शिकायती पत्र पर हरपाल, कुलवेंद्र, रंजीत, संजीव, देवराज, जगत सिंह, भारत सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। तभी से हरपाल अन्य आरोपियों के साथ जेल में था। बताया गया कि रविवार की सुबह हरपाल बैरक में था, तभी उसकी तबीयत बिगड़ गई। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि होगी, लेकिन हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार वालों को दे दिया है। उधर, मैनाठेर पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया।

# नाराज होकर मायके पहुंची बहू, लेने आई सास को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वृद्धा ने लगाया हत्या करने के प्रयास का आरोप
- पुलिस ने दर्ज की बहु समेत चार मायकेवालों पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के विशनपुर भीमाठेर में पारिवारिक विवाद के चलते एक वृद्धा को उसकी बहू और मायके वालों ने बुरी तरह मारापीटा और गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बहू समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना कांठ क्षेत्र के कस्बा उमरी कला के मोहल्ला परीदगंज निवासी नाजरा ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी पुत्रवधू हुमा ने कुछ समय पहले दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कांठ थाने में दर्ज कराया था। कांठ थाने के दरोगा के कहने पर नाजरा 28 जून की सुबह 11 बजे हुमा से मिलने विशनपुर भीमाठेर गई थीं, ताकि रिश्ते को सुधारने की कोशिश की जा सके। पीड़ित नाजरा के अनुसार घर पहुंचते ही बहू हुमा ने नाराजगी जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और तुरंत जुबैर को बुला लिया। जुबैर ने धमकाते हुए उनके दाहिने हाथ की कोहनी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं। वहीं, हुमा की बहन सकीना ने गला दबा दिया, हुमा के बहनोई अहसान ने उनकी कमर पर लात मारी और हुमा ने बाल पकड़कर गाल पर थप्पड़ जड़े। पीड़िता का आरोप है कि हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वह वहां से भागीं और थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना कटघर क्षेत्र के रहमतनगर गली नंबर-4 निवासी इरशाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 26 जून को गली में खड़ी स्कूटी चोरी हो गई थी। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाली। जिससे आरोपी की पहचान हुई। शनिवार रात एसआई प्रमोद कुमार ने रहमतनगर के ही गली नंबर एक निवासी जावेद को गिरफ्तार कर स्कूटी बरामद कर ली। रविवार को जेल भेज दिया।

## एक नजर

### विधवा से गाली-गलौज जमीन पर कब्जे का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिलारी क्षेत्र के ग्राम लालपुर चौहान निवासी रीता पत्नी स्वर्गीय इमरत सिंह ने तहरीर में बताया कि उसके देवर बंटवारे को लेकर उसके प्रति लंबे समय से रंजिश रखते हैं। इसी रंजिश के चलते वे आए दिन उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं और गाली-गलौज करते हैं। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी खेती की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है और उसमें धान की फसल भी बो दी है। जब उसकी पुत्री ने इसका विरोध किया तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए। जिसपर पीड़िता ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### बारिश में बिजली गुल

**कांठ, अमृत विचार :** रविवार को भारी वर्षा के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रही। मुख्य लाइन में फॉल्ट आने के कारण सुबह लगभग 9 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रही, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर जलभराव हो गया, जिससे लोग घरों में ही कैद होकर रह गए। वहीं, बिजली न होने से पेयजल आपूर्ति, ऑनलाइन कार्य, व्यवसायिक गतिविधियां और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। लोगों ने व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है।

# शहादत सुनकर बुलंद हुईं हाय हुसैन की सदाएं

## रविवार को मोहर्रम की तीसरी तारीख पर कई जगह हुई मजलिसें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रविवार को मोहर्रम की तीसरी तारीख पर पहली मजलिस मोहल्ला लाकड़ी वालान में मरहूम अली यावर नकवी के मकान पर हुई। महफिल को मौलाना हसन मुज्तबा ने खिताब किया। इस दौरान मजलिस में हाजी शबी हैदर ने मर्सिया ख्वानी की।

मौलाना हसन मुज्तबा ने मजलिस को खिताब करते हुए कर्बला में इमाम हुसैन पर हुए जुल्मो ज्यादतियो का जिक्र किया। इमाम हुसैन के करीबी दोस्त रहे हजरत मुस्लिम की शहादत को सुनकर अजादारो में हाय हुसैना हाय हुसैन की सदाएं बुलंद होने लगी। मैलाना ने कहा कि हुसैन का नाम हर घर मे जोरो शोर से लिया जाता है। जबकि यजीद का कोई नाम लेने वाला नहीं है। मजलिस के बाद असिम यावर ने नोहा पड़ा। जिसमें अजादरों ने मातम किया। इसके अलावा दूसरी मजलिस इमामबाड़ा मीर सआदत अली स्थित चौमुखपुल पर हुई। जबकि तीसरी मजलिस मोहल्ला लाकड़ीवालान में इमाम बाड़ा हकीम फरजंद अली मे हुई। इस महफिल को मौलाना हसन मुज्तबा ने ही खिताब किया। मजलिस में आसिम यावर, मोहम्मद अब्बास एडवोके, हाजी अमीरूल हसन, हाजी कायम हसनैन, हाजी नसीम हैदर, गुलरेज हैदर, मोहम्मद आलम आब्दी, नावेद यावर, जावेद यावर, शबाब हैदर, सबील मिर्जा, काशिफ हसनैन, आसिफ रजा, मोहम्मद आलम, जमा हैदर, मोहम्मद आरिज अब्बास, सुहेल अहमद रिज़वी समेत अन्य अजादार शामिल रहे।


ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल को खिताब करते मुफ्ती दानिश कादरी।

**हजरत अबूबक्र सिद्दीक की सादगी, कुर्बानी, ईमानदारी से सबक ले मुसलमान :** महानगर की लाल मस्जिद में आयोजित 10 रोज़ा ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की तीसरी महफिल में भी रविवार की रात आलिम-ए-दीन हज़रत मौलाना मुफ्ती दानिश कादरी ने हजरत अबुकबक्र सिद्दीक की सीरत व फजाइल पर बयान किया। महफिल को खिताब करते हुए मुफ्ती दानिश कादरी ने कहा कि कहा कि हज़रत सिद्दीक-ए-अकबर इस्लाम के पहले खलीफा, रसूल-ए-करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के करीबी साथी और बेपनाह कुर्बानी देने वाले सच्चे मुसलमान थे। उन्होंने कहा कि अबुबक्र सिद्दीक ने अपने माल, जान, इज़्ज़त हर चीज़ को इस्लाम की तरक्क़ी और उम्मत की भलाई के लिए कुर्बान कर दिया। ग़ार-ए-सौर में नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के साथ रहने से लेकर खिलाफत के दौर में उम्मत को संगठित करने तक, हर वक़्त आपने उम्मत की रहनुमाई की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में मुसलमानों को हजरत अबूबक्र सिद्दीक की सादगी, कुर्बानी, ईमानदारी और बहादुरी से सबक लेना चाहिए और सच्चाई, इत्तेहाद और दीनी खिदमत का जज़्बा पैदा करना चाहिए। आखिर में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ कराई गई। महफिल में हाफिज़ फाजिल, शादमान अशरफी, शुजात अशरफी, रईस अशरफी शामिल रहे।



### इमाम हुसैन के नक्शे कदम पर चलने की दी हिदायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के आजाद नगर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मदीय हॉल में मोहर्रम की दूसरी तीसरी तारीख पर रात में आयोजित हुई महफिल को सिरसी से आए मौलाना मोहम्मद हसन सिरसवीं ने खिताब किया। मजलिस में मौलाना मोहम्मद हसन ने इमाम हुसैन के नक्शे कदम पर चलने की हिदायत दी। वहीं आज रागिव अली के घर से अलम मुबारक लेकर जुलूस की शक्ल में मोहम्मदिया हॉल पहुचे है। मोहम्मदीय हॉल के सेक्रेटरी हाजी डॉ. कायम रजा ने बताया हर साल की तरह इस साल भी मुहर्रम की चांद रात से 10 तारिख तक मजलिसो का इन्तज़ाम किया जाएगा। इस दौरान कलाम हसनैन, इमाम ए मेंहदी यूथ मिशन के अध्यक्ष हसन ज़ैदी एडवोकेट, सलमान, काशीफ, नाजीश, मोहम्मद अली, इस्लाम हैदर, वसी अब्बास, सदिक आबदी, इशहाक हुसैन, शवाब नकवी, अब्बास हैदर व सलीम भाई समेत अन्य अजादार शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**छजलैट, अमृत विचार :** मंडल छजलैट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को सुना। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया। विधानसभा कांठ के मंडल छजलैट के ग्राम ऐदलपुर जोगिया सिहाली, मधुवा खालसा, कुरी रवाना, छजलैट, भीकनपुर, पट्टी फोल्डा, मथाना, तेलीपुरा खालसा आदि गांवों में भाजपा मंडल छजलैट के कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम को सुना उसके उपरांत समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर हुकम सिंह क्षेत्रीय सह संयोजक वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी, जिला मंत्री युवा मोर्चा सुमित दिवाकर, विशेश्वर प्रसाद शर्मा, संजीव कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सुशील कुमार, अखिलेश विश्नोई, सुभाष सिंह, प्रदीप उर्फ मोंटी, सोमवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, मुनेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आपातकाल लोकतंत्र पर काला धब्बा



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल के शक्ति केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात सुनी गई। प्रधानमंत्री ने 25 जून 1975 को देश पर लगाए गए आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर काला धब्बा था। समापन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र संयोजक शक्ति केंद्र प्रभारी एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, नगर मंडल मंत्री डॉ. उमेश कश्यप, विधानसभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, मुकेश चौधरी, लक्ष्मण सिंह धर्मेंद्र सिंह जिला संयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ आशुतोष अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, बूथ अध्यक्ष आलोक अग्रवाल एवं तरुष अग्रवाल उपस्थित रहे।

### पौध लगा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया



**डिलारी, अमृत विचार :** भाजपा अगवानपुर मंडल की ओर से गांव धारक नगला, बहेड़ी ब्रहमनान, महेशपुर, कुआंखेड़ा, काजीपुरा, सलेमसराय, डिलारी में रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल, कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के पश्चात एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके साथ ही जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। मंडल अध्यक्ष, संजय विश्नोई, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह पाल, विशाल शर्मा, टेकचंद कश्यप, अभिषेक सहरावत, अभिनव गुप्ता, भूदेव सिंह, राजेश रुहेला, तेजपाल सिंह, बूथ प्रभारी एवं कई कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनभागीदारी को बढ़ावा देना और समाज में जागरुकता फैलाना रहा।

### पौधरोपण कर दी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि



**बिलारी, अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुना और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। बूथ संख्या 241 पर मण्डल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा को अपनाने का प्रयास करना एक सराहनीय पहल है। कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक विश्वास यादव, बूथ अध्यक्ष देवेश चौधरी, यश प्रताप, गिरीश बाबू, अभिलाष गौड़, प्रशांत चौधरी, मेघपाल सिंह, अमित चौधरी, मनोज ठाकुर, नवनीत यादव, मनोज प्रजापति, दिनेश प्रजापति, मनोहर सिंह प्रधान, किशनलाल प्रजापति, गोपी चंद, टिंकू मौर्या, सूरज सिंह, तेजेंद्र कुमार, पंकज चौहान, गायत्री कोहली, डॉ विश्वास शर्मा, वीरपाल कोली, उमेश यादव, गीता कोली, गीता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### शाखा पर प्रवास करें आरएसएस स्वयंसेवक



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में स्थित एक गार्डन में रविवार को आरएसएस के स्वयंसेवकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिथि प्रांत संयोजक अनिल कुमार, विभाग संयोजक गुलबहार सिंह, नगर कार्यवाह मुदित अग्रवाल, नगर प्रचारक शिवांशु, जिला संयोजक जयवीर सिंह, महानगर संयोजक गुरप्रीत सिंह, रामपुर संयोजक आनंद कुमार, ठाकुरद्वारा सहसंयोजक अतुल ढाका, डॉ. चमन, एडवोकेट प्रशांत कुमार, वीरेंद्र, बलविंदर, सुधीर कुमार, डॉ. हरगान सिंह, कपिल कुमार, सुदेश, राजकुमार, प्रशांत कुमार आदि ने भाग लिया। रामपुर के आनंद ने सामाजिक मंत्र और सामाजिक गणित गाकर मन मोह लिया। सामाजिक समरसता के विषय में चर्चा हुई। कहा गया कि सभी क्षेत्रों की शाखा पर जाएं और वहीं प्रवास करें।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**कांठ, अमृत विचार :** एक पेड़ मां के नाम एक पेड़ देश के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में राजपाल सिंह प्रजापति पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ, मनीष कुमार चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष कांठ, सुनील कुमार चौहान मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा कांठ, अनुज कुमार बिश्नोई जिला महामंत्री किसान मोर्चा, रणवीर सिंह पूर्व सेक्टर संयोजक मौढी हजरतपुर और भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। बूथ नंबर 49 पर मन की बात का कार्यक्रम सुनकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया।

### मारपीट की घटनाओं में तीन गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने अलग-अलग मारपीट की घटनाओं में तीन लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उन्हें एसडीएम के न्यायालय में पेश किया। कांठ के ग्राम मघपुरी इनायतपुरी निवासी रोहित पुत्र चंद्रपाल, बंटी पुत्र महिपाल सिंह ने गांव के ही एक व्यक्ति को गाली गलौज कर धमकाया था। दोनों पर एक व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा ग्राम शाहजौली निवासी तौफीक पुत्र वहीद को मारपीट के मामले में पकड़ा। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर एसडीएम के न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने बताया कि खुराफातियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

# समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन को देंगे गति


कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बैठक में चर्चा करते कामरेड। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

• भाकपा की बैठक में एकजुटता पर दिया जोर

**अमृत विचार:** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की बैठक में आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन को तेज गति प्रदान करने पर सहमति बनी। विनाशकारी आर्थिक नीतियों के खिलाफ आम जनता को एक प्लेटफार्म करने की बात पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर चंद्रपाल सिंह ने अत्याचार के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

रविवार को मंडल की बैठक कामरेड चंद्रपाल सिंह आजाद की अध्यक्षता में हुई। पार्टी के राज्य सचिव व मंडल के सदस्य कामरेड सुरेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी को जन क्रांतिकारी बनाने के लिए आम जन की समस्याओं को रेखांकित कर आंदोलनों को तेज करना होगा। कहा कि जनता के बीच जाकर उस पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ लड़ना होगा, तभी पार्टी को मजबूत कर सकेंगे। जिला सचिव ने सचिव मंडल के साथियों को नेतृत्व और दायित्वों के प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में विक्रम सिंह एडवोकेट, कासिम अली, एचएन मिश्रा व याकूब सैफी आदि मौजूद रहे। संचालन जिला सचिव थान सिंह ने किया।

# बारिश ने खोली नगर पालिका की पोल, सड़कें जलमग्न

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कुछ घंटों की बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की नालों की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। नगर की प्रमुख सड़कों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक पानी और गंदगी से भर गए। जिसके कारण नाले उफन गए। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई।

एसडीएम कोर्ट रोड, पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर, कमलापुरी रोड, शगुन तिराहा, बुध बाजार, गंज बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, मोहल्ला दर्जियान, कोतवाली रोड, नागरिया रोड, रामलीला मैदान से आंबेडकर पार्क जाने वाली सड़क, मोहल्ला मनिहारान, जमरावाला, व ताली मोहल्ला की सड़कों पर पानी भर गया। विशेष रूप से एसडीएम कोर्ट रोड पर स्थित पुलिया, जो पहले से ही काफी संकरी है, बारिश के दौरान चोक हो गई। बताया जा रहा है कि यह पुलिया बुध बाजार से निकलकर कमालपुर चौराहे तक जाती है, लेकिन सफाई की अनदेखी और नागरिकों द्वारा नालों में फेंके जा रहे कचरे के कारण नाले की निकासी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। नालों के उफनने से सड़कें जलमग्न हो गईं और जगह-जगह दुर्गंध फैल गई। हालांकि सफाई कर्मी समय-समय पर नाले की सफाई का दावा करते हैं, लेकिन हकीकत बारिश में उजागर हो गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नालियों में कूड़ा डालने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे हालात हर साल इसी तरह बिगड़ते जा रहे हैं। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर जलभराव और दुर्गंध ने मुश्किलें बढ़ा दीं। हालांकि बच्चे सड़कों पर भीगते दिखे।


सड़क में भरे बारिश के पानी से होकर जाते बच्चे। • अमृत विचार


धान की पौध लगाने की तैयारी।

• नाले चोक होने से कई इलाकों में जलभराव

### जमकर बरसे बदरा, धान की रोपाई शुरू

**मूंढापांडे, अमृत विचार :** बारिश न होने से अन्नदाता को धान की रोपाई की चिंता सता रही थी। मूसलाधार बारिश से आमजन के साथ किसानों में खुशी की लहर है। क्षेत्र में रविवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। बादल छा गए और थोड़ी देर बाद ही तेज गरज के साथ बदरा जमकर बरसे। जिससे गर्मी का प्रकोप बेअसर हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर किसान भी पूरी तरह से धान की रोपाई के लिए सक्रिय हो गए। लालाटीकर के सुशील शर्मा, झौंडा के ठाकुर सुधारी सिंह ने बताया किसानों को बरसात का लंबे समय से इंतजार था जो अब पूरा हो गया। इस बरसात से चरई, बाजरा को फायदा होगा। खासकर धान की खेती करने वाले किसानों को अधिक लाभ होगा। रोपाई के लिए अब किसान को ज़्यादा पंपसेट चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# कारगिल शहीद की पुण्यतिथि पर कल्याण यज्ञ का आयोजन, अर्पित की पुष्पांजलि

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव आवि हाफिजपुर मिलक में शहीद अरविंद सिंह के जन्म स्थल पर 29 जून को उनकी पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आर्यावर्त जन उत्थान न्यास (पंजी.), अमरोहा के तत्वावधान में शहीद अरविंद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर न्यास के प्रबंध न्यासी प्रोफेसर अशोक कुमार आर्य ने कहा कि 29 जून 1999 को कारगिल युद्ध में शहीद हुए अरविंद सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके बलिदान को याद करते हुए उनके परिवार के सदस्यों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अमर शहीद अरविंद सिंह को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद के पिता मुख्तयार सिंह, माताजी चंद्रावती, भाई धर्मेंद्र सिंह, हरमिंदर कौर, बहिन सर्वेश, शशि, बबीता, मंगू सिंह आर्य, प्रो बीना रुस्तगी, डॉ अशोक कुमार आर्य, बिशन सिंह वर्मा, अनुराग त्यागी, दिनेश कुमार, तेजस सिंह, अर्जुन, याना, केशव सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

शहीद अरविंद सिंह के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शहीद की आत्मा की शांति और देश की समृद्धि की कामना की गई। लोगों ने शहीद अरविंद सिंह के जीवन और बलिदान से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। यज्ञ ओमदेव आर्य ने संपन्न कराया।


शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते परिजन व अन्य। • अमृत विचार

## मिलावट की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी का छापा, सैंपल लिए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में घटिया खाद्य पदार्थो की बिक्री करने वाले व्यापारियों व दुकानदारों पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। छापे से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह ने बताया कि नगर में बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध नगर की गली मोहल्लों में खुलेआम बेचे जाने की शिकायत पर रविवार को छापे मारी कर दूध व केक सैंपल लेकर जांच को भेज दिए। शनिवार को फिर से टीम के साथ छापा मारा। मै. अनिल ट्रेडर्स से बेसन एवं मसाले के नमूने, सब्बाक ट्रेडर्स से बादाम एवं काजू, राजीव कुमार की दुकान से रविंद्रा मस्टर्ड ऑयल का नमूना, सिंघल कन्फेक्शनर्स से कैच मसाला एवं फ्रूट जूस का नमूना लेकर जांच को भेजा।

# शिखर पर पहुंचने को उत्तम शिक्षा ही एक मात्र साधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

• चंद्रवती फिल्म और डीएमआर ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह

**अमृत विचार :** डीएमआर सभागार में रविवार को चंद्रवती फिल्म और डीएमआर ग्रुप की ओर से यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार ने कहा कि जीवन में अगर आगे बढ़ना है तो मन लगाकर पड़ना होगा। सफलता के शिखर पर पहुंचने का एकमात्र साधन उत्तम शिक्षा है।

डीएमआर ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मंजेश राठी ने कहा कि सम्मान पाने के बाद मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। लोगों को अहम और वहम नहीं पालना चाहिए। डीएमओ, रेलवे डॉ. सुषमा राठी ने कहा कि चयनित वास्तव में सम्मान के पात्र हैं क्योंकि यही लोग समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्रम न्यायालय नोएडा के पीठासीन अधिकारी सरोज कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को जन्म देते हैं। सम्मानित होने वालों में आयुषी चौधरी, विवेक कुमार, रोहताश बेनीवाल, रुपल राणा, जसवीर सिंह राणा, इशिता राठी, काजल, देवेंद्र सिंह, प्रशांत चौधरी, रीता चौधरी, जगत सिंह, प्रियंका चौधरी, स्नेह लता चौधरी को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता राष्ट्रीय खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने की। संचालन डॉ. प्रदीप शर्मा ने किया। डॉ. मदन पाल सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर धीरशांत दास, चौधरी ऋषिपाल सिंह आदि रहे।

### डीलर पर राशन हड़पने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गरीबों का राशन हड़पने के मामले में एसडीएम प्रीति सिंह के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांवपानू वाला की राशन डीलर ने गरीबों के लिए आए राशन को हड़प कर कालाबाजारी कर दी। एसडीएम के आदेश पर की गई जांच में आरोप सही मिले। जिसके बाद किरण स्वयं सहायता समूह की राशन डीलर रीना देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पूर्ति निरीक्षक जयवीर सिंह ने बताया कि रीना देवी के खिलाफ खाद्यान्न की कालाबाजारी करने के आरोप में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी। ।एसडीएम प्रीति सिंह ने जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक और नायब तहसीलदार की टीम गठित की थी। 23 जून को गांव जाकर जांच की। जिसमें गेहूं चावल कम मिला। 15 राशन कार्ड धारकों से पूछताछ की तो सायरा बानो, छोटी, शबनम आदि ने बताया कि उन्हें कम राशन दिया गया। दुकान को सील कर दिया गया और उसमें मिले खाद्यान्न को शेरपुर बहरीन के राशन डीलर विनोद कुमार की सुपुदर्गी में दे दिया गया।

### प्रवक्ता पर फर्जी टीसी से प्रवेश दिलाने के आरोप सिद्ध

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में मिड डे मिल व फर्जी टीसी से एडमिशन के मामले में जांच समिति ने जांच कर विद्यालय के प्रवक्ता सईदुल जफर को दोषी ठहराया है। जिस पर डीआइओएस देवेंद्र कुमार पांडे ने विद्यालय के प्रबंधक को प्रवक्ता के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अनुज कुमार गुप्ता व थाना क्षेत्र के गांवलेद निवासी अली मोहम्मद पुत्र शेर अली द्वारा दर्ज कराई शिकायत पर संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी ने राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर मुजफ्फरपुर व मूंडापांडे के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य की समिति बनाकर जांच के निर्देश दिए थे। जांच समिति ने जांच रिपोर्ट 10 जून को सौंपी। जिसमें प्रवक्ता सईदुल जफर को मिड डे मील व अपने निजी विद्यालय की फर्जी टीसी से विद्यालय में छात्रों के प्रवेश दिलाने के मामले में दोषी माना। जिसके बाद सईदुल के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# तीन मोहर्रम को निकाला अलम का जुलूस

संवाददाता, अगवानपुर

**अमृत विचार:** नगर पंचायत में तीन मोहर्रम को अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसमें सैकड़ों की तादाद में आजादार शामिल रहे।

नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा तहज़ीबुल हसन से अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। जिसमें भीकनपुर से आई अंजुमन अश्के अज़ा ने मातम एवं नोहख्वानी की। इस दौरान नगर के मोहल्ला सराय फारूख की अंजुमन ज़ीनत ए अज़ा, मोहल्ला सादात की अंजुमन तंजीम ए हुसैनी ने भी मातम किया। जुलूस इमामबाड़ा तहज़ीबुल हसन से बरामद होकर शुक्रवार का बाज़ार से गांधी वाला मंदिर से मोहल्ला जामा मस्जिद से मोहल्ला नियरियांन से तारा वाला कुआं से इमामबाड़ा मनिहारीयान से सोमवार का बाज़ार से इमामबाड़ा तकिया याद अली, से मोहल्ला ढाप से मोहल्ला कलालपुरी से मोहल्ला कुरैशियान से स्टेशन रोड होता हुआ मोहल्ला सराय फारूख इमामबाड़ा पंजेतनी से इमामबाड़ा सफ़दर हुसैन से स्टेशन रोड होता हुआ इमामबाड़ा मीर खैरात अली से इमामबाड़ा तहज़ीबुल हसन पर जाकर जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस में चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी, सिविल लाइंस इंस्पेक्टर मनीष कुमार सक्सेना, सौरभ त्यागी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान हसन नवाब, एंड तहज़ीब हसनैन, तहसीन हसनैन, बब्बू, हैदर हसन, डॉ अली रज़ा, दानिश रज़ा, नैय्यर अब्बास, शहज़ाद आदि मौजूद रहे।


जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल लोग। • अमृत विचार

## नाबालिग को फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप दो पर एफआइआर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में एक नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़ित ने बताया कि 28 जून को खेत में धान की पौध लगाने गया हुआ था। उस समय सागर पुत्र बालमुकुंद व एक अज्ञात निवासी पतरामपुर तहसील जसपुर उत्तराखंड उसके घर आए और नाबालिग पुत्री को फुसलाकर ले गए। बेटी अपने साथ घर में रखे 10 हजार रुपये सोने के कुंडल, चेन ले गई है। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

## एक नजर

### स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में ज्ञापन देंगे शिक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरकारी स्कूलों के मर्ज करने के विरोध में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। जिलाध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि सरकार द्वारा स्कूलों को मर्ज करने का निर्णय शिक्षा विरोधी है। वर्ष 2009 में केंद्र सरकार ने बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया था, जिसमें एक किलोमीटर में प्राइमरी स्कूल और 3 किलोमीटर में जूनियर हाई स्कूल की व्यवस्था रखी गई है। जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि स्कूल मर्ज होने से गांव के बच्चे विशेषकर बालिकाएं स्कूल जाना छोड़ देंगे। सरकार का यह फैसला शिक्षा और जन विरोधी है। इस मांग को लेकर शिक्षक सोमवार को बीएसए कार्यालय में शाम 4 बजे एकत्र होकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### बेसिक शिक्षा विभाग में 6 वर्ष से भर्ती नहीं होने से डीएलएड कर चुके युवक-युवतियां परेशान

# 5 वर्ष में 3 हजार से ज्यादा ने किया डीएलएड, नौकरी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में हर वर्ष 650 युवक-युवतियां डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन) कर रहे हैं। जो पहले बीटीसी के नाम से कोर्स था, अब डीएलएड है। पिछले 5 वर्ष में 3 हजार से ज्यादा ने डीएलएड कोर्स किया है, लेकिन पिछले 6 वर्ष से बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती नहीं निकाली है। जिससे पात्र युवक-युवतियां नौकरी के इंतजार में परेशान हैं।

डीएलएड कर चुके युवक-युवतियां हर साल भर्ती को लेकर शासन के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018 और 2019 में बड़ी भर्ती निकाली गईं थीं। हर साल शिक्षक भर्ती का इंतजार करते हैं लेकिन निराशा हाथ लग रही है। जिले में पिछले 5 साल के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो 3 हजार से ज्यादा युवक और युवतियों ने डीएलएड कोर्स किया है। बीटीसी बंद हो जाने के बाद डीएलएड कोर्स चालू किया गया था । जिले में डायट सहित 8 कॉलजों में डीएलएड कराया जा रहा है। जिसमें डायट में 100 सीट हैं। 7 निजी शिक्षा संस्थानों में डीएलएड कोर्स हो रहा है। शासन की ओर से वर्ष 2019 से शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण अधिकतर बेरोजगार हैं, या निजी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं लेकिन कम वेतन के चलते परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

**स्कूलों के मर्जर के बाद बढ़ेगी मुसीबत :** प्रदेश भर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 50 से कम बच्चों वाले सरकारी स्कूलों की सूची तैयार कर ली गई है।

रामपुर में 400 के करीब ऐसे स्कूल मिले हैं, जिनका मर्जर होना है। 400 स्कूलों के शिक्षकों को पास के स्कूल से जोड़ा जाएगा। जिससे ये स्कूल पूरी तरह बंद हो जाएंगे। मर्जर होने के बाद शिक्षकों की सरप्लस की सूची भी विभाग ने जारी कर दी है। जिनका जरूरत के हिसाब से स्थानांतरण की तैयारी चल रही है। ऐसे में स्कूल का मर्जर होना भी शिक्षक भर्ती की राह में रोड़े का काम करेगा। अब प्रदेश भर में हजारों शिक्षक सरपल्स होने का अनुमान है।



वर्ष 2023 में डीएलएड कर लेने के बाद भी नौकरी की कोई उम्मीद नहीं है। कितने ही युवाओं ने मेहनत करके यह डिग्री हासिल की, लेकिन अब सब खाली बैठे हैं। सपनों को पूरा करने के लिए नौकरी जरूरी है, वरना पढ़ाई का क्या मतलब। परिवार भी उम्मीद लगाए बैठा है कि अब नौकरी मिलेगी। **– हिमाशी गंगवार**



डीएलएड का कोर्स पूरा किया था, ताकि मुझे नौकरी मिल सके। लेकिन डिग्री पूरी होने के बाद भी अभी तक कोई भर्ती नहीं आई है। सरकार से यही गुजारिश है कि जल्द से जल्द नई भर्तियां निकाली जाएं, ताकि लाखों युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके। **– अजय गंगवार**



हमने डीएलएड की पढ़ाई इसलिए चुनी थी ताकि हमें बच्चों को पढ़ाने का मौका मिले। देश के भविष्य को संवार सकें। 2020 में कोर्स होते ही हमने कई सपने देखे थे,अच्छी नौकरी, परिवार की मदद और समाज में इज्जत। लेकिन आज तक कोई भर्ती नहीं आने से लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटका है। **– आकांक्षा गंगवार**



डीएलएड कोर्स को पूरा करने के लिए हमने दिन-रात एक कर दिए थे। जैसे ही डिग्री हाथ में आई थी, लगा था अब जीवन बदल जाएगा। लेकिन अब तक कोई भर्ती नहीं आई, न कोई ठोस खबर। हर दिन अखबारों और वेबसाइट्स पर नई उम्मीद लिए देखते हैं, लेकिन सिर्फ तारीखें बदलती हैं, हालात नहीं। **– सचिन देव**

# झमाझम हुई बारिश, लोगों को उमस से मिली राहत

### सुबह से आसमान में घिरीं काली घटाएं, बिजली की लाइनों में ब्रेकडाउन, खरीफ की फसलों पर संजीवनी बनकर बरसा पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले भर में रविवार को झमाझम हुई, जिससे लोगों को उमस से राहत मिली। शहर में रविवार सुबह 10:15 बजे शुरू हुई बारिश अपराह्न 2 बजे तक होती रही। इसके बाद आसमान में बादल छाए रहे। बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो गई। इसके अलावा बिजली की लाइनों पर पेड़ और उनकी टहनियां गिरने से विद्युत आपूर्ति बेपटरी हो गई। हालांकि खरीफ की फसलों पर बारिश संजीवनी बनकर बरसी है।

कई दिन से उमस से जूझ रहे लोगों को खासी राहत मिली है। इसके अलावा फसलों को भी काफी लाभ हुआ है। बारिश होने से सड़कों पर जगह-जगह जलभराव हो गया। अपराह्न में बारिश थमी, लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। बारिश से कुम्हला रही फसलों को जिंदगी मिल गई है।



गांधी समाधि के पास जलभराव के बीच से गुजरते वाहन।



बारिश के बीच जाता रिक्शा।

किसान होरी लाल ने बताया कि डीजल महंगा होने के कारण किसान बहुत मजबूरी को फसलों की सिंचाई डीजल पम्पिंग सेट से कर रहा है। बिजली नहीं मिलने के कारण नलकूप नहीं चल रहे हैं। जिसके कारण धान, गन्ना, ज्वार, बाजरा, और चरई की फसलें कुम्हलाने लगी थीं। बारिश होने के बाद फसलों को काफी लाभ मिला है। अब कई दिनों तक डीजल खरीद कर फसलों की सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। इससे किसानों की लागत कम होगी। दूसरी ओर, कलेक्ट्रेट रोड, गांधी समाधि के निकट, पालिका परिषद के सामने सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### लाइन में ब्रेकडाउन से 32 गांवों की बिजली गुल

**मसवासी, अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत 32 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। रविवार सुबह तेज बारिश और हवा के बीच टांडा से दढ़ियाल होकर मसवासी पहुंच रही 33 हजार केवी लाइन में ब्रेकडाउन हो गया। जिससे मसवासी नगर समेत चाउपूरा, भूबरा, बिजारखाता, सीतारामपुर, रहमतगंज, हसनपुर, उत्तरी मिलक, नौखरीद, अलीगंज, धर्मपुर उत्तरी, शिवनगर बब्बरपुरी, शिकारपुर, किशनपुर, मौलागढ़, मोतीपुरा खौद, गागन नगली, लोहारा, इनायत गंज, खानपुर उत्तरी, अलीगंज समेत 32 गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली पर निर्भर कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई है। कार्यवाहक अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि एचटी लाइन का ब्रेकडाउन दूर करने के लिए लाइनमैन पेट्रोलिंग कर रहे हैं, शीघ्र ही ब्रेकडाउन दूर कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

### पहली बारिश में सड़कों पर हुआ जलभराव

**रामपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि पहली ही बारिश ने नगर पालिका परिषद की तैयारियों की पोल खोल कर रख दी। शहर की गलियों और मोहल्लों में पानी भर गया। लोगों के घरों में नालों का गंदा पानी घुस गया। जिससे लाखों का नुकसान हुआ और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नालों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा था लेकिन अनसुनी कर दी गई। पालिका अध्यक्ष और उनके पति भाजपा की कठपुतली बने हुए हैं। वह केवल दिखावे के लिए चुनिंदा जगहों की सफाई करवाई और सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने तक ही सीमित रह गए। जहां सफाई की सबसे अधिक जरूरत थी, वहां जानबूझकर अनदेखी की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि आम लोगों के घरों में पानी भर गया। शहर की सड़कें टूटी पड़ी हैं, हर दिन हादसे हो रहे हैं, गंदा पानी पीने को मिल रहा है।



कलेक्ट्रेट के निकट जलभराव से गुजरती ई रिक्शा।

तीन जुलाई तक रामपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश को मानसून कवर किए हुए है। किसान फसलों में कीटनाशक का छिड़काव नहीं करें।
**डॉ. उदय प्रताप शाही**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

# बारिश से 8 हजार लोगों के घरों की बिजली गई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार सुबह हुई बारिश से रजा इंटर कॉलेज बिजली घर की लाइन में ब्रेक डाउन आने के कारण करीब 8 हजार की आबादी प्रभावित हो गई। शाम तक फॉल्ट नहीं मिलने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए किला बिजली घर से लाइन को चालू किया गया।

पिछले कई दिन से हो रही भीषण गर्मी ने लोगों को बैचेन करके रख दिया था। शनिवार शाम मौसम में बदलाव आया। रविवार सुबह करीब 10 बजे से बारिश शुरू हो गई। उसके कुछ देर के बाद ही रजा इंटर कॉलेज बिजली घर की बिजली बंद हो गई। बिजली बंद हो जाने के बाद कर्मचारी फॉल्ट तलाशने लगे थे, लेकिन शाम 5 बजे तक फाल्ट नहीं मिलने के कारण बिजली कर्मचारियोंने बिजली व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए किला बिजली घर से जोड़ दिया। ताकि लोगों को बिजली मिल सके। करीब 9 घंटे बिजली ठप रही।

### सनैया फीडर के गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप

**भोट, अमृत विचार :** शनिवार रात तेज बारिश के दौरान रात करीब 2 बजे भोट विद्युत सब स्टेशन से सनैया फीडर को जा रही लाइन पर थूनापुर गांव के समीप पेड़ गिर गया। जिससे सनैया फीडर से जुड़े करीब 20 से भी अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। रविवार सुबह टीम ने पेड़ को हटाकर लाइन को सही किया। दोपहर एक बजे विद्युतपूर्ति सुचारु की गई। जेई ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि थूनापुर के पास लाइन पर पेड़ गिरने से सनैया फीडर से जुड़े गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी थी।

## चाउपुरा कुंदनपुर संपर्क मार्ग बना तालाब

**मसवासी, अमृत विचार :** रविवार सुबह तेज हवा और बारिश से सड़कों पर जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। चाउपुरा कुंदनपुर संपर्क मार्ग तालाब में तब्दील हो गया। गांव में भी सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। रास्तों में गंदगी जमा हो गई। नालियां कीचड़ और गंदगी से पटी गईं। जिससे नागरिकों का आवागमन दुश्वार हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त न की गई तो संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से जल निकासी की व्यवस्था करने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। मांग करने वालों में राजकिशोर, भूप सिंह, मंगल सिंह, अमरनाथ, राजपाल सिंह, बृज किशोर आदि शामिल हैं।

# मेधावी बच्चों को दीं साइकिलें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दीनबंधु सेवादल की ओर से छात्र-छात्राओं को साइकिल बांटी गईं। सिविल लाइन स्थित होटल में निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को फ्री साइकिल वितरण कार्यक्रम शिक्षकों के समूह दीनबंधु सेवा दल द्वारा किया। वरिष्ठ नागरिकों से साइकिलों का वितरण कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में बिशन अग्रवाल, कमलेश भाटिया, हरपाल सिंह, इमरती देवी, एनपी श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त शिक्षिका प्रतिमा श्रीवास्तव शामिल रहे। प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा साइकिल आगे की शिक्षा में उपयोगी होगी। उच्च प्राथमिक सिकरौल के आदर्श, आगापुर के वीर सिंह, मझरा भैया नगला के तनुष, अहमदनगर की कल्पना व नीतू, प्राथमिक विद्यालय पट्टी कल्याणपुर के दिव्यांश, प्रभावती स्कूल के अक्षत, भोलापुर की आफरीन, सोहना की मेहनाज, बहपुरा की कमलेश, करतारपुर की प्रीति, मुंडियाखेड़ा की प्रियंका, शंकरपुर के अभिषेक, हरजीपुर की कंचन, बीसरी की रागिनी, नसरतनगर की संध्या, मझरा घाट की पूजा, बाकर स्कूल की कीर्ति, भोट बक्काल की सिमरन, खारी कुआं कॉलेज की अलीशा खान, नरखेड़ा की लक्ष्मी, मझरा निरोत्तम की प्रियाची, बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज की साक्षी गोयल, मझरा मंढोली की ज्योति, पेपटपुरा के मोहम्मद हस्सान को साइकिल दी गई।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक एवं बच्चे। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

महेंद्र कुमार हल्दिया, संदीप कुमार भाटिया, राहुल जैन, जीवन सिंह विष्ट, मोहित सक्सेना, अमित श्रीवास्तव, राकेश विश्वकर्मा, अमित सक्सेना, गौरवदीप गुप्ता, संतोष प्रसाद, रविंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार, अंजुम स्नेही सक्सेना, भुजवीर सिंह, नरेंद्र सक्सेना, दीपक पुंडीर, संजना, राशि सक्सेना, प्रिया भटनागर, नीता सक्सेना, अनुजा सिंह, सुरभि अग्रवाल, अंजू गौतम, निधि श्रीवास्तव, प्रियंका भाटिया, कृदय गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन चंचल कुमार गुप्ता ने किया।

## खेती किसानी

### इस पद्धति को क्लाइमेट रेजिलियेंट पद्धति कहा जाता है

# गेहूं की तरह धान की बोआई, 40 फीसदी बचेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गेहूं की तर्ज पर धान की बोआई करने से 40 प्रतिशत तक पानी की बचत हो रही है। डीएसआर विधि से धान बोने पर पौध और रोपाई कराने का झंझट खत्म हो गया है। जिसके चलते लागत भी बहुत कम हो गई है, साथ ही फसल में बीमारियों और खरपतवार का खतरा कम हो गया है। तहसील बिलासपुर के ग्राम कौशलगंज निवासी अनूप सिंह ने खेत में सीधे धान बो दिया। जिसको देखने के लिए अधिकारी भी खेत पर पहुंचे।

बिलासपुर के ग्राम कौशलगंज में किसान अनूप सिंह ने डीएसआर विधि से धान की तीन किस्में पीआर 126, पीआर 131 और संबा की 4 जून को बोआई की थी। किसान ने बताया कि डीएसआर विधि में पानी की बचत के साथ-साथ 10 दिन पूर्व फसल पककर तैयार हो जाती है। साथ ही मजदूरी की लागत घट जाती है। डीएसआर विधि से उगाई गई धान की फसल को देखने के लिए उप कृषि निदेशक आरके सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी भगवत शरण, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, प्रगतिशील किसान बलविंदर सिंह खेत पर पहुंचे और इस विधि पर चर्चा की। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इस विधि से धान की फसल लेने पर लागत कम आएगी और 40 प्रतिशत पानी की बचत होगी।

इस पद्धति से धान की खेती करने पर इस बात का खास ध्यान देना चाहिए कि 30 जून से पहले धान की बोआई कर देना चाहिए। इस पद्धति से खेती करने के लिए किसानों को मध्यम अवधि वाली 120-130 दिनों वाली धान की वैरायटी का चयन करना चाहिए।



नई पद्धति की धान की फसल को देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

● **बिलासपुर के किसान की पहल को देखने के लिए पहुंचे अधिकारी**

### पौध और रोपाई से मिलेगी मुक्ति

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि परंपरागत धान की खेती के लिए पहले पौध तैयार कराई जाती है। इसके बाद जिस खेत में धान की फसल रोपित करानी होती है। उसका पलेवा कराना पड़ता है। खेत में पानी भर जाने पर धान की रोपाई कराई जाती है। लेकिन नई पद्धति से इन तमाम झंझटों से मुक्ति मिल जाती है। वर्षा अब अनियमित हो गई है। साल दर साल बारिश की स्थिति में बदलाव आ रहा है और मात्रा में गिरावट आ रही है। इस पद्धति से धान की खेती करने पर 30-40 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है और मौसम में परिवर्तन होने पर भी इसमें पैदावार प्रभावित नहीं होती है। इसलिए इस पद्धति को क्लाइमेट रेजिलियेंट पद्धति भी कहा जाता है।

## महिला के शव की शिनाख्त को भेजे फोटो

**रामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को रामगंगा नदी के पास बंधे के समीप जंगल में पेड़ से लटके मिले शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिग बताया गया है। इसके अलावा महिला की शिनाख्त के लिए आसपास के जिलों में फोटो भेजे गए हैं। महिला आयु लगभग 40 वर्ष की बताई जा रही है। वहीं पुलिस भी लोगों से पूछताछ कर रही है।

शनिवार सुबह क्षेत्र के रामगंगा नदी के बंधे के पास जटपुरा गांव के जंगल में ग्रामीण पशुओं के लिए चारा काटने गए थे। ग्रामीण ने महिला के शव को पेड़ के फंदे पर लटका हुआ देखा था। प्रधान ने थाना प्रभारी हमबीर सिंह जादौन को मामले से अवगत कराया था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए थे। सैफनी थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग आया है। इसके अलावा आसपास के जिलों में फोटो भेजे गए हैं ताकि शिनाख्त हो सके।

# इमाम हुसैन ने दिया इंसानियत का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लखनऊ के मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने कहा कि इमाम हुसैन ने कर्बला के मैदान से दुनिया को इंसानियत का पैगाम दिया। नाना का दीन बचाने के लिए अपने 72 जांनिसारों समेत 10 मोहर्रम को शहीद हो गए। इमामबाड़ों में रविवार को सुबह से मजलिस मातम का सिलसिला शुरू हो गया। मजलिसों में भारी तादाद में अजादार पहुंचे।

इमामबाड़ा खासबाग में हो रहे अशराए मजालिस की दूसरी मजलिस को खिताब करते हुए लखनऊ के मौलाना ने कहा कि दुनिया में इंसानियत का खून बहाया जा रहा है। जबकि इमाम हुसैन ने लोगों को इंसानियत का पैगाम दिया। मौलाना ने कहा कि तीन दिन के भूखे प्यासे इमाम हुसैन ने शिम्र ने कुंद खंजर से 10 मोहर्रम को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया। मजलिस में पूर्व सांसद बेगम नूरबानो, हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, सैयद अली हैदर जैदी, साजिद अली, शारिक कमाल, हसीन मियां, राशिद ऐजाज, मंसूर मियां, शबाब हुसैन, आरिफ हुसैन आदि मौजूद रहे। शहर के मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग में हुई मजलिस में अलीगढ़ के मौलाना सैयद जाहिद हुसैन रिजवी ने कहा कि कुरआन और एहलेबैत एक दूसरे से जुदा नहीं हो सकते। कहा कि नबी करीम मोहम्मद मुस्तफा ने मुसलमानों और सहाबियों के मजमे में कहा कि मैं तुम्हारे दरमियान दो चीजें छोड़े जा रहा हूं, एक कुरआन और एक एहलेबैत। यह कभी एक दूसरे से जुदा नहीं होंगे। दोनों को पकड़े रहोगे तो गुमराह नहीं होगे। मजलिस में मुज्तबा आब्दी, अजहर आब्दी, रजा अब्बास समेत काफी तादाद में अजादार रहे।



इमामबाड़ा खासबाग में मजलिस को खिताब करते मौलाना फैज अब्बास मशहदी।

● **इमाबाड़ों में सुबह से शुरू हो गया मजलिस मातम का सिलसिला**

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण जीवन के लिए महत्तवपूर्ण



**बिलासपुर, अमृत विचार :** पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने कहा कि पौधरोपण जीवन के लिए आवश्यक है। मोहल्ला कायस्थान रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे लिए आक्सीजन प्रदान करते हैं, वायु को शुद्ध करते हैं। साथ ही मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। कई जीव-जंतुओं का आवास बनते हैं। उन्होंने लोगों से बढ़-चढ़कर पौधरोपण किए जाने पर जोर दिया। इससे पहले उन्होंने सभासदों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस मौके पर सभासद पति डॉ. राजू सैनी, परमजीत कौर, डॉ. बलविंदर सिंह, जाकिर हुसैन, कुशल गर्ग, प्रदीप सक्सेना, अनिल सक्सेना, रूपेश सक्सेना, विमल पुष्पद, प्रताप सागर, कमल सक्सेना, समर्थ अग्रवाल मौजूद रहे।

### जोन में बांटकर बूथ कमेटियों का कराएं कार्य : सागर



**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की बैठक सिविल लाइन स्थित बाबा दीप सिंह नगर में बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल कोऑर्डिनेटर हरिद्वार लाल सागर ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मायावती के निर्देशानुसार बूथ कमेटियों का कार्य चल रहा है। जिले की पांचों विधानसभाओं को 20 जोन में बांटकर बूथ कमेटियों का कार्य किया जाए। मंडल कोआर्डिनेटर ने कहा कि एक विधानसभा को 4 जोन में बांटकर प्रत्येक जोन में जिम्मेदार पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए। रोस्टर बनाकर काम शुरू कर दिया जाए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ कमेटियों का रोस्टर बनाकर काम शुरू कर दिया जाएगा। दावा किया कि वर्ष 2027 में पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी। इस अवसर पर राजेश प्रकाश सैनी, रमेश श्रीवास्तव, इसरार अली, अमित रामपुरी, शाकिर रजा, शेर सिंह सागर, हबीबुर रहमान, राकेश सागर, हरनंदन सागर, सोनू सागर, दिनेश जाटव, डॉक्टर गुड्डू अली, हिमालय सागर आदि मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण




**रामपुर, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का 7 दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण दनियापुर में हुआ। जिसमें विकास खंड चमरौआ, स्वार शहर, शहर, बिलासपुर, सैदनगर के कुल 33 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण सत्र का समापन जिला कार्यकम अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र पाल सिंह, सत्र प्रभारी मनोज किमाडी एवं सीडीपीओ दीपक कुमार द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण के लिए दीपक कुमार, मास्टर प्रशिक्षक यशवन्त कुमार सक्सेना द्वारा पोषण का महत्व पोषक तत्वों के प्रकार, लाभ और खाद्य स्त्रोत, अधिक उर्जा प्रदान करने वाले पदार्थो, मातृपोषण के सम्बंध में समुदाय में भ्रांतियां और चुनौतियां मातृ पोषण को सुदृढ़ करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। सपना देवी द्वारा मातृ पोषण क्या है, गर्भावस्था के दौरान मातृ पोषण संबधी हस्तक्षेप, शीघ्र स्तनपान की परिभाषा, महत्व व लाभ, स्तनपान की सही स्थिति और जुड़ाव, स्तनपान का अवलोकन के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के साथ चर्चा की। जिला समन्वयक मनु भारद्वाज व कमलजीत सिंह ने पोषण ट्रेकर और ई-केवाईसी के बारे में विस्तार से समझाया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई जयंती




**शाहबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश बाबू गुप्ता ने कार्यालय पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सुरेश बाबू ने डॉ. मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि वे भारत माता के महान सपूत थे। डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता एवं अखंडता के लिये अपनी शहादत दी है। इस मौके पर पौधेरोपण भी किया गया। इसलिए अवसर पर मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा, जयपाल सिंह एवं दलवीर सिंह रहे।

### पेंशनर्स परिषद के अध्यक्ष बने प्रकाश चंद्र

**रामपुर, अमृत विचार :** उप्र राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद का द्विवर्षीय चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार द्वारा मिस्टनगंज स्थित ज्ञान मंदिर पुस्तकालय में कराया गया। इसमें अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सक्सेना चुने गए, उन्हें 30 मत मिले, उनके प्रतिद्वंदी रोशन सिंह को 8 वोट मिले। प्रदीप कुमार सक्सेना कोषाध्यक्ष चुने गए। निर्विरोध हुए चुनाव में उपाध्यक्ष पूरन चंद्र जोशी, एसएम लाल, सैयद लियाकत अली, सुशील कुमार गुप्ता रोशन लाल चुने गए। महामंत्री हरीश चंद्र सक्सेना, मंत्री सोहन लाल, राम भरोसे लाल, संयुक्त मंत्री हरिओम सरन अग्रवाल और मोहम्मद याकूब चुने गए।

## एक नजर

### जीजा से शादी करने पहुंची साली, हंगामा

**सैदनगर, अमृत विचार :** जीजा से शादी करने साली पहुंची तो हंगामा हो गया। पत्नी और साली के बीच जमकर कहासुनी हुई। दोनों पक्ष आपसी समझौता कराने की कोशिश में लगे हुए हैं। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव का है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती अपने जीजा से शादी के लिए उसके घर पहुंच गई। पत्नी और साली के बीच जमकर कहासुनी हुई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने युवती को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं मानी। दोनों पक्षों में समझौते की। जबकि साली जीजा से निकाह की जिद पर अड़ी है।

### महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर बताए

**रामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल थाना अजीमनगर द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं, बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। इसके अलावा 1930 साइबर क्राइम, 1090 वीमन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन 102 स्वास्थ्य सेवा की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

### ब्लैकमेल करने की एसपी से शिकायत, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी छह माह पहले शादी हुई है। उत्तराखंड के किच्छा का रहने वाला सुरेंद्र उसके पति सहित कई लोगों की फेस बुक आईडी पर आपत्तिजनक फोटो डालकर उसको परेशान कर रहा है। आरोपी महिला को ब्लैकमेल करके अब तक उससे 80 हजार रुपये भी ले चुका है। एसपी के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दंपति से मारपीट और धमकाने में चार पर रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पीपलगांव निवासी कल्याण सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार सुबह 9 बजे उसकी पत्नी रूपा कूड़ा डालने जा रही थी। इसी दौरान उसके तहेरे भाई की पत्नी कृष्णा ने उससे अभद्रता की और विरोध करने पर ईंट फेंक कर मार दी थी। वह पत्नी के साथ कृष्णा से बात करने गया तो मौके पर मौजूद विमला, कृष्णा, राजकली व मक्खनलाल ने गाली गलौज करते हुए दंपति से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

## पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग एस्कार्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए

# तीन घरों से लाइसेंसी रिवाल्वर समेत 32 लाख की चोरी

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक में चोर एक रात में तीन घरों से नकदी, जेवर सहित करीब 32 लाख का सामान चोरी करके ले गए। दिन निकलने पर चोरी की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान और अलमारी देखता गृह स्वामी। ● अमृत विचार

चोरों ने नगर के मोहल्ला असदुल्लापुर स्थित ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार के मकान में क्षेत्र के ग्राम जगन्नाथपुर निवासी पूर्व प्रधान नरेंद्र गंगवार रहते हैं। देर रात मौका पाकर अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। कमरे में रखी अलमारी, बैड और संदूक के ताले तोड़कर एक लाख नकद, सोने के तीन ओम, चेन, कानों के कुंडल, झाले, अंगूठी, मंगलसूत्र और चांदी की दो जोड़ी पायल, 12 सिक्कों के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर ले गए। पूर्व प्रधान ने पुलिस को बताया कि चोर उनका लाइसेंसी रिवाल्वर और जेवर, नकदी सहित चोर 10 लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान ले गए। इसके बाद चोरों ने मोहल्ला रौरा कलां निवासी राजपाल गंगवार के घर को निशाना बनाया। चोर यहां से संदूक और अलमारी में रखे सोने के कंगन, हार, दो चैन, मंगलसूत्र, झुमके, चूड़ियां और चांदी की चार जोड़ी पायल, कैधनियां, खड़वे और साढ़े सात लाख नकद सहित 10 लाख रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए।

मोहल्ला साहू जी नगर निवासी महेंद्र पाल गंगवार शनिवार को अपने पैतृक निवास ग्राम पीपलसाना गए हुए थे। देर रात चोर बंद घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। कमरे में रखे संदूक और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे दो सोने की चेन, झाले, झुमकियां, कुंडल और 20 हजार नकद ले गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्हें पड़ोसियों ने ताला टूटने की खबर दी। घर के कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और जेवर, नकदी और कैश सहित 8 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। सीओ आरएस परिहार ने बताया कि जिन घरों में चोरियां हुई हैं वहां पुलिस ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। मौके पर फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट बुलाए गए। इसके साथ ही डाग एस्कार्ट को भी बुलाया गया था। तहरीर लेकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### स्वार में 27 तो मिलक में 32 लाख की चोरी

स्वार में दो दिन पहले चोर पूर्व प्रधान के घर से 27 लाख का माल समेट कर ले गए थे। अभी तक स्वार पुलिस उस घटना का खुलासा नहीं कर सकी थी। अब मिलक में चोरों ने पुलिस की गश्त पर सवालिया निशान लगा दिया है। चोर एक ही रात में 32 लाख का माल समेट कर ले गए। इससे जाहिर होता है कि चोर अब सक्रिय हो गए हैं। रोजाना किसी न किसी स्थान पर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# व्यापारी ईमानदारी से दें कर : आकाश

## दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस में की अपील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने दानवीर भामाशाह के जीवन से रुबरु कराते हुए व्यापारियों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। भामाशाह के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित में व्यापारियों से पूर्ण ईमानदारी से राजस्व देने की अपील की। उन्होंने आने वाली पीढ़ी को हर प्रकार से रामपुर को विकसित बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया।



व्यापारियों को सम्मानित करते शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में शनिवार रात जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस कार्यकम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र रहे। शहर विधायक ने कहा कि राष्ट्र और प्रदेश हित में व्यापारी ईमानदारी से जीएसटी दें और राजस्व को मजबूती दें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वर्तमान में जनपद में व्यापारियों एवं व्यापार के लिए सुरक्षित वातावरण है। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने जनपद को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए जाने की सरकार की पहल में सहयोग देने की अपेक्षा की।

**सर्वाधिक जीएसटी देने वाले 5 व्यापारी सम्मानित :** सर्वाधिक जीएसटी देने वाले 5 व्यापारियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शहर विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व राज्य कर के अधिकारियों ने व्यापारियों को सम्मानित किया।


कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीष कुमार गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, दीपक गोयल, कपिल आर्य, अशोक कुमार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, पीके चावला, संदेश कुमार जैन, अनीता सिंह, सतीश कुमार, सहायक आयुक्त, जेपी मौर्य, गुरुप्रसाद, कमलकांत बेलवाल आदि मौजूद रहे। संचालन श्रीकांत यादव ने किया।

### मां-बेटे को खेत के विवाद में पीटकर किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** खेत के विवाद में कुछ लोगों ने मां-बेटे को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव विजइया निवासी नेकसिया का कहना कि उसके पति मुखराम की मौत हो चुकी है। तब से उसका पड़ोसी महेश उसके खेत पर कब्जा करना चाहता है। इसी बात को लेकर 11 मई को आरोपी अपने लड़के शिवम, बबलू, महेश के साथ महिला के खेत की मेढ़ को काट रहे थे। जब महिला को इस बात का पता चला तो वह अपने बेटे संदीप के साथ वहां पर पहुंच गई। जब मां बेटे ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ गाली गलौज करते हुए मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने शिवम, बबलू और महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पत्नी का अपहरण कर ले जाने का आरोप, दी तहरीर

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मड़ैयान झाऊ गांव निवासी जय सिंह पुत्र कल्यान सिंह ने पत्नी के अपहरण की आशंका जताई। पीड़ित ने गांव के युवक और उसके चाचा के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 27 जून की रात वह अपनी पत्नी और ढाई वर्षीय पुत्र के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। सुबह करीब पांच बजे जब उसकी नींद खुली तो उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी युवक को उसकी पत्नी की कोई खबर नहीं मिली। बताया जाता है कि 27 जून की शाम उसने पत्नी और युवक को मोबाइल पर अश्लील बातचीत करते हुए सुना था, जिसके बाद उसने पत्नी का मोबाइल अपने पास रख लिया था। उसे शक है कि उसी रात आरोपी ने पत्नी को चाचा की मदद से अगवा कर लिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर पत्नी की बरामदगी की मांग की है।

# हमले में गुरुद्वारे का सेवादार लहूलुहान

- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की
- गुरुद्वारे की गुल्लक को लेकर दो पक्षों में है विवाद

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** पसियापुर गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार ने महिला सहित दो लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। सेवादार को गंभीर अवस्था में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सेवादार पक्ष पर महिला पक्ष ने भी हमले का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने सेवादार पक्ष की ओर से महिला समेत दो नामजद और एक अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है। पसियापुरा गांव में स्थापित बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा गुल्लक को लेकर लंबे समय से सुर्खियों में है। हालांकि मामला जब कोर्ट में पहुंचा तो इसकी कमान मुख्य सेवादार के रूप में देवेन्द्र सिंह फौजी ने संभाली।


हमले में घायल सेवादार।

रविवार सुबह केमरी रोड स्थित राधे निवास कॉलोनी निवासी हरप्रीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह परिवार के साथ कोतवाली पहुंची। महिला ने सेवादार पक्ष पर उससे व उसके परिवार से अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की नियत से उसकी स्कॉर्पियो कार के शीशे क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया और कार्रवाई की मांग की। कुछ ही देर बाद मुख्य सेवादार लहूलुहान अवस्था में कोतवाली पहुंचे और पुलिस को बताया कि गुरुद्वारे की गुल्लक की चाबी लेने को लेकर महिला समेत दो लोगों ने उन पर हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बताया उन पर हमला तब हुआ जब वह दिबदिबा गांव में अपने जीजा के घर आए हुए थे। हमलावर काले रंग की स्कॉर्पियो से गांव आए थे।

आरोप है कि यह लोग हमलाकर चाबी लेकर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने महिला पक्ष की ओर से कर्मजीत सिंह कम्मू, रिंकु व परगत सिंह निवासी दिबदिबा पर रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि दूसरे पक्ष के सेवादार के पुत्र मनप्रीत सिंह की तहरीर पर हरप्रीत कौर, गुरदीप सिंह व एक अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है, अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# रेस्टोरेंट में बाउंसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** हवाई अड्डा रेस्टोरेंट मे बाउंसर का कार्य कर रहे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे की सूचना मृत बाउंसर के परिजनों को दी गई। परिजन बिना किसी कार्रवाई शव को साथ मेरठ ले गए।


मृतक गुलफाम।

स्वार बाजपुर मार्ग स्थित गांव अली नगर उत्तरी में हवाई अड्डा रेस्टोरेंट है। हवाई अड्डा रेस्टोरेंट में संचालक राशिद पाशा ने पांच बाउंसर रखे थे। रविवार तड़के तीन बजे बाउंसर गुलफाम उर्फ मुस्कान आयु 26 वर्ष पुत्र फरीद अख्तर ग्राम महल थाना इंचौली जिला मेरठ ने पेट में दर्द की शिकायत की। जिस पर अन्य साथी उसे सीएचसी ले आए। चिकित्सक ने उपचार किया और दवा देकर भेज दिया। एक घंटे बाद सुबह 4 बजे दर्द होने पर उसे पुनः सीएचसी लाया गया। चिकित्सक ने उपचार शुरू किया, लेकिन 7 बजे गुलफाम ने दम तोड़ दिया। रेस्टोरेंट संचालक राशिद पाशा ने बाउंसर की मौत की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इन्कार कर पोस्टमार्टम से मना कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद अजीम ने बताया कि युवक को पेट दर्द की शिकायत पर लाया गया था। उपचार किया था, मौत का कारण फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।

# एसपी ने किया नेशनल हाईवे का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन माह को देखते हुए रविवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने हाईवे पर कई स्थानों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उसके बाद रूट डायवर्जन करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी अतुल कुमार भी मौजूद रहे।


हाईवे का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र।

11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है। जिसमें लोग हरिद्वार और बृजघाट से जल लाने के लिए रवाना हो जाते हैं। पूरा हाईवे भगवा रंग में नजर आता है। भक्तों की भीड़ को देखते हुए रूट तक डायवर्ट कर दिया जाता है। कुछ दिनों के बाद सावन शुरु होने वाला है। उसी के चलते एसपी विद्या सागर मिश्र ने अपर पुलिस अधीक्षक के साथ कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जीरो प्वाइंट, कोसी पुल से जीरो प्वाइंट, शहजादनगर तक मार्ग का निरीक्षण किया। उसके बाद सुगम यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्जन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बार सावन का पहला सोमवार 14 जुलाई को होगा। दूसरा सावन का सोमवार 21 जुलाई को होगा। तीसरा सावन का सोमवार 28 और चौथा सावन का सोमवार 4 अगस्त को होगा।

### थाना केमरी पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने थाना केमरी का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध, त्योहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। साथ ही थाना परिसर में बने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, विवेचना कक्ष, मालखाना आदि एवं विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए।

# एटीएम कार्ड बदल निकाले 2.65 लाख

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिला का एटीएम कार्ड बदलकर दो लोगों ने खाते कई बार में कुल 2.65 लाख रुपये निकाल लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला मुरादाबाद के थाना नागफनी के मोहल्ला बंगला निवासी अनीता का कहना है कि 8 जून को वह अपने भांजे मनोज कुमार के साथ रामपुर आई थी। वह ज्वालानगर स्थित एटीएम पर रुपये निकालने गई, तो वहां महिला द्वारा रुपये निकालने पर एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया था। दो युवक वहां पर आ गए एटीएम बदलकर उसको दे दिया। महिला 13 जून को बैंक से 50 हजार रुपये निकालने गई तो कर्मचारी ने बताया कि 50 हजार रुपये खाते में नहीं हैं। यह सुनकर महिला के होश उड़ गए। उसके बाद जानकारी करने पर महिला को पता चला कि उसके एटीएम से 2 लाख 65 हजार रुपये निकाले गए हैं। उसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसपी से शिकायत की और एसपी के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने दो अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**युवकों ने वाहनों में पड़वाया पेट्रोल :** महिला का एटीएम कार्ड बदलने के बाद आरोपियों ने शहजादनगर स्थित एटीएम से तीन बार में 20 हजार रुपये निकाले। उसके बाद आरोपियों ने अमर हाईवे पेट्रोल पंप से 20 हजार 400 रुपये का वाहन में पेट्रोल डलवाया। फिर शोभा फिलिंग स्टेशन पंप से 20400 का पेट्रोल वाहनों में पड़वाया। उसके बाद दीप फिलिंग पेट्रोल पंप से 10150 और 5080 का पेट्रोल खरीदा। इस तरह से आरोपियों ने 13 जून तक महिला के 2 लाख 65 हजार रुपये खर्च कर दिए।

### फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख हड़पे

**रामपुर, अमृत विचार :** कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर दिल्ली के युवक ने कारोबारी के डेढ़ लाख रुपये हड़प लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के न्यू आवास विकास निवासी गुरदीप सिंह का कहना है कि उसकी ईस्ट दिल्ली के कृष्णा नगर निवासी विभोर शर्मा से पहचान है। जिसके चलते आरोपी ने डलास इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने की बात कही थी। विभोर शर्मा की बातों पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने 5 हजार रुपये उसके खाते में डाल दिए थे। उसके बाद 12 दिसंबर 2024 को खाते में 1 लाख 45 हजार रुपये डाल दो। जिसके बाद गुरदीप ने विश्वास करके उसके खाते में पैसे डाल दिए, लेकिन उसके बाद भी विभोर द्वारा कंपनी की ओर से कोई कार्य शुरू नहीं किया गया। तब वह दिल्ली चला गया। तब उसको पता चला कि इस नाम की कोई कंपनी नहीं है। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने विभोर शर्मा पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप



### प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों को दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** कैंप कार्यालय पर हुई गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों को जरूरी निर्देश दिए। रविवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव के साथ कैंप कार्यालय पर प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों की गोष्ठी हुई। गोष्ठी के दौरान उनके व्यावहारिक प्रशिक्षण रजिस्टर आदि को चेक किया और उनको निर्देश दिए।



### दानवीर भामाशाह की मनाई जयंती

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन उप्र के महामंत्री भारत भूषण गुप्ता के आवास पर वैश्य शिरोमणि एवं दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल रहे। भारत भूषण गुप्ता ने मुख्यमंत्री को व्यापारी समाज की तरफ से बधाई दी। उन्होंने कहा कि भामाशाह ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए मुगलों से लड़ाई में महाराणा प्रताप को अपना सर्वस्व धन देकर योद्धा की तरह उनके साथ मैदान में जंग भी लड़ी। ऐसे राष्ट्र प्रेमी देश को समर्पित भामाशाह के सम्मान में योगी सरकार ने उनकी जयंती के उपलक्ष्य में व्यापारी कल्याण दिवस मनाने का जो निर्णय लिया लिया है, वह व्यापारी समाज का सर्वोच्च सम्मान है। इस मौके पर दीपक गुप्ता, शरद गुप्ता, उमेश गुप्ता, गौरव अग्रवाल, कृष्ण अवतार लोधी, रणजीत सिंह, मुकर्रम खां, जसवीर सिंह, देवेश गुप्ता, नीरज रहे।



### जबरन कीटनाशक बेच रहे निजी खाद विक्रेता : हसीब

**रामपुर, अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि जिले में खाद की किल्लत है और निजी खाद विक्रेता किसानों को कीटनाशक बेच रहे हैं। इसे लेकर भाकियू शीघ्र आंदोलन करेगी। भाकियू (टिकैत) की पंचायत रविवार को कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें प्रदेश महासचिव ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए खाद की समस्या को प्रमुखता से उठाया। किसानों से कहा कि जो भी विक्रेता खाद के साथ कीटनाशक देने की कोशिश करे। उसकी सूचना उन्हें या क्षेत्र के पदाधिकारी को दें। किसी भी हालत में किसानों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर दरबारी लाल शर्मा, चौधरी राजपाल सिंह, खलील अहमद, नरोत्तम, असीम मलिक, राम बहादुर, मोहम्मद तालिब, रामावतार, इंद्रजीत, छिद्दा नेता, मुस्तकीम, हारून, अनिल ठाकुर, फहीम तुर्की, गुड्डू, कमल सिंह गंगवार भी मौजूद रहे।

### शिविर में 28 यूनिट किया रक्तदान

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को सिविल लाइन स्थित आदर्श कॉलोनी में श्री हरि सरस्वती जूनियर हाई स्कूल में ब्लड कनैक्ट संस्था (आईआईटी दिल्ली) एवं (बरेली चेरिटेबल ब्लड सेंटर) बरेली के सहयोग से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा रक्त दान शिविर लगाया। जिसमें दिल्ली एवं बरेली से आए चिकित्सक द्वारा रक्त दान करने वाले लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रक्त दान शिविर में 28 यूनिट रक्त दान में किया। शिविर में कपिल आर्य, अनिल अग्रवाल, विपुल गुप्ता, युवा नगर अध्यक्ष नवीन भाटिया, नगराध्यक्ष छोटेलाल रस्तोगी, विवेक अग्रवाल, उमेश कुमार, रमेश गुप्ता, चिराग गर्ग, रोहित, पवन बांगा, केशव, राजीव आर्य और मनोज रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।



### भाजपा सरकार में हो रही रुपये में गिरावट : नोमान

**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां ने कहा कि भाजपा सरकार में रुपये में लगातार गिरावट हो रही है। उसके लिए सरकार कि गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। युवा कांग्रेस की बैठक युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनी कपूर के आवास पर हुई। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ अल्वी ने प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला द्वारा यावर खां को नगर अध्यक्ष बनाने का पत्र सौंपा। पूर्व शहर अध्यक्ष ने कहा कि देश के बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, असमानता बढ़ने लगी है। जिलाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ अल्वी ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य है। नवनियुक्त युवा कांग्रेस के नगर अध्यक्ष यावर खां ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर मनी कपूर, जीशान रजा, विक्की मियां, अजीमुद्दीन, मोहम्मद फाजिल, मनी कुमार, अकरम सुलतान, कासिम अली, मोहम्मद शहजाद, अमान खां, अरसलान खां, फरहान खां, रहीम खां, तौसीफ खां, अफजल खां, रवि राज, राहुल सैनी, संजय रहे।



### समाज के विकास के लिए आगे आएं युवा : कमल

**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि समाज के उत्थान एवं विकास के लिए युवाओं का आगे आना होगा। शहर के मोहल्ला सराय गेट पर रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुछ समाज के लोग अपने लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि संगठन में तन मन से सहयोग करें। उन्होंने बताया कि समाज की बैठक 6 जुलाई को जिला कार्यालय पर होगी। इस मौके पर राम सिंह तुरैहा, अर्जुन कुमार तुरैहा, रामप्रसाद, रामकिशोर, दिनेश कुमार, दीनानाथ, देवेश कुमार, रवि कुमार, राहुल कुमार, मोहित, आकाश, राधेश्याम, दौलत कुमार, सोनू, बृज किशोर, महिपाल सिंह, अजय कुमार, विनोद कुमार, मुरारीलाल रहे।

# झमाझम बारिश: गर्मी से मिली राहत, शहर में हर ओर पानी

## संभल जिले में रविवार को बदल गया मौसम का मिजाज, छाये बादल और सुबह से ही होने लगी बारिश

कार्यालय संवाददाता, संभल

● जलभराव के चलते लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना
● किसानों की बांछें खिलीं, फसलों की हो गई सिंचाई

**अमृत विचार :** संभल में बारिश से लोगों को राहत मिली। शहर से देहात तक बादल झूमकर बरसे तो लोगों ने खूब आनंद लिया। हालांकि बरसात से जलभराव के चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश से किसानों के चेहरे ल उठे। कई धान की रोपाई शुरू कर दी गई तो सब्जियों वाली फसलों को फायदा हुआ।

इस बार जून में गर्मी ने रिकार्ड ही तोड़ दिया। पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक गया। पिछले दिनों बूंदाबांदी हुई थी लेकिन उससे उमस और बढ़ गई। इस बीच शनिवार को देर रात से ही मौसम का मिजाज बदल गया। रविवार को दिन निकला तो आसमान में काले बादल छाए हुए थे और ठंडी हवा चल रही थी। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई तो सुकून महसूस करने लगे। झमाझम बारिश के बीच युवाओं और बच्चों ने नहाकर आनंद लिया। संभल शहर और आसपास के क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे बरिश हुई। कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। संभल शहर में मोहल्ला नाला पर मुख्य मार्ग, बरेली सराय, जिला अस्पताल परिसर, रोडवेज बस अड्डा परिसर, एडीएम कार्यालय परिसर, नई तहसील परिसर के अलावा हयातनगर में शाहजीपुरा मार्ग, उम्मेदराय इंटर कॉलेज के पीछे मोहल्ला आदि में जलभराव के नजारे दिखे। जिस कारण लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। संभल के अलावा असमोली, ओबरी, सिरसी, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी बारिश होने से लोगों को बड़ी राहत मिली।



जिला अस्पताल में जलभराव का नजारा। ● अमृत विचार

### रोडवेज बस अड्डा में भरा पानी

संभल में रोडवेज बस अड्डा परिसर में झमाझम बारिश से जलभराव हो गया। परिसर में रोडवेज बसें खड़ी थीं। बसों में सवार होने के लिए यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि रोडवेज बस अड्डा वर्षों से किराये के भवन में संचालित है। यहां यात्रियों के बैठने के लिए भी व्यवस्था नहीं है। जिस कारण भीषण गर्मी, बरसात और सर्दी के दिनों में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



बरसात के बाद रोडवेज बस अड्डे में भरा पानी। ● अमृत विचार

### धान की रोपाई शुरू, सब्जियों की फसलों को फायदा

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** बारिश होने से सौंधन मोहम्मदपुर गांव में लोगों को बड़ी राहत मिली। सड़कों पर जलभराव हो गया। मुख्य मार्ग पर पानी भरने से लोगों को निकलने में परेशानी हुई। सहकारी समिति, स्कूल और अस्पताल परिसर भी जलमग्न हो गया। बारिश होने से खेतों में भी पानी भर गया। तमाम किसानों ने खेतों में धान की रोपाई शुरू कर दी। जिन किसानों की धान की फसल लग चुकी है उन खेतों में लगी धान की सिंचाई भी हो गई।



सौंधन कस्बे में सड़कों पर भरा पानी। ● अमृत विचार

### झमाझम बारिश से लोग मस्त, जलभराव मुसीबत



जलभराव के बीच गुजरते वाहन।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एक घंटे हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं की सड़कें जलमग्न हो गईं। 1 से 2 घंटे बाद सड़कों से पानी उतरने पर यातायात सामान्य हो सका। रविवार की सुबह 11 बजे बूंदाबांदी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। स्टेशन रोड, संभल गेट, आवास विकास कॉलोनी, गोशाला रोड, पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, एफआर रोड, काजी मोहल्ला, सीता रोड सहित अन्य गली–मोहल्लों में जलभराव हो गया। जलभराव में कई दोपहिया वाहन बंद हो गए। बारिश होने से रविवार को पूरे दिन मौसम सुहाना बना रहा।

### बारिश में ब्लॉक परिसर और रास्तों पर जलभराव

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई क्षेत्र में बारिश से लोगों को राहत मिली। वहीं ब्लॉक मुख्यालय परिसर में बारिश का इतना पानी भर गया कि वह तालाब जैसा लगने लगा। मेन गेट से लेकर कमरों के दरवाजा तक पानी पहुंच गया। वहीं जुनावई में नाले और नालियों की सफाई की भी पोल खुल गई। सड़कों पर जलभराव के नजारे दिखे। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि कई दिनों से भीषण गर्मी में उमस के कारण लोग परेशान थे। रविवार को बारिश हुई तो लोगों ने राहत महसूस की।

### गुन्नौर में दो घंटे हुई जमकर बरसात

**बबराला, अमृत विचार :** दो घंटे की बरसात से गर्मी से रात मिली। सुबह करीब 10 बजे से हुई झमाझम बारिश से सड़कों पर जलजमाव हो गय। ग्रामीण अंचल में कच्चे रास्तों और खेतों में भी पानी भर गया। गुन्नौर कस्बे में हाईवे स्थित नेहरू चौक पर जलभराव से राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### खेत में चारा काट रहे ग्रामीण को किया घायल

**संभल, अमृत विचार :** गांव पीपली रहमापुर निवासी मुनिदेव पुत्र केहर सिंह रविवार को अपने खेत से पशुओं के लिए चारा काट रहा था। आरोप है कि दो लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मुनिदेव पर हमला कर दिया। मारपीट में मुनिदेव घायल हो गया। पुलिस ने मुनिदेव का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र के गांव सैंधरी निवासी चंद्रपाल ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत में कहा कि पीडब्ल्यूडी ने मनोटा, चौधरपुर मार्ग, चंदवार–ओबरी, टांडा कोठी, कोडरी, करनपुर, रतनपुर कला तक मार्ग का निर्माण वर्ष 2021–22 में कराया गया। घटिया सामग्री लगाने के कारण सड़क टूट गई है। गांव भैसोड़ा के पास पुलिया के पास गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। वहीं खासपुर से ओबरी, मलकपुर नवादा तक पड़ी सड़क में भी गड्ढे बन गए हैं। जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

### परचून की दुकान व जन सेवा केंद्र में चोरी

**बहजोई,अमृत विचार :** चोरों ने परचून की दुकान व जन सेवा केंद्र के ताले तोड़कर हजारों का सामान समेट लिया। बहजोई के रेलवे रोड पर खानचंद वार्ष्णेय की परचून की दुकान है। रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी 25 हजार की नगदी समेट ली। इसके अलावा लगभग 55 हजार के सिगरेट, काजू, बादाम सहित अन्य परचून का सामान चुरा ले गए। वहीं कलेक्ट्रेट के सामने साजिम निवासी गांव अकबरपुर के जन सेवा केंद्र पर लग रहे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा। इसके बाद जन सेवा केंद्र का ताला तोड़कर 20 हजार की नगदी, दो प्रिंटर, एक कंप्यूटर सहित 75 हजार का सामान समेटकर कर फरार हो गए। दोनों ही दुकान स्वामियों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### एक पौधा मां के नाम रोपित किया

**बबराला, अमृत विचार :** भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुनने के बाद एक पेड़ मां के नाम लगाया। कहा कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

# उद्यमियों व व्यापारियों से हो रहा देश का विकास: गुलाब देवी

संवाददाता, चन्दौसी

● दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया गया

**अमृत विचार:** प्रशासन की ओर से दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

एएम वर्ल्ड स्कूल में दानवीर भामाशाह की जयंती पर व्यापारी कल्याण दिवस का आरंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी व जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। राज्यमंत्री ने कहा कि उद्यमी व व्यापारी कहीं न कही दानी भी होता है। व्यापारी व उद्यम से ही हमारे देश का विकास हो रहा है। राष्ट्रीय दानी भामाशाह के प्रति सभी व्यापारी व उद्यमी समर्पित रहे। वह व्यापारी व उद्यमियों के आदर्श हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि दानवीर भामाशाह एक योद्धा थे। वह समाज के प्रति सचेत रहे। दानवीर भामाशाह की जयंती पर सभी लोग अधिक से अधिक जनपद में पौधरोपण करें। पौधरोपण से जल संरक्षण में वृद्धि होती है व अच्छा वातावरण रहता है।

डीएम की ओर से व्यापारियों को एक पुस्तक सम्मान के रूप में दी। डीएम ने कहा कि व्यापारी उनका अवलोकन करें व एक पुस्तक एक व्यक्ति की जीवन शैली का निचोड़ होता है। डीएम ने कहा कि जल संरक्षण को लेकर व्यापारी अपने-अपने यहां रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरुर बनाए। जिससे वाटर लेवल में वृद्धि हो सके। अंत में व्यापारियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, जीएसटी उपायुक्त लल्लन प्रसाद यादव, अरविंद अरोरा, कमल कौशल वार्ष्णेय, अरविंद गुप्ता, रामपाल सिंह, फूल प्रकाश, प्रेम ग्रोवर आदि व्यापारी मौजूद रहे।



व्यापारी नेता अरविंद गुप्ता को पुस्तक भेंट करते डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया।

# एक लाख लेकर कराई शादी दुल्हन चौथे दिन हो गई फरार

कार्यालय संवाददाता,संभल/बबराला

● पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** एक लाख रुपये लेकर दो लोगों ने बंगाल में ले जाकर युवक की शादी कराई। शादी के चार दिन बाद ही दुल्हनिया फरार हो गई। ठगी का एहसास होने के बाद अब पीड़ित ने शादी कराने वाले दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि एक माह पहले उसकी मुलाकात बबराला निवासी मुकेश व प्रशांत से हुई थी। दोनों ने उससे कहा कि वह शादी कराते हैं। अब तक कई लड़के - लड़कियों की शादी करा चुके हैं। बंगाल से शादी कराने देने का भरोसा देकर कहा कि एक लाख का खर्चा आएगा। अनिल ने उधार लेकर एक लाख रुपए दे दिए। दोनों युवक अनिल को 2 जून को बंगाल ले गए और चार जून को उसकी शादी करीब 30 वर्षीया युवती संग कराई। अनिल अपनी दुल्हन को घर ले आया। दुल्हन उसके साथ 4 दिन रही, इसके बाद कहीं चली गई। अनिल ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। युवक ने शादी कराने वाले मुकेश और प्रशांत से अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। शादी के नाम पर ठगी का शिकार बने अनिल ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। अनिल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के अशोक नगर में दायित्व बोध कार्यक्रम में पदाधिकारियों को अध्यक्ष विकास गोयल, सचिव सुनीता शर्मा ने शपथ दिलाई। विनोद शर्मा ने परिषद के उद्देश्यों से परिचित कराया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विष्णु शर्मा, अतुल शंकर चौधरी, वैशाली गोयल, डॉ. सूरज प्रकाश, नितिन गुप्ता, संध्या गुप्ता, सौरभ गुप्ता, संगीता शर्मा, मधुर वार्ष्णेय, मोहित गोयल, सोम प्रकाश वार्ष्णेय, लव कुमार आर्य, अंकुर अग्रवाल, पंकज शर्मा, अंकुर गोयल, आशुतोष गुप्ता, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मेरा छोटा सा परिवार, हरि आ जाओ एक बार...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर पर संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित घनश्याम शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी–देवताओं का पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, रवि शंकर शर्मा, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, सुदर्शन वार्ष्णेय, राकेश वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने, ने मेरा छोटा सा परिवार, हरि आ जाओ एक बार आदि भजन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। मुकेश आचार्य, राजू शर्मा, संजीव शर्मा, कपिल शर्मा, रामकिशन अग्रवाल, श्याम यादव, टीसी शर्मा, राजकुमार सक्सेना, टीसी शर्मा, राकेश चौबे, मुकुट शर्मा, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



**बबराला,अमृत विचार :** गर पंचायत कार्यालय में बूथ संख्या 194 पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात के 123 वें एपिसोड को सुना। चेयरमैन हर्षवर्धन गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, इमरजेंसी को लेकर चर्चा की। इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र की हत्या की गई और भारत के लोगों को परेशान किया गया। पीएम के एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्वान पर सभी ने पौधरोपण का संकल्प लिया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय, मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, हर्षिव वार्ष्णेय और निशांत गुप्ता मंकित आदि मौजूद रहे। गुन्नौर में चेयरपर्सन खुशबू प्रजापति के आवास पर भाजपाइयों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी। धर्मेंद्र प्रजापति, प्रशांत अग्रवाल, महीपाल, सचिन प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### परिषद ने वृद्धों को वितरित की खाद्य सामग्री



**चन्दौसी,अमृत विचार :** भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती के उपलक्ष्य में वृद्धा आश्रम में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। पदाधिकारियों वृद्धजनों को फल व खाद्य सामग्री का वितरण कर आशीर्वाद लिया। शाखा अध्यक्ष प्रभात कृष्णा ने कहा कि बुजुर्गों का ख्याल रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है। सचिव विपिन कुमार ने कहा कि मानव सेवा व बुजुर्गों की सेवा से हमें ईश्वरीय दर्शन की अनुभूति होती है। संजीव शर्मा, डॉ. सुमन गुप्ता, श्वेता गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, दृगपाल सिंह, मनोज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, नागेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित पथरा मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक जनपद एटा का निवासी है। शनिवार की रात 12 बजे पथरा मोड़ पर गुरुद्वारे के पास बदायूं की ओर से आ रहे बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक की पहचान राज राठौर 25 वर्ष निवासी गांव सराय अगतपुर जनपद एटा के रूप में हुई। घटना की सूचना पर घायल के परिजन आए गए और युवक को अलीगढ़ ले गए। रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि राज मुरादाबाद जा रहा था। वह मुरादाबाद में ही कार्य करता था।



मृतक राज राठौर।

# पाइप लाइन बिछाकर छोड़ दी सड़क, ग्रामीण परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

● उखड़ी सड़क पर निकलने में दुश्वारी झेल रहे ग्रामीण

**अमृत विचार :** विकास खंड पंवासा क्षेत्र के गांव गौंहत में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाई गई थी। जिसके लिए सड़क को उखेड़ा गया था लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद एक साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।

उसी रास्ते से आवागमन करने में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। आये दिन गड्ढों में गिरकर बाइक सवार घायल हो रहे हैं। बताते चलें कि टेंडर की शर्त के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के दौरान यदि कोई सड़क क्षतिग्रस्त होती है तो उसकी मरम्मत कराने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की है लेकिन एक साल से सड़क उखड़ी पड़ी है। जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है।



संभल के गौंहत गांव में उखड़ी सड़क।

# लाइन शिफ्टिंग से बिजली गुल उपभोक्ता परेशान

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कब्रिस्तान स्थित रेलवे फाटक के पास सड़क निर्माण के चलते पुराने विद्युत पोल से नए पोलों पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है। शनिवार से बिजली आपूर्ति बाधित है जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।

कब्रिस्तान के पास कब्जा मुक्त हुई भूमि पर सड़क के बीच आने वाले पोलों को प्रशासन ने विभाग से हटाकर दूसरे स्थान पर लगाने की बात कही थी। कुछ दिन पहले नए पोल लगा दिए गए। शनिवार से पुराने विद्युत पोल से तार हटाकर नए पोलों पर लगाए जा रहे हैं। जिसके चलते आजाद रोड, सुभाष रोड, माल गोदाम रोड, स्टेशन रोड, गोलागंज, जारई गेट सहित अन्य क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# महायज्ञ में साधकों ने दीं आहुतियां

संवाददाता ,रजपुरा/बबराला

● कृतिया में दो दिवसीय 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

**अमृत विचार:** गायत्री शक्तिपीठ दिनौरा, प्रज्ञा पीठ खलीलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव में शांतिकुंज से आए आचार्यों ने गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र से आहुति दिलवाते हुए जीवन के मार्गदर्शक उपदेश दिए। सैकड़ों साधकों ने यज्ञ में आहुतियां दीं।

गुन्नौर क्षेत्र के कृतिया में दो दिवसीय 11 कुंडीय गायत्री महायज्ञ रविवार को अंतिम दिन सैकड़ों साधकों ने पूर्णाहुति देकर देश और परिवार के कल्याण की कामना की। सद्मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इससे पहले दीप यज्ञ में साधकों ने बुराइयां छोड़ने का संकल्प लिया।

शांतिकुंज के यज्ञाचार्यों ने विधि-विधान के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया।

विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव ने भी आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। महंत जयवीर गिरी महाराज, विजयपाल सिंह प्रधान, डा. गौरव शर्मा, सोनपाल प्रधान, प्रवेश शर्मा, सूरजपाल सिंह, डा. नरेंद्र सिंह, शुकपाल सिंह, चरनपल सिंह , दिनेश यादव, धीरचंद , विनोद राघव, मुनीश राघव, मुनेंद्र राघव, शिवकुमार राघव, देवकी शर्मा, कुलदीप शर्मा, छदम्मी लाल शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विनोद गुप्ता, चंद्रपाल सिंह, अनेक पाल, नेकसिंह कठेरिया सहित तमाम गायत्री साधक मौजूद रहे।



गुन्नौर के कृतिया में महायज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**सतर्कता के लिए** | आज पुलिस अधिकारी बीमा हितकारों के संग करेंगे सम्मेलन, करोड़ों रुपए के बीमा घोटाले का हो चुका खुलासा

# न हो बीमा में फर्जीवाड़ा, मंथन करेंगे अफसर और बीमा संस्थाएं

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

● आईपीएस अनुकृति शर्मा ने किया था बीमा के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले गैंग का खुलासा
● बीमा धोखाधड़ी करने के मामले में अब तक पुलिस 50 आरोपियों को भेज चुकी है जेल

**अमृत विचार:** संभल पुलिस ने मृत व बीमार लोगों के नाम पर जीवन बीमा कर क्लेम की रकम हड़पने वाले गिरोह का खुलासा किया था। इस तरह का फर्जीवाड़ा देश में न हो इसके लिए बीमा क्षेत्र के जिम्मेदार पुलिस के साथ मंथन करेंगे। सोमवार को संभल में सेमिनार में पुलिस अफसर बीमा की अग्रणी संस्थाओं के साथ मिलकर रणनीति पर विचार करेंगे।

30 जून को चंदौसी के एक होटल में मुरादाबाद में बीमा क्षेत्र के सभी प्रमुख धारकों का एक दिवसीय सम्मेलन होगा जिसका उद्देश्य संगठित बीमा धोखाधड़ी पर नियंत्रण करने के लिए जांच के निष्कर्ष को साझा करना और बीमा संस्थाओं द्वारा सुधारों पर विचार करना होगा। 2025 में आईपीएस अनुकृति शर्मा व उनकी टीम द्वारा बीमार व मृत लोगों के नाम पर बीमा पालिसी कराकर बीमा क्लेम की रकम हड़पने वाले अंतर्राजीय संगठित गिरोह का खुलासा किया था। यह गिरोह एक दशक से देश के 12 से अधिक राज्यों में सक्रिय था और गरीब अशिक्षित व भोले भाले लोगों को माध्यम बनाकर जीवन स्वास्थ्य व वाहन बीमा के क्षेत्र में देश के प्रमुख बीमा कंपनियों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर चुका था। गिरोह के सदस्य मरणासन्न व्यक्तियों के नाम पर फर्जी बीमा कर धनराशि हड़पते थे। जांच में यह भी तथ्य सामने आए कि बीमा क्लेम के लिए चार हत्याएं भी की जा चुकी थीं। जो बीमा के लिए सड़क दुर्घटना का रूप देकर की गई थीं।

### मंडल में अब तक 17 रिपोर्ट हो चुकी हैं दर्ज, 50 को भेजा गया जेल

बीमा गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने अब तक 17 प्राथमिक की दर्ज की हैं। जबकि 50 से अधिक लोगों को जेल भेजा है। जिसमें मुरादाबाद, संभल, बदायूं तथा अमरोहा जिलों में 17 रिपोर्ट दर्ज हुई हैं। मई 2025 तक 50 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस पूरी धोखाधड़ी के मामले में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, सिम विक्रेता, एजेंट, बीमा करने वाले, बैंक प्रबंधक, जांच करने वाले अधिकारी, निजी अन्वेषण एजेंसियों के संचालक शामिल पाए गए उन्हें जेल भेजा गया है।

### बीमा संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ डीआईजी भी होंगे शामिल

सेमिनार में डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज जी, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण की कार्यकारी निदेशक मीना कुमारी, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निदेशक मंदाकिनी बलोदी, बीमा सूचना एवं जांच ब्यूरो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकट चांगवल्ली भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंधक नीरज कुमार, न्यू इंडिया इंश्योरेंस के महाप्रबंधक जीबी नागेश्वर राव आदि अधिकारी शामिल होंगे। निजी जांच एजेंसियों तथा शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे।

"हमने सबूत आधारित सघन जांच की और अब समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। इस सम्मेलन के माध्यम से बीमा क्षेत्र के सभी पक्षों को एक मंच पर लाकर ऐसे संगठन अपराधों की पुनरावृत्ति को रोकने के तंत्र विकसित करना चाहते हैं। यह प्रयास उत्तर प्रदेश में पारदर्शिता और समन्वय की नई मिसाल बनेगा।
– **अनुकृति शर्मा**, एएसपी दक्षिणी संभल।



# स्वास्थ्य मेले में 2537 मरीजों का निःशुल्क उपचार

**संभल,अमृत विचार :** जनपद संभल में स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 2537 मरीजों का निःशुल्क उपचार हुआ। इनमें सबसे ज्यादा 336 चर्म रोगी रहे।

सरकारी अस्पतालों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 35 डॉक्टरों और 106 पैरा मेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 986 पुरुषों, 937 महिलाओं और 614 बच्चों का निःशुल्क उपचार किया। आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 113 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 121 आभा आईडी बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर की व्यवस्था रही। आशाओं ने सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरुण पाठक आदि ने निरीक्षण किया।

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों का सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया है। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्युएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग)की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ़ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इन्टीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईएजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

> स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटॅलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम



> ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



**मुकेश नेमा**
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह



**योगेश कुमार गोयल**
वरिष्ठ पत्रकार

> क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।



**डॉ सुधांशु के. मिश्रा**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी



**सुनील कुमार महला**
स्तंभकार

> आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग( एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं।

यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### भाकियू इंडिया के जिला अध्यक्ष बने लोकेश बिधूड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन इंडिया का जिला नेतृत्व परिवर्तन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेंद्र पहलवान ने लोकेश बिधूड़ी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पूर्व जिला अध्यक्ष अजयपाल सिंह को उत्तर प्रदेश का सचिव बनाया गया है। कुंवरपाल सिंह को राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य और दिमाग सिंह प्रधान को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। सतपाल सिंह अम्बावता को युवा मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्तर पर अमित अम्बावत और शमशाद सैफी को उपाध्यक्ष, ह्देश अम्बावत को प्रवक्ता तथा शिवम् पोसवाल को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा परवीन गुर्जर जिला उपाध्यक्ष, विनोद कुमार और संजय सिंह जिला सचिव बनाए गए हैं। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लोकेश बिधूड़ी ने कहा कि वह संगठन का दायित्व पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

### पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना

**हसनपुर, अमृत विचार :** बूथ नंबर 85 स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 123 वां संस्करण सुना। कार्यक्रम के बाद सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक पौधा मां के नाम रोपित किया। जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल , जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिखर अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा , संदीप गुप्ता , मोहित अग्रवाल, नरोत्तम सिंह,चमन, रियासत आदि पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी

**अमरोहा,अमृत विचार :** रविवार को नौगांवा सादात नगर पंचायत के मोहल्ला अलीनगर की बूथ संख्या 241 पर भाजपा नेता पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। पीएम ने मन की बात में योग दिवस की तारीफ करते हुए कहा कि गुजरात के बड़नगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया। उधर तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने योग किया। कहां की इंटरनेशनल योग दिवस लगातार भव्य होता जा रहा है। पीएम ने खाने में 10 फीसद तेल कम करने की बात दोहराई । भाजपा कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनने के बाद एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता इकराम सैफी, बूथ अध्यक्ष मयंक कुमार, सुनील कुमार, अब्दुल सलाम सैफी, हाजी शहाबुद्दीन अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

### सावन की तैयारी: कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन सतर्क, 11 जुलाई से लागू होगा रूट प्लान

# दिल्ली-मुरादाबाद वाली लेन कांवड़ियों के लिए ही आरक्षित होगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● शुक्रवार से सोमवार की रात तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सर्तक है। कांवड़ियों को कोई परेशानी न हो इसलिए उनकी सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर एक लेन कांवड़ियों के लिए सुरक्षित छोड़ी जाएगी। केवल दूसरी लेन पर ही दोनों पर तरफ वाहन दौड़ेंगे। इसके अलावा शुक्रवार से सोमवार की रात तक नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

इस बार सावन की शुरुआत 11 जुलाई शुक्रवार से हो रही है। उसी दिन से कांवड़िए भी शिवभक्ति के रंग में रंगने के लिए तैयार हो जाएंगे। पहला सोमवार 14 जुलाई को है। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस की तरफ से तैयारियों की जा रही हैं। एडीजी बरेली रमित शर्मा ने बृजघाट पहुंचकर नेशनल हाईवे पर यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया व जगह जगह बैरिकेडिंग सहित पुलिसकर्मियों की डयूटी को लेकर दिशा निर्देश दिए। डीएम निधि गुप्ता भी नेशनल हाईवे पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा ले चुकी हैं।

पुलिस ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट प्लान भी तैयार कर लिया है। लाखों कांवड़िये ब्रजघाट से गंगाजल लेकर गुजरेंगे। सावन के प्रत्येक शुक्रवार की सुबह 8 बजे से सोमवार की रात 8 बजे तक भारी वाहनों रोडवेज-प्राइवेट बस, डंपर, ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली का नेशनल हाईवे पर प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। जबकि दूसरी लेन पर छोटे वाहन चल सकेंगे। शुक्रवार व शनिवार को दिल्ली से मुरादाबाद की लेन कांवड़ियों के लिए ही आरक्षित रहेगी। मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले वाहनों की लेन पर दोनों तरफ के वाहन दौड़ेंगे। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि एक महीना प्रत्येक शनिवार की सुबह से सोमवार दोपहर तक हाईवे पर रूट डायवर्ट रहेगा। इसके लिए तैयारियां कर ली गई हैं। एक लेन पर सिर्फ कांवड़िए ही चलेंगे। सोमवार से एक दिन पहले रविवार की रात को डाक कांवड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं का जत्था अधिक रहता है। इसलिए उस दिन पूरी तरह चौकसी बरती जाएगी।

### कई जिलों के श्रद्धालु आते हैं बृजघाट

बृजघाट की अपनी पौराणिक मान्यता है। इसलिए अमरोहा के साथ ही मुरादाबाद, बरेली, संभल, रामपुर व अन्य जिलों के लाखों भक्त ब्रजघाट से गंगा जल भरने आएंगे। प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाता है, इसलिए शुक्रवार, शनिवार और रविवार को हाईवे पर कांवड़ियों की भीड़ रहती है। पूरे एक महीने चलने वाली कांवड़ यात्रा में शिव भक्तों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए वाहनों के मार्ग परिवर्तन की व्यवस्था की गई है।

## बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल, जगह-जगह जलभराव



उझारी में सड़कों पर भरा पानी। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझारी

**अमृत विचार :** रविवार को सुबह में हुई बारिश में उझारी कस्बे में पानी भर गया। शाही चौक, नौरंगाबाद कादरी चौक सहित हर तरफ भर पानी भर गया। यहां तक की घरों में भी अंदर पानी भर गया। बारिश के चलते नाले चौक हो गए। सड़क बारिश के पानी से लबालब भर गई। लोगों को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ा।

शहर में रविवार को हुई बारिश ने नगर पंचायत के सफाई अभियान की पोल खोल दी। सड़कों पर बारिश का लबालब पानी भर गया। उस पर नाली का कीचड़ गंदा पानी आ गया। ऐसे में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

# झमाझम बारिश में झूम उठे लोग, जलभराव बना परेशानी

### फसलों की सिंचाई होने से किसानों को मिली राहत, वाहन चालक होते रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रविवार सुबह से दोपहर बाद तक हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राह मिली लेकिन शहर की सड़कें लबालब हो गईं। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो पहिया वाहन पानी में बंद हो गए। फसलों की सिचांई हो जाने से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी।

पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। शनिवार को भी मौसम सुहावना बना रहा, कहीं कहीं पर जमकर बारिश भी हुई। इसके बाद रविवार को सुबह करीब 5 बजे आसमान में बादल उमड़े और करीब 7 बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई। बिना छाते के बाहर निकलने वाले लोगों को बारिश ने खूब भिगोया। तेज तो कभी धीमी गति से बारिश होने का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा। बारिश थमने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ठंडी हवाएं चलती रहीं।

जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बारिश के कारण तापमान करीब 2 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़ककर 29 डिग्री पहुंच गया। बारिश ने आम जनमानस को जहां भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं फसलों के फायदे से किसान भी खुश हैं। रअगले 24 घंटों में जिले के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जलभराव के चलते जरूर आबादी को परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश न होने के कारण किसान परेशान थे। धान की बुआई में दिक्कत हो रही थी। रविवार को हुई बारिश फसल के लिए जीवनदायिनी साबित हुई। इससे किसान बेहद प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। **जिला कृषि अधिकारी** मनोज कुमार ने कहा कि फसलों के लिए यह बारिश बेहद फायदेमंद है। अभी और बारिश के आसार हैं।




बिजनौर रोड पर जलभराव से निकलते वाहन। ● अमृत विचार



जलभराव में बंद हो गई बाइक पैदल ले जाता युवक। ● अमृत विचार



जलभराव में खुश होता बाइक सवार।

### नालों की गदंगी सड़क पर आई

रविवार दोपहर हुई बरसात से शहर में जगह-जगह जलभराव की समस्या बन गई। कई स्थानों पर नालों से उफनी गदंगी सड़क तक आ गई। पालिका प्रशासन के नाला सफाई के दावों की पोल खुलती नजर आई। शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में आजाद रोड, कैलसा बायपास रोड, नगर पालिका रोड, जेएस इंटर कॉलेज रोड, बसावन गंज, बड़ा बाजार, मोहल्ला लकड़ा आदि स्थानों पर जलभराव की समस्या बन गई। सड़कों पर निकले वाहन चालकों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



बारिश से बचने को छाता लेकर निकली महिला।



मोहल्ला बटवाल में जलभराव। ● अमृत विचार



जोया रोड पर भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

# तीन मोहर्रम: शहीदे कर्बला हुसैन, हुसैन... हुसैन, हुसैन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शहर में तीन मोहर्रम का मातमी जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। अजादारों ने या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करके बीबी फात्मा को लख्ते जिगर की शहादत का पुरसा दिया।

अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में तीन मोहर्रम के जुलूस की शुरुआत नगर के मोहल्ला पचदरा स्थित अजाखाना वलिया से सुबह करीब नौ बजे हुई। जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। सबसे आगे ऊंट पर काला अलम लगा हुआ था। बच्चे ऊंटों पर सवार थे। इसके पीछे रौशन चौकी और अराईश थी। रौशन चौकी में नौबत बज रही थी। जुलजनाह और शबीहे ताबूत और अलम मुबारक के पीछे हुसैनी बाजे पर नंगे सिर-नंगे पैर अजादार या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। तीन मुहर्रम को हर इमामबाड़े में खास मरसिया घर से जब बहरे सफर सैयदे आलम निकलें शाने हैदर ने पढ़ा। काफिला तयशुदा रास्तों से गुजरकर दोबारा अजाखाना वलिया में संपन्न हुआ। जिलाधिकारी द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफज अजादारी की तदार्थ कमेटी के सदस्य ज़िया एजाज़ नक़वी, लियाक़त अली, बाक़र रज़ा नक़वी, नदीम नक़वी, शेज़ाद रज़ा, क़ासिम ज़ैदी आदि मौजूद थे। उधर, अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद, खुर्शीद हैदर जैदी, इमदाद आब्दि, डॉ.चंदन नकवी, शाने मुज्तबा, वसीम ज़ैदी मौ तकी नज़ीर हैदर रजा शमीम अफजाल मुनाजिर आदि साथ रहे।

● शहर में अजाखाना वलिया से निकाला गया पहला मातमी जुलूस




जुलूस में शामिल ऊंटों पर बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

### नौगांवा सादात में तीन मोहर्रम का जुलुस निकाला

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** मोहल्ला बंगला में मस्जिद हीगा वाली मस्जिद से जुलूस निकाला गया। हफ्ता बाज़ार में इमाम हुसैन के अज़ादार मौजूद रहे। अंजुमन हैदरी के नौहीखान अली शब्बर व आदिल अब्बास नौगानवी ने मौला अब्बास के हाल का नोहा पढ़ा। जाहिद नौगंवी , मौलाना वसी हैदर ,दिलबर दानिश अली सज्जाद ,एजाज़ आदिल अब्बास मोजूद रहे। मातमदारों ने इमाम हुसैन के 72 साथियों का मातम किया। जुलुस शाह्खादम अली,कर्बला रोड, शाहे नजफ़ बंगला, दोलत शहीद होता हुआ बड़ी इमली पंहुचा। मुख्य रूप से अध्यक्ष मो अब्बास ,उप अध्यक्ष सिब्ते हैदर सचिव हुसैन अब्बास ,उप सचिव तारिक रजा ,मास्टर कौसर अब्बास ,शेरअली ,मुन्ना ज्ञानी गुलाम अस्करी,गफ्फार व अन्य ने मौजूद रहे।



जुलूस में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

## अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़े रहो: मौलाना मुताहिर

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर में रसूल के नवासे हज़रत इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की शहादत के सिलसिले से मजलिसों का सिलसिला जारी है।

मुजफ्फर हुसैन के मकान पर मजलिस में मर्सिया खुवानी रियाजुल हसन ने की और मजलिस को किताब मास्टर सादिक रज़ा ने किया। दिन में दूसरी मजलिस इमामबाड़ा सखी हुसैन में की गई। देर रात पहले मजलिस इमामबाड़ा दादी वाले में बरपा की गई जिसमें मर्सिया डॉक्टर सैयद लईक हैदर ने पढ़ा और हदीस मौलाना कंबर अली ने खिताब किया। इसके बाद इमामबाड़ा मुस्तकीम अली मे मजलिस हुई जिसमें सोज़खुवानी डॉ. लईक हैदर बाकरी और हमनवा ने की। मजलिस को ईरान से तशरीफ़ लाए मौलाना सय्यद मुताहिर हुसैन रिज़वी ने खिताब करते हुए कहा कि क़ुरआन मे मौजूद है अल्लाह की रस्सी को मजबूती से पकड़े रहो।

## सार-संक्षेप

### रोटरी क्लब के वार्षिकोत्सव में लिया समाजसेवा का संकल्प



**गजरौला,अमृत विचार :** रोटरी क्लब भरतियाग्राम के वार्षिकोत्सव में समाजसेवा का संकल्प दोहराया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पुरस्कार पाकर सभी के चेहरे खिल उठे। महिला मैड के लिए छतरी वितरित कीं। शनिवार की रात एक होटल में रोटरी क्लब भरतियाग्राम का वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जुबिलेंट के यूनिट हेड एवं क्लब के पैट्रन विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क एवं क्लब के प्रेसीडेंट सुनील दीक्षित,2025-26 के लिए प्रेसीडेंट इलेक्ट देवेंद्र बंसल, क्लब के सेक्रेटरी डा. सुजिंदर फोगाट एवं मंडी धनौरा से आए क्लब के सीनियर मेंबर शिव कुमार गोयल ने की। क्लब के अध्यक्ष सुनील दीक्षत ने सामाजिक कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रंजना झा, अंजु रानी दीक्षित, सुनील सिंह, मनीश अग्रवाल, क्लब के सेक्रेटरी इलेक्ट विशाल गौरव, अंशुमान पाराशर, अनुपम सिंह, ममता गुप्ता, अर्चना आदि भी मौजूद रहे।

### झमाझम बारिश में लोगों को मिली राहत

**हसनपुर,अमृत विचार :** झमाझम बारिश होने के कारण भीषण गर्मी से निजात मिली है। हल्की बारिश होने के बावजूद सड़कों पर जगह-जगह पानी जमा हो गया। रविवार की सुबह से ही आसमान में चारों ओर काली घटाएं छा गई थी। उसके बाद झमाझम बारिश होनी शुरू हो गई। हालांकि ज्यादा तेज बारिश नहीं हुई है। बावजूद भीषण गर्मी से लोगों को निजात मिली है। बारिश होने के कारण नगर की सड़कों पर पानी जमा हो गया। नाले बारिश के पानी से भर कर चलने लगे। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी बरसात होने के कारण गांव के रास्तों पर चिपचिपाहट हो गई। चकरोडो पर पानी भर गया जिससे ग्रामीणों को उधर से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश होने के कारण किसानों के चेहरों पर भी खुशी छाई हुई है। बारिश होने के कारण ईखों को फायदा होना बताया जा रहा है। आम की फसल को भी लाभ होना बताया जा रहा है।

### नेशनल हाईवे समेत सर्विस मार्ग पर भरा पानी

**गजरौला,अमृत विचार :** रविवार की सुबह आसमान में घने बादल छाए तथा मूसलाधार बारिश हो गई। करीब दो घंटे तक हुई बारिश का पानी दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे के अलावा सर्विस मार्गों पर भी भर गया। जिसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। फसलों के सूखने को लेकर चिंतित किसानों के चेहरे भी खिल उठे। शहर में बस्ती मार्ग के अलावा, खाद गुर्जर चौराहा, मायापुरी मोहल्ला, ललिता देवी मार्ग के अलावा पशु अस्पताल, ब्लाक परिसर समेत कई स्थानों पर पानी भर गया। हाईवे पर बारिश का पानी भरने से स्थिति काफी खराब हो गई। यातायात प्रभावित रहा। सर्विस मार्गों पर करीब दो फिट तक पानी भर गया। जिसमें कई वाहन खराब हो गए। कारों तक में पानी भर गया। सर्विस मार्ग पर पानी भरने की वजह से एक एंबुलेंस भी खराब हो गई। ईओ ललित कुमार आर्य ने बताया कि नालों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त है लेकिन शहर में कई हिस्से नीचे पर है। जिसके चलते वहां पानी भर जाता है।

### नर्तकी के साथ ग्राम प्रधान ने लगाए ठुमके

**हसनपुर, अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव मरोरा ग्राम पंचायत में सीसी रोड के उद्घाटन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान ने स्टेज पर नतृकी के साथ जमकर ठुमके लगाए। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान अपने पद की मर्यादा ही भूल गए

## सुभासपा की जनचौपाल में पंचायत चुनाव पर चर्चा



बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर। ● अमृत विचार

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गांव ख्यालपुर ढाल में रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की जनचौपाल में जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर गरीब, कमजोर और वंचित समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी हर जिला पंचायत सीट पर प्रत्याशी उतारेगी इसके लिए हमें बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना होगा।

लोकेश चौधरी प्रदेश महासचिव ,आदेश अमरोही, चंद्र प्रकाश सैनी, तहसील अध्यक्ष संजय गुर्जर, प्रधान प्रदीप कुमार, देवेंद्र कुमार सैनी, लवकुश सैनी, मौसम सुर सैनी, डॉ. जितेंद्र राणा, ऋषिपाल, राकेश सिंह, बलवीर सिंह व अन्य शामिल रहे।

## गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव के मुख्य मार्ग पर घरों के गंदा पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों का निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों ने सफाई करवाये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर में घरों का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर आकर जमा हो गया है। जिससे ग्रामीणों को निकलने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग यहां से गंगा तट बांध की और को भी जाता है। कई बार ग्रामीणों द्वारा सड़क पर फैली गंदगी को साफ करवाये जाने की मांग की गई लेकिन इस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ग्रामीणों ने सड़क पर फैली गंदगी को जल्द से जल्द साफ करवाये जाने की मांग की है।

## धूमधाम से निकाली खाटूश्याम की निशान यात्रा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में देर रात तक खाटूश्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्तिगीतों की धुन पर थिरकते चल रहे थे। यात्रा का नगर में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

निशान यात्रा का मुख्य अतिथि सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर एवं विशिष्ट अतिथि मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा एवं नगर पालिका अध्यक्ष हसनपुर राजपाल सैनी ने शुभारंभ किया। शोभा यात्रा अमरोहा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मेन बाजार होती हुई, रहरा बस स्टैंड पर पहुंची। वहां से जामा मस्जिद,पुराना डाकघर,सुखदेवी इंटर कॉलेज होते हुए शिवाला मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई।



शोभायात्रा में शामिल सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा व चेयरमैन।

● ढोल-नगाड़े के बीच झूमे श्रद्धालु कलाकारों की प्रस्तुति ने नगरवासियों का मन मोहा

शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में सम्मिलित मां काली के अखाड़े, शिव पार्वती, राधाकृष्ण के कलाकारों की प्रस्तुति नगर वासियों का मन मोह लिया। पुलिस बल मौजूद रहा। संदीप अग्रवाल,शैकी अग्रवाल,आशु चौहान,मोहित चौहान, अवनीश अग्रवाल,हिरदेश अग्रवाल, अशोक रस्तोगी,राहुल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल,मोहित शर्मा,शोभित शर्मा,राजन चौहान,अंकित गुप्ता, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

## सिरसी में हुईं मजलिसें गमगीन रहा माहौल

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में तीसरी मोहर्रम को दिनभर मजलिसों मातम का सिलसिला जारी रहा। मोहल्ला दालान में मुहम्मद शफीक दलानी के अजाखाने से अलमे मुबारक निकाला गया। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। रात में सरदार हुसैन के मकान में मजलिसे अजा शुरू हुई जिसमें मर्सिया असद अब्बास और उनके हमनवा ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना मोहम्मद अब्बास ने खिताब किया।

मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह निकाला गया जिसमें अंजुमने जुल्फेकार ए हैदरी, गुलदस्ते ए हैदरी, हाशमी, हैदरी, गुलजारे हैदरी, पंजेतनी, दिलदारे हुसैनी, करवाने हुसैनी, सफिनाए अजा, मीसमे अजा ने नौहाख्वानी की। जुलूस निर्धारित रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार

## फर्जी वेबसाइट पर नौकरी निकालकर देते थे युवाओं को झांसा, एक लैपटॉप 10 मोबाइल व 11 सिम कार्ड बरामद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** फर्जी वेबसाइट पर नौकरी निकालकर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी जॉब पोर्टल्स का नाम लेकर लोगों से ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों कब्जे से एक लैपटॉप 10 मोबाइल फोन व 11 सिम कार्ड बरामद किए हैं।



खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद, पीछे खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

रविवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने 17 जून को आंध्र प्रदेश के निवासी युवक से शाइन डॉट कॉम और नौकरी डॉट कॉम के जरिए नौकरी दिलाने के नाम पर 22480 रुपये की ठगी की थी। आरोपी पिछले दो साल से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर रहे थे। अमरोहा में बैठ कर ही देश भर में आरोपी ठगी कर रहे थे। इनके मोबाइल नंबरों, सिम कार्डों पर दर्ज शिकायतों के बाद ट्रेस किया गया। जिसके बाद तीन आरोपी मुकुल उर्फ नकुल, अंकुर और योगेन्द्र उर्फ कल्लू निवासी ग्राम ब्रहमाबाद की मढैया, थाना सैदनगली को गिरफ्तरी किया है। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन और 11 सिम कार्ड बरामद हुए हैं।

आरोपी जॉब पोर्टल्स से डेटा जुटाकर कॉल सेंटर की तरह काम करते थे। वे नौकरी दिलाने के नाम पर पंजीकरण, दस्तावेज सत्यापन और ऑफर लेटर की फर्जी फीस वसूलते थे। पैसे लेने के बाद नंबर ब्लॉक कर देते थे। गिरोह में एक आरोपी गरीबों के नाम पर बैंक खाते और सिम खुलवाता था। दूसरा एटीएम से पैसे निकालता था और तीसरा पूरे रैकेट को चलाता था। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ देशभर में कई शिकायतें दर्ज हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं इस मामले में अभी तीन आरोपी फरार है। जिनमें निखिल चाहल पुत्र विजय पाल सिंह निवासी ग्राम जोगीपुरा, जया वर्मा पुत्री विनोद वर्मा निवासी मौ0 बस्ती कस्बा व थाना गजरौला, एकता पुत्री मोरसिंह निवासी ग्राम बारसाबाद थाना गजरौला फरार है। पुलिस उनकी तलाशी कर रही है।

## सार संक्षेप

### जमीन पर लिटाकर किया एक्स-रे

**बिजनौर, अमृत विचार :** रविवार को किरतपुर नगर पालिका का एक सफाई कर्मचारी कूड़ा रिक्शा पलटने से घायल हो गया था। उपचार के लिए किरतपुर सीएचसी में ले जाया गया। कर्मचारी के साथियों ने बताया कि अस्पताल के कर्मचारी मरीज का एक्स-रे करने के लिए तैयार नहीं थे। सफाई कर्मचारियों का दबाव बढ़ने पर एक्स-रे फर्श पर लिटाकर किया गया। इसका वीडियो भी वायरल हुआ। जिलाधिकारी जसजीत कौर का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए सीएमओ को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं।

### गुलदार के हमले में बछड़े की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नुकदीपुर में गुलदार ने एक बछडे को मार डाला। ग्रामीणों में दहशत है। शनिवार रात ग्राम नुकदीपुर में गुलदार ने संजीव की पशुशाला में बंधे गौवंश पर हमला कर दिया। आहट होने पर संजीव का परिवार जाग गया। तब तक गुलदार बछड़े को मार चुका था। परिजनों ने शोर मचाकर गुलदार को भगाया। चार दिन पूर्व क्षेत्र के गांव मंडोरा में गुलदार ने डॉ कोमल यादव की पशुशाला में बंधे पशु पर हमला कर दिया था। शुक्रवार की रात बीरबलपुर उर्फ बूढ़पुर में कार सवारों को हुकूमतपुर के रास्ते पर पुलिया पर बैठा गुलदार दिखा।

### नागल सोती में तीन घरों से लाखों का माल चोरी

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के गांव नांगल सोती क्षेत्र के तीन घरों में चोरों ने मोटर साइकिल, जेवर आदि चीजों पर हाथ सफा कर दिया। नांगल सोती थाना क्षेत्र के गांव महमसापुर में बीती रात चोरों ने अपने घरों में सो रहीं स्वाति पत्नी मोहित, कोमल पत्नी सुरेंद्र के कानों से कुंडल निकाल लिए। वहीं रामू पुत्र जगदीश के घर से मोटरसाइकिल चुरा ली। एसपी सिटी संजीव बाजपेई, क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह व नांगल थाना प्रभारी सुशील सैनी ने मौका मुआयना किया। एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने कहा जल्द से जल्द चोरियों का खुलासा कर दिया जायेगा।

### पत्नी और दो बेटियों को ले जाने का आरोप

**बबराला,अमृत विचार :** कस्बा निवासी एक शख्स ने पड़ोसी युवक पर अपनी पत्नी और दो पुत्रियों को बहला- फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी युवक नोएडा में रहकर मजदूरी करता है। 23 जून की शाम करीब पांच बजे उसकी मां खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई हुई थी। पड़ोस में रहने वाला युवक उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी युवक पत्नी के साथ-साथ उसकी दो बेटियों को भी ले गया। युवक ने 25 जून को कोतवाली गुन्नौर पहुंच तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है।

### चकमार्ग से ठिये उखाड़ने की शिकायत पर मारपीट

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भबावला निवासी रामकुमर ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव के पास उसका खेत है। खेत के समीप चकमार्ग की पैमाइश कराई गई थी। लेखपाल, कानूनगो और पुलिस द्वारा चक्रमार्ग की पैमाइश के बाद ठिये लगवाए गए थे। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने चकमार्ग पर लगे ठिये उखाड़ कर फेंक दिए और शिकायत करने पर मारपीट की है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### श्री कल्कि की आरती कर संभल में मुख्यालय की प्रार्थना

**संभल,अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित प्राचीन श्री कल्कि मंदिर में रविवार को लोगों ने आरती कर संभल में जिला मुख्यालय की प्रार्थना की। रविवार शाम को जिला मुख्यालय संभल में बनाने की मुहिम चला रहे लोग संजय गुप्ता पोली के नेतृत्व में प्राचीन कल्कि मंदिर पर पहुंचे। यहां जिला मुख्यालय संभल में स्थापना को लेकर भगवान श्री कल्कि की खास प्रार्थना के बाद आरती का आयोजन किया गया। कहा कि संभल का पुराणों में वर्णन है और यहां पर सभी तीर्थ स्थलों पर भगवान स्वयं विराजमान हैं। ऐसे तीर्थ की रक्षा के लिए यहां पर मुख्यालय का होना आवश्यक है। कुलदीप गुप्ता, शंशाक शर्मा, राजेंद्र सभासद, संजीव शुक्ला, उज्ज्वल, अभिषेक शर्मा, सुषमा गुप्ता, पिंकी ग्रेवाल, सतेंद्र सिंह, नवीन सक्सेना, वीरेंद्र गुप्ता, विष्णु गुप्ता, विवेकशील अग्रवाल, अरविंद सिंह एडवोकेट, कमल दिवाकर, मुकुल रस्तोगी, वेदप्रकाश, गगन वार्ष्णेय सभासद, पंडित महेंद्र शर्मा आदि रहे।

B.I.U. Admission Open Session 2025-26 BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# सीएचसी में जल्द ही गंभीर मरीजों का भी हो सकेगा बेहतर उपचार

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** सीएचसी में 18 करोड़ रुपये की लागत से क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण किया जा रहा है। यूनिट में 50 बैड की 5 मंजिल बनाई जाएंगी। फिलहाल बेसमेंट के साथ 2 मंजिल का निर्माण हो चुका है। यूनिट में गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।



सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में बन रही क्रिटिकल केयर यूनिट। ● अमृत विचार

- सीएचसी में 18 करोड़ रुपये से बन रही क्रिटिकल केयर यूनिट
- यूनिट में 50 बैड की 5 मंजिल बनाई जाएंगी

उम्मीद जताई जा रही है कि दिसंबर माह में यूनिट का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल सीएचसी में सामान्य मरीजों को ही उपचार मिल पा रहा है। अधिकांश दुर्घटना में आने वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाता है। जनपद में आसपास भी क्रिटिकल केयर यूनिट नहीं है।

सीएचसी में क्रिटिकल केयर यूनिट के आरंभ होने पर मरीजों को सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, लिफ्ट, ऑपरेशन थिएटर, सर्जरी विंग, ऑर्थो विंग, आपातकालीन वार्ड सहित 24 घंटे उपचार की सुविधा मिलेगी। सीएचसी प्रभारी डॉ. हरविंदर सिंह ने बताया कि यूनिट तैयार होने पर गंभीर मरीजों का बेहतर उपचार किया जाएगा। अत्याधुनिक मशीनें भी लगाई जाएंगी।

# कार्यक्रम में किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया

**अमृत विचारः** रविवार को वाल्मीकि समाज ने सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया।

करेली रोड पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम समाज के महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित किया। मंजू दिलेर व डॉ. सुषमा ने हाईस्कूल व इंटरमीडिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों की सफलता पर सम्मानित होने पर परिजनों में खुशी देखी गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा पर अधिक जोर देना चाहिए।

शिक्षित समाज ही नई दिशा देने का कार्य करता है। कार्यक्रम में बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान नरेन्द्र कुमार बिंद्रा, संजय रजौरिया, मदन पाल, जयकमल, अजय राजवर, नितिन शर्मा, मिलन कुमार, प्रमोद कुमार, दर्शन लाल, राकेश कुमार, जसवंत कुमार, शंकर लाल, राऊकी वाल्मीकि, मुकेश कुमार, रमेश कुमार चौहान, सुभाष वाल्मीकि, ब्रजेश कुमार आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### वैज्ञानिक हत्याकांडः राज्यमंत्री ने एसएसपी को भेजा पत्र

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा की हत्या का राज पुलिस अब तक नहीं खोल सकी है। संस्थान के निदेशक के पूर्व निजी सचिव एके गुप्ता ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ट्वीट करके खुलासे की मांग की थी। अब प्रकरण में राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को वरिष्ठ वैज्ञानिक की हत्या का खुलासा कराने के संबंध में पत्र लिखा है।

# नानी और मां नहीं दिला पाए मोबाइल तो किशोर ने कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारादरी के सतीपुर का रहने वाला था विवेक मौर्या
- नानी के साथ भमोरा के गांव खुली तारपुर में रहता था

**अमृत विचार :** मोबाइल की मांग पूरी न होने पर किशोर ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बारादरी के मोहल्ला सतीपुर निवासी शारदा देवी का बेटा विवेक मौर्या (17) अपनी नानी धनवती के पास भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खुली तारपुर में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करता था और नानी के काम में भी हाथ बंटाता था। विवेक कई दिन से नानी से मोबाइल की मांग कर रहा था, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण नानी मोबाइल नहीं दिला सकीं। तब उसने अपनी मां शारदा देवी को फोन करके मोबाइल की मांग की। शारदा देवी ने उसे समझा दिया कि कुछ दिन रुक जाओ उसके बाद मोबाइल दिला देंगे। उसने शनिवार रात साड़ी का फंदा बनाया और लटक गया। रविवार सुबह 4 बजे नानी ने विवेक को फंदे पर लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से नानी धनवती, मां शारदा देवी और दो भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगा लिया फंदा

**बदायूं,अमृत विचार :** वजीरगंज के कस्बा बगरैन निवासी मदन लाल (32) की शादी लगभग चार साल पहले थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा निवासी रेखा देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था, जिसकी वजह से कुछ दिन पहले रेखा देवी अपने मायके चली गई थीं। मामला पुलिस के पास भी पहुंचा था। परिजनों के अनुसार शनिवार को मदन लाल अपनी पत्नी को बुलाने के लिए मायके गए थे। जहां पत्नी ने वापस आने से मना कर दिया। जिसके बाद मदन लाल वापस अपने घर लौट आए और कमरे में जाकर बंद हो गए। उन्होंने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो चीत्कार मच गई।

## राष्ट्रपति आज आईवीआरआई में बांटेंगी उपाधियां

**बरेली ,अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगी। वह सुबह करीब 9.50 बजे त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचेंगी। यहां पहुंचने पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुके देकर राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे। इस दौरान एयरफोर्स और सेना के वरिष्ठ अफसर भी मौजूद रहेंगे।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर दिल्ली से लखनऊ तक सभी एजेंसियां और पुलिस प्रशासनिक अफसर नजर बनाए हुए हैं। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार आईवीआरआई के स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति को लेकर वायुयान एयरफोर्स हवाई अड्डे से गोरखपुर के लिए उड़ान भरेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री सुबह 8.50 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से राजकीय वायुयान से एयरफोर्स पहुंच जाएंगे, जबकि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल लखनऊ से राजकीय वायुयान से सुबह 9.20 बजे एयरफोर्स पहुंचेंगी। दीक्षांत समारोह में 576 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

BIU FOPS BAREILLY

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
• BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
• BRIT (Intake-80 Seats)
• BPT (Intake-40 Seats)
• B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
• BOTT (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
• MPT (Intake-20 Seats)
• MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
• B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
• M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
• Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
• Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
• Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
• Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
• Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# शहरों में रहते हैं ग्राम पंचायत सचिव तो कैसे हो सकेगा गांवों का विकास

## डीएम ने जारी किया है सचिवों को ग्राम पंचायत से अधिकतम 8 किमी दूर रहने का आदेश

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिव की तैनाती की ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान होने के साथ गांव का विकास हो सके। हकीकत यह है कि तमाम ग्राम पंचायत सचिव शहर में रहते हैं और अफसर की तरह कारों में बैठकर कभी कभार ग्राम पंचायत का रुख करते हैं। डीएम को हालात का पता चला तो उन्होंने पंचायत सचिव को तैनाती स्थल से अधिकतम 8 किलोमीटर दूर रहने का निर्देश दिया है।

सरकार ने ग्राम पंचायतों को मजबूती प्रदान करते हुए सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों का निर्माण कराया है। ग्राम सचिवालय में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के कार्यालय के साथ ही पंचायत सहायक के बैठने की भी व्यवस्था है। कम्प्यूटर लगे हैं जिनसे पंचायत सहायक सरकारी काम को अंजाम देते हैं। ऐसे में होना यही चाहिए कि ग्राम पंचायत सचिव सुबह से शाम तक पंचायत सचिवालय पर मौजूद रहें। इसमें एक अड़चन यह है कि एक ग्राम पंचायत सचिव के पास चार से पांच ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी है। एक से ज्यादा ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी की आड़ में ही ग्राम पंचायत सचिव गांव छोड़कर शहर में डेरा डाले हुए हैं। एक गांव के लोग पंचायत सचिव से गांव में न आने की शिकायत करते हैं तो पंचायत सचिव दूसरी ग्राम पंचायत में मौजूद होने की बात कहकर शिकायत करने वालों का मुंह बंद कर देता है।

### शहर में रहते हैं अधिकांश पंचायत सचिव

अधिकांश ग्राम पंचायत सचिव शहरों में रहते हैं। हालात यह हैं कि गुन्नौर, जुनावई व रजपुरा में तैनात कुछ सचिवों का ठिकाना 40 किलोमीटर से भी ज्यादा दूर संभल, चंदौसी और मुरादाबाद तक में है। वहीं असमोली ब्लाक के कई सचिव भी संभल और मुरादाबाद में रह रहे हैं।

### डीएम के आदेश का हुआ पालन तो मिलेगी राहत

जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने जनपद के ग्राम पंचायत सचिवों के साथ बैठक कर साफ कहा कि ग्राम सचिव तैनाती स्थल पर या तैनाती स्थल के आठ किलोमीटर के दायरे में ही रहें। यह भी कहा गया कि सचिव संबंधित अधिकारी से अनुमति लेकर ही कहीं बाहर जायें। जिलाधिकारी के इस आदेश का पालन होगा या नहीं यह आने वाले दिनों में साफ हो जायेगा। इतना जरूर है कि यदि पालन हुआ तो इससे गांव के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## एक नजर

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे 1.14 करोड़ पौधे

अमृत विचार, लखनऊ : वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से 1.14 करोड़ पौधे सड़कों के किनारे लगेंगे, जिसमें यूपीडा की ओर से एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली थी। वन विभाग की तरफ से सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा को 2.50 लाख पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी के सहयोग से मिलकर उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर हैं।

# 75 गोशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, मिलेगा रोजगार

## सभी जिलों में खुलेंगी पंचगव्य औषधि, गो पेंट और जैविक खाद इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जनपद-एक नवाचार मॉडल से युवाओं और महिला समूहों को सशक्त बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' से मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार देने जा रही है। सभी जिलों में पंचगव्य औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण इकाइयां खुलेंगी। इसके लिए हर जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार, गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और बिक्री में लगाया जाएगा। एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई गई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे।

उप्र. गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

### स्थानीय समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण

गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

### बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू

चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

# राष्ट्रपति की मेजबानी को गोरखपुर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह और आयुष विवि के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगी शामिल
- दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किमी की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति सोमवार को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं।

# आठ आईएएस अफसरों के तबादले

## आलोक कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को आज से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र. में पुलिस महकमे के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने पांच आईपीएस के बाद आठ आईएएस और 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव रहे राकेश कुमार सिंह-2 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया। साथ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी पदभार दिया गया। जितेंद्र कुमार रिटायर हो रहे हैं, उनका कार्यभार आलोक कुमार को दिया गया है। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को सोमवार से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश हैं।

तबादलों की इस कड़ी में बीते दिनों प्रतीक्षारत किए गए भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व बनाया गया है। तबादला सूची के अनुसार प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग आलोक कुमार को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, पुनर्गठन समय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक, हिंदी संस्थान के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग में विशेष सचिव रहे योगेश कुमार को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां जबकि आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां रहे डॉ. हीरा लाल को सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग रहीं अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिम्मा दिया गया है। प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा को मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और विशेष सचिव पर्यटन विभाग ईशा प्रिया को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 15 पीसीएस अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दशरथ कुमार को उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर नियुक्त किया गया है, जबकि गजेंद्र कुमार को मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या नियुक्त किया गया है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की कुर्सी दी गई है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या नियुक्त किया गया है। वागीश कुमार शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सोनभद्र बनाया गया है। कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है।

### पांच आईपीएस अफसरों के भी तबादले

**अमृत विचार :** राज्य में पांच आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईपीएस एसबी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी (अ) बनाए गए हैं। वह अभी तक पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन के पद पर थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएससी मुख्यालय रहे सुजीत पांडेय को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। वहीं, एसपी सीआईडी आशीष तिवारी अब सहारनपुर संभालेंगे। उन्हें सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर रहे आरके स्वर्णकार को बतौर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** सोमवार यानी 30 जून को कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस क्रम में 11 पीसीएस अफसरों का रिटायरमेंट आज हो रहा है। इनमें राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, राज नारायण, हनुमान प्रसाद, महेंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, सौरभ शुक्ला शामिल हैं। वहीं, कई आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। इनमें आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, बृजराज सिंह यादव और सुरेंन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। आईपीएस अफसरों में आदित्य मिश्रा, विपिन कु. मिश्रा, राहुल राज और आकाश वर्मा हैं।



उप्र. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधान सभा अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष की कार्ययात्रा पर आधारित पुस्तक उन्हें भेंट की।

## समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक है। साथ ही, संविधान और देश की जनता का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा है कि ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के साथ संसद और विधानसभाओं के समर्थन के बाद संपूर्ण प्रक्रिया के बाद जोड़े गए, जो भारत के सामाजिक न्याय और धार्मिक सद्भाव की नींव हैं। डॉ. राय ने कहा है कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने ऐसा बयान देकर न सिर्फ अपने पद की मर्यादा को तार-तार किया, बल्कि संविधान की आत्मा पर हमला किया है।

# केंद्रीय योजनाओं में बिना बिल नहीं मिलेगा बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 67 योजनाओं में बदलेगा मानक आज कार्यशाला में जानकारी देंगे केंद्र सरकार के अधिकारी

**अमृत विचार :** भारत सरकार की योजनाओं के बजट आवंटन में नए मानक से खलबली मची हुई है। अब कार्यदायी संस्था की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी। इस एसएनए स्पर्श प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसे लेकर सोमवार को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारी बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को विस्तार से बताएंगे।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। शेष 39 योजनाओं में जल्द ही व्यवस्था लागू होनी है, जिसके लिए सोमवार को लखनऊ में कार्यशाला आयोजित की गई है।

भारत सरकार की एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं की धनराशि सही समय पर ही विभागों को हस्तांतरित की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था से केंद्रीय योजनाओं में विकास कार्यों का बजट विभागों के खाते में अनावश्यक नहीं पड़ा रहेगा। काम करने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने पर ही धनराशि देने का नियम लागू किया गया है।

## पीलीभीत के घंटाघर का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीलीभीत स्थित घंटाघर का कायाकल्प होने जा रहा है। इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका जीर्णोद्धार कराएगा, इसके लिए 20.35 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह घंटाघर समय के साथ अपनी पहचान खोता गया, जिसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है। क्योंकि एक समय था जब छात्र हों या व्यापारी, बुजुर्ग हों या कामगार घंटाघर की आवाज से ही दिन की शुरुआत हुआ करती थी।

# महत्वपूर्ण पद खाली रहना स्वीकार्य नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आकांक्षात्मक जिलों और विकास खंडों की प्रगति की मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकांक्षात्मक जिला और विकास खंड राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रिक्ति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी रिक्तियां हैं, वहां त्वरित नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। किसी पद पर कार्यभार सौंपते समय यह अवश्य देखा जाए कि संबंधित प्रभारी अधिकारी दोनों स्थानों पर व्यावहारिक रूप से क्या उपलब्ध रह सकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की गहन समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचारों की उपलब्धि व आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। योगी ने जनभागीदारी, नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन को आकांक्षात्मक विकास खंड एवं आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार बताया। कहा कि सभी विभाग सामूहिक समन्वय और ठोस कार्ययोजना के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें।

फील्ड विजिट रिपोर्ट के अनुसार, 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कुल 272 विद्यालय, 301 आंगनबाड़ी केंद्र, 232 स्वास्थ्य इकाइयां, 229 ग्राम पंचायत सचिवालय एवं 275 अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 497 एफपीओ सक्रिय हैं और 6595 बीसी सखी वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। 106 विकास खंडों ने 'ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटजी' के अनुरूप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के 8 आकांक्षात्मक जनपदों- बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र और श्रावस्ती का भी गहन निरीक्षण किया।

# अलीगढ़ के विवि में एससी वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार किया गया। इसके बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन तेज करेंगे। 2 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा, जबकि 9 जुलाई को देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल होगी। इस बीच, बिजली कर्मियों ने जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रस्तावित आंदोलन के लिए संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के जिलों व परियोजनाओं के दौरे शुरू हो रहे हैं। 30 जून को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी झांसी और परीक्षा ताप बिजलीघर में आम सभा करेंगे। 1 जुलाई को कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजली घर पर आम सभा होगी। 2 जुलाई को सभी जिलों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध सभा कर ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसे हालात की निंदा करेंगे।


## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली-16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 आ | | 2 कू | | | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | | | ह |
| | ड़ | | मं | | 5 चु | र |
| | न | | डू | | | बा |
| | | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | | | ता | | ति | |
| 9 आ | रा | म | | 10 म | का | म |

## सुडोकू-24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी-09.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 07.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।

**वृष:** आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।

**मिथुन:** आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।

**कर्क:** आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।

**सिंह:** आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या:** आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्सटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।

**वृश्चिक:** आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु:** आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।

**मकर:** आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।

**कुंभ:** आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातवारण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन:** आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में बनेगा हर परिवार का पहचान पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार की सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए हर घर के लिए विशिष्ट पारिवारिक पहचान बनाने की योजना है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल लाभार्थियों तक पहुंच का दायरा भी बढ़ाएगी और सरकारी विभागों में नियोजन एवं निगरानी के लिए एकीकृत स्रोत के रूप में काम करेगी। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त किए और कर्नाटक निवासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया, आरोपियों में स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा (40) है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे।

### पूर्वी दिल्ली से पकड़े गए 83 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पुलिस ने पूर्वी इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए शुरू विशेष अभियान का हिस्सा है। अभियान के तहत कुल 120 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार में रहते रहे थे। गुप्त सूचना पर चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई।

# जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह

## तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए।

तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऑपरेशन के प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर छवि देखनी चाहिए।



हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा, कांग्रेस (केंद्र से) इन लोगों (माओवादियों) से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से 'बात नहीं करने' की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में करीब 10,000 लोगों ने हथियार छोड़ दिए और मुख्यधारा में शामिल हो गए।

शाह ने कहा कि इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। इसी तरह पिछले डेढ़ साल में 2,000 से ज़्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने कहा, हथियार छोड़ो और आत्मसमर्पण करो। अगर आप आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा।

### 1 अरब डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य

शाह ने कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में एक सभा में उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है। जो (हल्दी) बोर्ड बनेगा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। शाह ने कहा कि 2023 के विस चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित का वादा किया था और इस संबंध में आदेश बाद में जारी हुए थे। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा

**बोबिया, एजेंसी**

तीन जुलाई से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही बीएसएफ की महिला सैनिकों के साथ ही पुरुषों की तैनाती कर सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

3 जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा दो मार्गों से गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार व सेना काफी सतर्क है। वह यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पड़ोसी देश से सट रही देश की सीमा पर निगरानी गढ़ा दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा

### सिन्हा ने की आधार शिविरों में तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नुनवान और चंदनवारी स्थित आधार शिविरों का दौरा किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सुविधा सुरक्षा जांच में दक्षता सुनिश्चित करेगी और श्रद्धालुओं के प्रतीक्षा समय को कम करेगी। सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की।

# हिंदी विवाद : त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

- फडणवीस ने मामला सुझाने के लिए की समिति के गठन की घोषणा

महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में समिति के गठन की भी घोषणा की।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक तीन-भाषा की नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और नीति के कार्यान्वयन पर समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से 'त्रि-भाषा' नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश (जीआर) वापस लेने का निर्णय लिया है। त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। राज्य सरकार ने 16 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था। हालांकि, विरोध पर सरकार ने 17 जून को संशोधित आदेश जारी किया, जिसमें हिंदी को वैकल्पिक भाषा बनाया गया।

### हम हिंदी नहीं, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे थोपे जाने के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में विरोध-प्रदर्शन के बाद ठाकरे ने ये बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत शामिल हुए।

## सांस्कृतिक समर्पण



पुणे में रविवार को रथ यात्रा पर इस्कॉन के आयोजित जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालु विविध वेशभूषा में नजर आए। **एजेंसी**

# झारखंड में भारी बारिश, जलमग्न आवासीय विद्यालय से सुरक्षित निकाले गए 162 छात्र

**जमशेदपुर, एजेंसी**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश से जलमग्न हुए निजी विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित निकाला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश से पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे।

एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया, भारी बारिश से जलमग्न हुए आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस थे, जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर भेज दिया, जहां उन्होंने रात बिताई। सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया गया। अभियान में नौकाओं का प्रयोग हुआ। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एक मंजिला भवन जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। छात्रों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।



बारिश के बाद विद्यालय में पानी भरने के बाद बचाए गए छात्र।

# विधायक विजय प्रताप सिंह 5 साल के लिए आप से निलंबित

**चंडीगढ़।** आप ने रविवार को अमृतसर उत्तर के विधायक एवं पूर्व आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी पर सवाल उठाया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को निलंबित करने का फैसला आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं विधि कॉलेज, पुलिस से हुई तीखी बहस

## कानून की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार रविवार को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज में कानून की छात्रा से पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें ये जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता कहां है। वहीं कॉलेज में प्रवेश को लेकर उनकी पुलिस से बहस भी हुई।

उन्होंने कहा, आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। विधि कॉलेज पहुंचीं अर्चना से कॉलेज में प्रवेश को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एसीपी ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा, उनके साथ आए दो अन्य लोगों को मोबाइल नंबर नोट करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी गई। अंदर वीडियो या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं।

### असंवेदनशील टिप्पणी पर विधायक मित्रा को नोटिस

टीएमसी ने रविवार को पार्टी विधायक मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कहा कि कॉलेज में कानून की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में उनकी टिप्पणी अनुचित और असंवेदनशील है। पूर्व मंत्री मित्रा को लिखे पत्र में टीएमसी प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने उनसे पार्टी नियम तोड़ने का कारण पूछा है और तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा है।

# ईसी 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द करेगा अपलोड

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) जल्द 2003 की बिहार की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। ईसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 4.96 करोड़ मतदाताओं-जो कुल मतदाताओं का 60% और जो 2003 की सूची में शामिल थे, उन्हें जन्म से जुड़े दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## कारोबार/कृषि

# आईआईपी के आंकड़े पर बाजार की नजर

## अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। 1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। 3 जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी होंगे। प. एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2% चढ़ा। वहीं एनएसई का निफ्टी 525.4 अंक या 2% के लाभ में रहा।



- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की रहेगी निगाह

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र पास आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। बाजार भागीदार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ की पूंजी (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,34,565.53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। शीर्ष सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग (एससीएन) नोटिस मिला है।

टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन में केंद्रीय जीएसटी और उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा जीएसटी उससे क्यों नहीं मांगा जाए। रांची स्थित केंद्रीय कर आयुक्त (लेखा परीक्षा) कार्यालय से 27 जून को जारी नोटिस में कहा गया कि इनपुट कर क्रेडिट का लाभ केंद्रीय कर अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन करके लिया गया।

# कमोडिटी एक्सचेंज: निवेश का बेहतर मंच





कमोडिटी एक्सचेंज संगठित मंच है जहां विभिन्न वस्तुओं जैसे सोना, चांदी, तेल, गेहूं, कपास आदि की खरीद-बिक्री होती है। यह एक्सचेंज व्यापारियों और निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी वातावरण देता है, जहां वे फ्यूचर्स या वास्तविक वस्तुओं का व्यापार कर सकते हैं। इसके माध्यम से कीमतें वैश्विक मांग-आपूर्ति के अनुसार तय होती हैं। निवेशक यहां मूल्य अस्थिरता से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि इसमें लाभ के साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कि कीमतों में गिरावट, सही रणनीति के बिना निवेश आदि। इसलिए जानकारी से किया गया निवेश ही सुरक्षित होता है।

### क्या है एक्सचेंज

कमोडिटी एक्सचेंज एक ऐसा वित्तीय मंच है, जहां कृषि उत्पाद, धातुएं, ऊर्जा संसाधन आदि जैसी वस्तुओं का व्यापार तय मानकों और अनुबंधों के तहत किया जाता है। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) प्रमुख हैं। ये प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ते हैं और कीमतों में पारदर्शिता लाते हैं।

### निवेशकों को होने वाले फायदे

- **पारदर्शी मूल्य निर्धारण :** मांग-आपूर्ति पर कीमतें तय, धोखाधड़ी की संभावना कम।
- **हेजिंग :** किसान, व्यापारी और उद्योग अपनी कीमतों को भविष्य में लॉक कर सकते हैं।
- **लिक्विडिटी :** बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता, जिससे व्यापार करना आसान।
- **विविध निवेश :** निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो बनाने का मौका।

### निवेशक न लें जोखिम

- **अस्थिरता :** मौसम, राजनीतिक व वैश्विक घटनाओं से कीमतों में उतार-चढ़ाव।
- **जटिलता :** फ्यूचर्स और ऑप्शंस जैसे अनुबंधों को समझना निवेशकों के लिए कठिन।
- **लीवरेज का खतरा :** कम पूंजी से बड़ा सौदा करने पर घाटे का जोखिम बढ़ जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- निवेश से पहले वस्तु के बाजार की गहराई से समझ जरूरी है।
- एक्सचेंज द्वारा तय नियमों और नियामक संस्था की निगरानी से व्यापार सुरक्षित।
- लॉन्ग और शॉर्ट टर्म, दोनों के निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# अनुषंगी इकाइयों में निवेश का मौद्रीकरण करें बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीओ या विनिवेश के लिए 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा है कि वे परिचालन बढ़ाने के बाद अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश के मौद्रीकरण लिए उन्हें एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने पर विचार करें। इससे उन्हें अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल सकेगा।

सूत्रों ने कहा कि मध्यम से दीर्घावधि में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगभग 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार हैं। जहां भी आवश्यक हो बैंकों को अपनी अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यम के परिचालन को बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए और सही समय पर इस निवेश का मूल्य निकालने का प्रयास करना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मौद्रीकरण से पहले बैंकों को कामकाज के संचालन, पेशेवर निर्णय की प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इससे उनकी अनुषंगी कंपनियों की परिचालन दक्षता में सुधार होगा। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भविष्य में परिचालन बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। 24 फरवरी, 2009 को गठित एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त में 509 करोड़ का लाभ कमाया है।

एसबीआई की साधारण बीमा इकाई ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 10 रुपये मूल्य के 3,71,693 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एसबीआई जनरल में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.11से घटकर 68.99% रह गई है। एसबीआई पेमेंट का 74% स्वामित्व एसबीआई के पास है और बाकी हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।

# महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 12.5 किलो के सोने की ईट अपने भंडार में रखता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की अहमियत को समझते हुए 1991 के आर्थिक संकट के बाद से सोने का भंडार कई गुणा बढ़ाया है और वर्तमान में यह 870 टन है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को को लेकर जारी वृत्तचित्र में बताया कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से है। जहां अमेरिका में यह 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है।



- आरबीआई अपनी भूमिकाओं को लेकर जारी किया वृत्तचित्र
- केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार कई गुणा बढ़ाया, वर्तमान में 870 टन

आरबीआई अनलॉक्डः बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गई है। इसमें आरबीआई ने तिजोरी को दिखाया है। देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की ईंट के रूप में रखता है।

केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाए रहेगा। आरबीआई के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा।

वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र के अनुसार, आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था।

रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था।

**सूर्यकुमार यादव का यादगार कैच :** भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई।

**दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में चाहिए थे 16 रन :** दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई।

**विराट कोहली की शानदार पारी :** इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा। पंड्या ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ तीन अहम विकेट भी चटकाये।

रोहित ने कहा जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला। रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया।



टी20 विश्व कप-2024 की ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### मैं पूरी रात नहीं सो पाया

रोहित शर्मा ने कहा– मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा।

# पंत का पहला सवाल था क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगा

● दुर्घटना के बाद इलाज करने वाले आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया खुलासा

लंदन, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे।



यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया, जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए। वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली थे। उन्होंने कहा जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज़्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा, फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा।

## एक नजर

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी। सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग-अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉट आउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था।

### महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। पैंतीस वर्षीय महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की जिन्हें काइल वेरेने ने स्टंप किया। महाराज पूर्व ऑफ स्पिनर ह्यूग टेफील्ड के 170 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज के नाम अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हैं।

### रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता

**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं।

# टेस्ट क्रिकेट में बुमराह पर निर्भर है भारतीय टीम

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गल बल्लेबाज एलन लैम्ब भारतीय खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बोले



जसप्रीत बुमराह।

बर्मिंघम, एजेंसी : दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने पीटीआई से बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश :



**प्रश्न :** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?

**उत्तर:** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

**प्रश्न:** क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?

**उत्तर :** आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

**प्रश्न:** आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?

**उत्तर:** मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

**प्रश्न:** गावस्कर, सचिन या कोहली?

**उत्तर:** इसका जवाब मेरे लिए आसान है सचिन तेंदुलकर। मैं उनके खिलाफ तब खेला था जब वह 18 साल के थे। मैंने स्लिप में उनका कैच टपका दिया था और उन्होंने इसका फायदा उठाकर शतक ठोक दिया था। इसलिए मैं उनसे हमेशा कहता रहता हूं कि मैंने उनकी मदद की। कोहली शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास सभी तरह के शॉट हैं, वे तेज़ी से रन बना सकते हैं। लेकिन अगर आप उन खिलाड़ियों की बात करें जिनके खिलाफ मैं खेला हूं तो मैं सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। मैं उन्हें सुनील गावस्कर से भी आगे रखूंगा।

**प्रश्न:** आप विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान प्रारूप के प्रशंसक नहीं हैं। ऐसा क्यों?

**उत्तर:** आईसीसी को इस बारे में कुछ करना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों के लिए जो प्रारूप है, लोग निश्चित नहीं हैं कि इसमें क्या हो रहा है, क्योंकि यह दो वर्षों से चल रहा है। कुछ टीमें ऐसी हैं, जैसा कि सभी ने कहा, कि दक्षिण अफ्रीका ने इसलिए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उसने कमजोर टीमों का सामना किया था।

# टी20 में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

नॉटिंघम, एजेंसी

भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।

मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।


उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में भी शतक लगाए हैं, लेकिन यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं। मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा मैंने नहीं सोचा था कि मैं पहले मैच में ही शतक लगाने में सफल रहूंगी। मैं इससे पहले कुछ अवसरों पर यहां तक पहुंचने से चूक गई थी और मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं इसे हासिल करने में सफल रही। पिछले 10 वर्षों में 70 और 80 रन पर आउट होना निराशाजनक था।

● भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में शतक लगाकर फैंस का दिल जीत लिया



# चेल्सी व पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका) :** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया।



नीदरलैंड के ग्रैंड प्रिक्स में मोटो 3 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते हुए स्पेन के राइडर के जोस एंटोनियो। वह रेड बुल टीम के खिलाड़ी हैं। ● एजेंसी

# भारतीय शटलर तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

आयोवा (अमेरिका), एजेंसी

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी।

फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।



यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनाती हुईं तन्वी शर्मा। ● एजेंसी

# अल्काराज की लगातार तीसरे विंबलडन खिताब पर निगाहें

लंदन, एजेंसी

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विंबलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।

लगातार तीन विंबलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।



● स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ आज करेंगे अपने अभियान की शुरुआत

### रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

**लंदन :** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

## चुनाव से पहले पटना जाम



पटना के जेपी गंगा पथ पर रविवार को हजारों वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले यह जाम पटना में इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ वक्फ बचाओ रैली की वजह से लगा था। इस रैली में गठबंधन के कई दलों ने हिस्सा लिया। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ भी उमड़ी। एजेंसी

# मौत का सौदा भी हैं एंटी एजिंग दवाएं

दो दिन पहले 'कांटा लगा' फेम गर्ल शेफाली जरीवाला की सिर्फ 42 की उम्र में अचानक मौत के लिए एंटी एजिंग दवाओं को कारण माना जा रहा है। दरअसल, स्वास्थ्य से जुड़े कई जोखिमों के बावजूद सेलिब्रिटीज और संपन्न लोगों में एंटी एजिंग दवाओं का उपयोग बेहद आम हो चुका है। यही वजह है कि पूरी दुनिया के साथ भारत में भी एंटी एजिंग दवाओं और सप्लीमेंट्स का बाजार तेजी से उभर रहा है। एंटी-एजिंग दवाएं असल में ऐसी दवाएं, हार्मोन या सप्लीमेंट्स होते हैं जो उम्र के असर को धीमा करने, त्वचा को जवान बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक क्षमता को बनाए रखने का दावा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में एंटी-एजिंग और एस्थेटिक मेडिसिन से जुड़े कई क्लीनिक और हॉस्पिटल तेजी से बढ़े हैं जो आधुनिक तकनीकों के साथ हार्मोन थेरेपी, स्किन रीजुवेनेशन और एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स की सेवाएं प्रदान करते हैं।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

चूहों पर एंटी एजिंग दवाओं का प्रयोग कुछ हद तक सकारात्मक रहा है और उनकी उम्र लंबी हुई है। मानव पर इसका परीक्षण बेहद सीमित है, कोई निष्कर्ष भी सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं इस मामले में सावधानी अपनाने की सलाह देती हैं।



### मौत की घटनाएं

यूएस, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे कुछ देशों में मौत की घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। कुछ मामलों में दवाओं में अनएप्रूव्ड कंपाउंड्स पाए गए तो कुछ मौत इन दवाओं की ओवरडोज से हुई। भारत में इन दवाओं के दुष्प्रभावों की घटनाएं कम ही रिपोर्ट हुई हैं। हालांकि स्किन लिफ्ट या हार्मोनल थेरेपी के बाद एलर्जी और दिल के रोगों की शिकायतें दर्ज हुई हैं।

### दुनिया भर में जवां रहने की चाहत

एंटी एजिंग दवाओं का बाजार दुनिया भर में हैं। अमेरिका में ये दवाएं बेहद प्रचलित हैं जहां 40 पार के लोग आम तौर पर इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद को फिट दिखाना चाहते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश न सिर्फ एंटी एजिंग उत्पादों में अग्रणी हैं बल्कि यहां इन दवाओं की युवाओं तक में खपत है। यूरोप में उच्च आय वर्ग इन दवाओं का मुरीद है। भारत में यह बाजार मध्यम स्तर का है। एंटी एजिंग दवाओं की खपत शहरी क्षेत्रों में ही है और 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग के लोग इसके दायरे में हैं।

### 68 बिलियन डॉलर का बाजार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एंटी एजिंग दवाओं का बाजार फिलहाल 68 बिलियन डॉलर का है जिसके सन् 2029 तक 93 से 120 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में यह मार्केट अनुमानित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये का है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 9 से 11 प्रतिशत है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के मेट्रो शहरों में एंटी-एजिंग क्लीनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बायोटेक स्टार्टअप्स और हिमालया व पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक कंपनियां भी इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

### जोखिम उठाने को तैयार लोग

एंटी एजिंग दवाएं और हार्मोन का लंबी अवधि तक उपयोग खतरनाक हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह के लिए इनका उपयोग जोखिम और बढ़ा देता है। अपच, दिल की धड़कन अनियमित होना, चेहरे पर सूजन, हार्मोनल असंतुलन और विटामिन बी 12 की कमी इनके सामान्य जोखिम हैं लेकिन इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ना, संक्रमण का खतरा, कैंसर का जोखिम और दिल की बीमारियां इनके घातक दुष्परिणाम होते हैं। हालांकि लोग फिर भी ये जोखिम उठाते हैं।

## एक नजर

### इटली में तकनीकी खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कई शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुई। इसके कारण मिलान, बर्गामो, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गईं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। तकनीशियन अभी भी हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान: बम विस्फोट में दो की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबाड़ गोदाम में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रांत के निचले दीर जिले में शनिवार शाम कबाड़ गोदाम में पुराने विस्फोटकों से यह हादसा हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और पांच घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

### टेक्सास: सात वाहनों में टक्कर, पांच की जान गई

**ह्यूस्टन।** उत्तरी टेक्सास में टेरेल के पास सात वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यह दुर्घटनाएं तब हुई जब एक ट्रक-ट्रैक्टर चालक को नींद आ गई औरवह एक अन्य वाहन से टकरा गया, जिसमें पांच लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि ट्रक-ट्रैक्टर ने दो अन्य वाहनों से टकराने के बाद तीन अन्य कारों को भी टक्कर मार दी। टेरेल वालंटियर अग्निशमन विभाग ने कहा कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल बहुमत से पारित

## दो रिपब्लिक सांसदों ने डेमोक्रेट्स के साथ किया विरोध, ट्रंप ने बिल पास होने को बताया एक बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को 51-49 के बहुमत से पारित कर दिया है। इसे आगामी चार जुलाई की छुट्टी से पहले पारित होने पर एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

सीनेट में शनिवार देर रात 940 पन्नों का यह विशाल विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हो गया। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दो रिपब्लिक सांसदों ने आश्चर्यजनक रूप से डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस विधेयक का विरोध किया। मतदान के बाद अब इस कानून पर औपचारिक बहस शुरू हो गई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, फिजूलखर्ची को कम करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, सेना/सैन्यकर्मियों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने सदन और सीनेट रिपब्लिकन से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि यह निर्धारित चार जुलाई की समय सीमा तक उनके डेस्क पर हस्ताक्षर के लिए आ जाए। यह वही विवादास्पद विधेयक है, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच सार्वजनिक रूप से मतभेद पैदा हो गए थे। यह कानून ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थाई बना देगा, टिप्स और ओवरटाइम पर कर को समाप्त करेगा, सीमा सुरक्षा निधि को बढ़ावा देगा और बिडेन प्रशासन के दौरान पारित ग्रीन-एनर्जी टैक्स क्रेडिट को समाप्त कर देगा।

इस विधेयक का उद्देश्य ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाना, रक्षा और सीमा सुरक्षा पर खर्च को बढ़ावा देना और कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन में कटौती करना शामिल है। डेमोक्रेटिक सीनेट नेता चक शूमर ने इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने के लिए रिपब्लिकन की आलोचना की। प्रतिनिधि सभा ने मई में इस विधेयक के एक संस्करण को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यदि सीनेट इसे पारित कर देती है,तो अंतिम अनुमोदन के लिए यह बार फिर सदन में आएगा और अंत में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद यह बिल देश में लागू हो जाएगा।



### ट्रंप के नए आर्थिक एजेंडे का आधार है ये बिल

यह विधेयक ट्रंप के आर्थिक एजेंडे का आधार है, जिसका उद्देश्य कर कटौती को मजबूत करना और रक्षा तथा सीमा व्यय को बढ़ावा देना है। इसके पारित होने से अमेरिकी राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कर दरों और स्लैब को स्थायी बना दिया जाएगा। इसमें डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी वादों के अनुरूप कई अस्थायी कर छूटों की भी पेशकश की गई है, जैसे टिप्स, ओवरटाइम वेतन और कुछ मोटर वाहन ऋणों पर करों को समाप्त करना। इसके अतिरिक्त, 75,000 डॉलर या उससे कम वार्षिक आय वाले वृद्धों के लिए 6,000 डॉलर की नई कटौती शामिल है। इसमें पेंटागन के लिए जहाज निर्माण, युद्ध सामग्री प्रणालियों, तथा सैन्यकर्मियों के लिए जीवन की गुणवत्ता के उपायों के लिए अरबों डॉलर उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कानून बनने के बाद यह गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के विकास के लिए 25 अरब डॉलर उपलब्ध कराएगा। रक्षा विभाग के पास सीमा सुरक्षा के लिए 1 बिलियन डॉलर होंगे।

### मस्क ने फिर साधा ट्रंप पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां और उद्योग

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताई है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक राष्ट्रपति ट्रंप की कर योजना की एक बार फिर आलोचना करते हुए विधेयक को 'पूरी तरह से पागलपनपूर्ण और विनाशकारी' कहा। अरबपति उद्योगपति ने कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक "रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या" होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।



# रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला

- अलग-अलग इलाकों पर दागे 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें

**कीव, एजेंसी**

रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक, इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि यह हमला फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

सेना के मुताबिक, इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे। खेरसॉन क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चेर्कासी के गवर्नर इहोर टैबुरेट्स के अनुसार, चेर्कासी में एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। सुदूर पश्चिमी लविवि क्षेत्र के ड्रोहोबिच शहर में ड्रोन हमले के बाद एक औद्योगिक केंद्र में भीषण आग लग गई, जिससे शहर के कुछ हिस्सों की बिजली भी कट गई।

### यूक्रेन का एफ-16 विमान गिरा, पायलट की मौत

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि उसका एफ-16 युद्धक विमान दुश्मन के दागे गए ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराते समय क्षतिग्रस्त होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि विमान के पायलट की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन के तीन ड्रोन को मार गिराया। पश्चिमी रूस के ब्रायंस्क शहर पर यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में दो लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने रविवार सुबह बताया कि क्षेत्र में यूक्रेन के सात ड्रोन को मार गिराया गया।

# ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान

- राष्ट्रपति ने कहा, अगले सप्ताह हो सकता है युद्धविराम

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। उन्होंने एक ऐसे समझौते का आह्वान किया, जो 20 महीने से जारी युद्ध को रोक देगा।

इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को समझौते की उम्मीदें बढ़ाते हुए कहा था कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इस मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का कमांडर

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गए हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गई।

# अफगानिस्तान ने भारत के हमलों के लिए अपने क्षेत्र के इस्तेमाल का पाकिस्तानी दावा नकारा

- पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने लगाया था आरोप, अफगान सरकार ने बताया गलत

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ़ कार्रवाई करने के लिए भारत अफगानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है। टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने ज़ोर देकर कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ़ कोई कार्रवाई या अभियान चलाने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है। फितरत ने कहा, फिलहाल, किसी को कोई खतरा नहीं है और एक पक्ष को दूसरे के खिलाफ बढ़ावा दिए जाने संबंधी चिंताएं निराधार हैं। इस्लामिक अमीरात अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है और खासकर पड़ोसी देशों के खिलाफ़, असुरक्षा पैदा करने के लिए अफ़गान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देता है।

# अमेरिका में निर्वासन अभियान के तहत दशकों से रह रहे तमाम ईरानी नागरिक गिरफ्तार

- गृह मंत्रालय ने साफ नहीं की कुल गिरफ्तारियों की संख्या, अभी और लोगों के पकड़े जाने की आशंका

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका में दशकों से रह रहे कई ईरानी नागरिकों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े आव्रजन नीति के तहत गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के गृह विभाग ने यह नहीं बताया कि उन्होंने ऐसे कितने ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है लेकिन ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद आशंका है कि इस तरह की और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

मंडोना 'डोना' काशानियन अमेरिका में पिछले 47 साल से रह रही थीं और उन्होंने एक अमेरिकी नागरिक से शादी की थी, जिनकी एक बेटी भी है। उनके परिवार ने बताया कि काशानियन न्यू ऑरलियंस स्थित अपने घर के आंगन में बागवानी कर रही थीं, तभी अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी उन्हें हथकड़ी लगाकर अपने साथ ले गए। काशानियन छात्र वीजा पर 1978 में अमेरिका आई थीं और उन्होंने यहा शरण के लिए आवेदन किया था। उनके पति और बेटी ने कहा कि उन्हें नियमित रूप से आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश होने की शर्त पर अपने पति और बच्चे के साथ रहने की अनुमति दी गई थी।

परिवार ने बताया कि काशानियन ने नियमित रूप से इन नियमों का पालन किया और चक्रवाती तूफान कटरीना के दौरान भी वह साउथ कैरोलाइना में आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश हुई थीं। परिवार ने बताया कि अब काशानियन को बेसिल में आव्रजन निरुद्ध केंद्र में रखा गया है और उनके परिवार के सदस्य उनके बारे में सूचना पाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में दशकों तक रहने के बाद अन्य ईरानी भी आव्रजन अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

### एविन जेल पर इजराइली हमले में मारे गए थे 71 लोग

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका ने रविवार को कहा कि तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर गत सोमवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'मिजान' की वेबसाइट पर रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं। हालांकि उन्होंने इनकी अलग-अलग संख्या नहीं बताई। न्यायपालिका के इस दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती। इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम प्रभावी होने से एक दिन पहले 23 जून को हुए हमले में जेल की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जहांगीर ने बताया कि घायलों में से कुछ का मौके पर ही इलाज किया गया, जबकि अन्य को अस्पताल ले जाया गया।

# विमान हादसा: आखिरी मृतक का किया गया अंतिम संस्कार



- डीएनए जांच के जरिए की गई थी पहचान, दो बार की गई थी जांच

**भुज, एजेंसी**

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए भयावह विमान हादसे में जान गंवाने वाले अनिल खिमानी की डीएनए जांच के जरिए पहचान होने के बाद कच्छ जिले में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अनिल, विमान हादसे के बाद डीएनए जांच से पहचान किए जाने वाले अंतिम मृतक थे।

दो सप्ताह के इंतजार और परेशानी के बाद परिवार को राहत मिली। इस दौरान परिवार को दो बार नमूने जमा करने पड़े। पेशे से राजमिस्त्री और दो नाबालिग बेटियों के पिता 35 वर्षीय अनिल अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए एअर इंडिया की उड़ान संख्या 171 से लंदन जा रहे थे। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान मेघाणीनगर में मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

अनिल के पिता लालजीभाई को शुक्रवार शाम को अहमदाबाद सिविल अस्पताल से फोन आया और उन्हें अनिल के शव की पहचान होने की जानकारी दी गयी। अस्पताल डीएनए जांच और पहचान प्रक्रिया की जिम्मेदारी निभा रहा है। लालजीभाई ने कहा, हम शव को पैतृक गांव दहिसरा (भुज शहर के पास) ले आए और शनिवार को अपने सभी रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया।

# जापान ने एच2ए रॉकेट का अंतिम बार किया प्रक्षेपण

**टोक्यो।** जापान के एच2ए रॉकेट का 50वां और अंतिम सफल प्रक्षेपण आज तड़के किया गया, जिससे इसकी 20 साल से अधिक की सेवा प्रदाता यात्रा समाप्त हो गई। यह प्रक्षेपण कागोशिमा प्रांत के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से निर्धारित समय पर किया गया।

अंतिम मिशन में 'इबुकी-जीडब्ल्यू' सैटेलाइट भेजा गया जिसे जापान के पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय पर्यावरण अध्ययन संस्थान और अंतरिक्ष एजेंसी ने मिलकर विकसित किया है। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष से ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी करेगा। उल्लेखनीय है कि 2001 की शुरुआत के बाद से एच2ए रॉकेट ने जापान की अंतरिक्ष और वैज्ञानिक प्रगति में अहम भूमिका निभायी और तथा अनेक उपग्रह को कक्षाओं में भेजा।

## चिंताजनक


### एचपीवी संक्रमण बन रहा है सर्वाइकल, ओरल और ऑरोफरीजियल कैंसर की वजह

# मस्सों के संक्रमण से भारतीय युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के केस

- दशकों में विकसित होने वाले दूसरे कैंसरों के उलट चुपचाप और तेजी से बढ़ता है ये कैंसर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल कदम न उठाने पर भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा।



नई दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और जागरूकता से पूरी तरह टाला जा सकता था। डॉ. गुप्ता ने कहा, सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, लेकिन लोगों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है। दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी संबंधी कैंसर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच से रोकथाम को किसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान तत्परता से लिया जाना चाहिए।

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम गर्ग ने कहा, एचपीवी संबंधी कैंसर के लक्षण शुरू में बहुत अधिक नहीं दिखते, इसलिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। बिना किसी लक्षण वाली कम उम्र की महिला के गर्भाशय ग्रीवा में पहले से ही कैंसर की कोशिकाएं मौजूद रह सकती हैं। इसी तरह, पुरुषों में मुख के एचपीवी संक्रमण पर अक्सर तब तक किसी का ध्यान नहीं जाता जब तक कि वे पूर्ण विकसित ट्यूमर के रूप में सामने नहीं आते। शिक्षा, टीकाकरण और नियमित जांच के बिना हम रोकथाम योग्य कैंसर को अनियंत्रित रूप से फैलने दे रहे हैं। वर्तमान में भारत में किशोरों के लिए कोई राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम नहीं है, हालांकि टीके स्वीकृत हैं और निजी संस्थानों में उपलब्ध हैं।

### त्वचा से त्वचा के संपर्क में आकर फैलता है ये वायरस

डॉ. गुप्ता ने कहा, यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है। शरीर स्वत: अधिकतर एचपीवी संक्रमणों को साफ कर देता है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले स्ट्रेन बने रह सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में, यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, जबकि पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से यह अब मुख, गुदा और गले के कैंसर से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञ भारत में एचपीवी से संबंधी चर्चाओं को लेकर जागरूकता की कमी और सामाजिक लोक लाज को लेकर अधिक चिंतित हैं।